आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 17°C |

इनसाइड न्यूज

एक्सप्रेस वे पर नहीं बिक सकेगी शराब : सीएम योगी

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 03 मार्च, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 140 | www.janexpresslive.com/epaper



पुलिस बोली, पॉक्सो कानून के तहत... 12

## पुलिस की नाकामी पर चला न्यायालय का हंटर, पूर्व आईएएस अधिकारी सहित पांच अन्य पर दर्ज हुआ मुकदमा

# अयोध्या प्रसाद के बेटे हरिनाम की अर्जी पर न्यायालय ने दिया था आदेश

## जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से उठाया था मामला!

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बहुचर्चित किसान अयोध्या प्रसाद की जमीन के नाम पर 87 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला फिर से सुर्खियों में तब आ गया, जब बीते 28 फरवरी को न्यायालय के आदेश पर नगराम थाने में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक चंद्रा समेत पांच अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि अब तक बड़े अधिकारियों और रसूखदारों के दबाव में जहां किसान को ही दोषी मानकर नगराम पुलिस द्वारा अशोक चंद्रा की तहरीर पर किसानों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी किसानों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाकर साहबों की वाहवाही लूटी गई, वहीं जमानत पर रिहा हुए किसान अयोध्या प्रसाद के बेटे हरिनाम ने न्यायालय की शरण ली और अंततः न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज होने के बाद कई जालसाजों के पैरों तले जमीन खिसक गई। नगराम के करोरा गांव निवासी हरिनाम के अनुसार, उनके पिता अयोध्या प्रसाद ने 2015 में चार बिस्वा जमीन बेचने के लिए सहन खेड़ा निवासी मिश्रीलाल से बात की थी। मिश्रीलाल ने बताया कि यह जमीन चमनलाल खरीदेंगे। सौदा तय होने के बाद जब हरिनाम और उनके पिता मोहनलालगंज तहसील में रजिस्ट्री कराने पहुंचे तो मिश्रीलाल का साथी दुर्गा प्रसाद वहां मौजूद था। आरोप है कि मिश्रीलाल के वकील ने उनके पिता से बिना पढ़े ही रजिस्ट्री के कागजों पर अंगूठा लगवा लिया। बाद में पता चला कि रजिस्ट्री चमनलाल के नाम पर न होकर किसी और को कर दी गई थी। इसके बाद मिश्रीलाल और शैलेंद्र उन्हें कलेक्ट्रेट ले गए और औपचारिकताओं के नाम पर सादे कागजों पर भी अंगूठा लगवा लिया। यहां तक कि उनके चाचा से भी दस्तावेजों पर अंगूठा लगवा लिया गया।



### पुलिस की एक तरफा कार्यवाही का दंश झेल रहा किसान का परिवार

पूर्व में हुई जांच में थानाध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी व तत्कालीन जांच अधिकारी चंद्रभानु वर्मा की भूमिका पर भी सवाल उठ चुके हैं। जानकारों की मानें तो किसान पर दर्ज किए गए मुकदमे में पुलिस ने अशोक चंद्रा के रसूख के आगे घुटने टेक दिए थे, जिसका दंश आज भी किसान का परिवार झेल रहा है और अयोध्या प्रसाद अपने भाई रंजीत के साथ आज भी जेल की सलाखों में कैद हैं।

### जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से उठाया था मामला!

उक्त प्रकरण में नगराम पुलिस द्वारा किसानों से अशोक चंद्रा के नाम जबरन रजिस्ट्री कराने के लिए ले जाए जाने के बाद मामला मीडिया की सुर्खियों में आया और फिर जन एक्सप्रेस ने एक एक कर परत दर परत पुलिस और जालसाजों के काले कारनामे उजागर किए। खबर का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने मामले को व्यक्तिगत निगरानी में रखने की बात भी कही थी।


सवालों के कटघरे में लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस! ...तो कैसे होगी निष्पक्ष जांच?

...तो मोहनलालगंज एसीपी ने किसानों की जमीन फ्री में लिखवाने का 10 लाख रू0 में लिया ठेका?

वन भूमि में चिड़ियाघर या सफारी के लिए मंजूरी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट


साहब मेरे बेटे को छोड़ दो, हम सारी जमीन लिख देंगे...!

नगराम थाने में हुई बेटे की पिटाई से कराह उठी बेबस किसान पिता की आत्मा, जमीन की रजिस्ट्री कराने किसान को लेकर तहसील पहुंची नगराम की पुलिस

गलत गाटे की भूमि की बिक्री की जानकारी होने पर पलटा करने के नाम पर किसान से फिर हुई धोखाधड़ी

नगराम थाने की पुलिस हिरासत में बिताए दो दिन, बेटा अभी भी लापता

नगराम पुलिस पर पूर्व में रहे किसी बड़े अधिकारी का दबाव


सबके साथ होगा न्याय : शशांक सिंह

तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी शशांक सिंह एडीसीपी दक्षिण जोन ने दिलाया भरोसा, बोले, प्रतिवादी भी रखें अपनी बात होगी निष्पक्ष जांच

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय


किसान और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को निशाना बनाने वाले गिरोह का सरगना

चमनलाल दिवाकर पुलिस की गिरफ्त से दूर

करोड़ों के फ्राड का मास्टर माइंड मिश्रीलाल और शिवम भास्कर तक नहीं पहुंच पा रही नगराम पुलिस

जन एक्सप्रेस फॉलो अप विश्वामित्र पांडेय

डॉ0 अशोक चंद्रा की शिकायत के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी

### कैसे पड़ी फर्जीवाड़े की नींव?

हरिनाम के अनुसार वर्ष 2022 में उन्हें पता चला कि शाइन सिटी के लोगों ने तय जमीन के बदले उनके पिता से चकमार्ग से सटी हुई दस बिस्वा जमीन अपने नाम करा ली। जब उन्होंने विरोध किया तो मिश्रीलाल ने रजिस्ट्री की अदला-बदली कराने का आश्वासन दिया। बाद में आरोपियों ने हरिनाम के पिता की जगह किसी और व्यक्ति को खड़ा कर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक चंद्रा को जमीन बेच दी और उनसे 87 लाख रुपये भी वसूल लिए। हालांकि रुपयों को लेकर आई ए एस अधिकारी अशोक चंद्रा व पुलिस की थ्योरी और चंद्रा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में काफी विरोधाभास रहा।

### किन किन के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा?

नगराम थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार डॉ. अशोक चंद्रा सेवानिवृत्त आई ए एस, रिशू सिंह (डुप्लीकेट अयोध्या प्रसाद), शिवम भास्कर, शैलेंद्र सिंह, दुर्गा प्रसाद और मिश्रीलाल के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की 419, 420, 467, 468, 471 व 342 जैसी गंभीर धाराओं में नगराम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आईएएस अधिकारी पर क्या है आरोप?

आरोप है कि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक चंद्रा भी इस साजिश में शामिल थे और उन्हें इस फर्जीवाड़े की पूरी जानकारी थी। हालांकि, डॉ. अशोक चंद्रा का कहना है कि उन्हें जमीन मिली ही नहीं, बल्कि आरोपियों ने उनसे भी 87 लाख रुपये ठग लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नगराम पुलिस की भूमिका की हो जांच!

फिलहाल लोगों का मानना है कि अब तक किसानों के मामले में की गई कार्यवाही में नगराम थाने के थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी व तत्कालीन जांच अधिकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रभानु वर्मा की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। जिससे कि मामले को और पारदर्शी बनाया जा सके और किसानों को न्याय मिल सके।

# मायावती ने भतीजे आकाश से दूसरी बार उत्तराधिकार छीना

## राष्ट्रीय महासचिव पद से भी हटाया, कहा, जीते-जी अपना उत्तराधिकारी नहीं बनाऊंगी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद से सभी जिम्मेदारियां छीन ली हैं। एक साल में दूसरी बार आकाश आनंद को उत्तराधिकारी और नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उन्होंने कहा- जीते जी किसी को भी अपना उत्तराधिकारी घोषित नहीं करूंगी। मायावती ने यह ऐलान रविवार को लखनऊ में बसपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में किया। मायावती ने दो नए नेशनल को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। आकाश के पिता आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में बसपा के कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। आकाश आनंद मीटिंग में नहीं पहुंचे थे। पहले मंच पर दो कुर्सियां लगाई गई थीं, लेकिन बाद में एक कुर्सी हटा ली गई। मंच पर अकेले मायावती ही बैठी रहीं।

### कार्रवाई के लिए ससुर का बताया जिम्मेदार

बसपा प्रमुख मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के पदों से मुक्त करते समय कहा कि इसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूरी तरह उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैंद्ध जिन्होंने आकाश आनंद के राजनीतिक करियर को भी खराब कर दिया है। अब आकाश के स्थान पर पूर्व की तरह आनंद कुमार ही पार्टी कार्य करते रहेंगे। मायावती ने दोहराया है कि उनके लिए पार्टी और मूवमेंट पहले है। भाई-बहन अन्य रिश्ते-नाते सभी बाद में हैं।

### आकाश को कब-कब जिम्मेदारियां सौंपीं और हटाया

बसपा ने 10 दिसंबर, 2023 को यूपी-उत्तराखंड के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें मायावती ने अपने सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित किया था। पार्टी की विरासत और राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने भतीजे पर विश्वास जताया था। हालांकि 7 मई, 2024 को आकाश की गलतबयानी की वजह से मायावती ने उनसे सभी जिम्मेदारियां छीन ली थीं। आकाश को अपने उत्तराधिकारी पद के साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। मायावती ने कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व (इमेच्योर) हैं। हालांकि 47 दिन बाद मायावती ने अपना फैसला पलट दिया था। 23 जून 2024 को उन्होंने भतीजे आकाश को फिर से अपना उत्तराधिकारी बनाया और नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी थी। अब फिर मायावती ने आकाश आनंद से सारी जिम्मेदारियां छीन ली हैं।

### आकाश ने 2017 में राजनीति में की थी एंट्री

आकाश आनंद पहली बार 2017 में सहारनपुर की एक जनसभा में मायावती के साथ दिखे थे। इसके बाद वह लगातार पार्टी का काम कर रहे थे। 2019 में उन्हें नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया। यह फैसला तब लिया गया जब सपा और बसपा का गठबंधन लोकसभा चुनाव के बाद टूटा। 2022 के हिमाचल विधानसभा चुनाव में पहली बार आकाश आनंद का नाम स्टार प्रचारकों की लिस्ट में आया था। आकाश ने लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। आकाश की शादी बसपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ की बेटी डॉ. प्रज्ञा से हुई है।

### 206 से 1 विधानसभा सीट पर सिमटी बसपा

2007 में 206 विधानसभा सीटें जीतने वाली बसपा की अब हालत ये है कि विधानसभा में सिर्फ एक विधायक है। 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 15.2 करोड़ वोटर में से 12.9 फीसदी वोट बसपा को मिला। उसे कुल एक करोड़ 18 लाख 73 हजार 137 वोट मिले थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा की स्थिति नहीं सुधरी। 2019 के लोकसभा में 10 सीटें जीतने वाली बसपा इस बार खाता भी नहीं खोल पाई। उसका वोट प्रतिशत 2019 में 19.43 प्रतिशत से गिरकर 9.35 प्रतिशत रह गया। ये विधानसभा चुनाव से भी लगभग 3 प्रतिशत कम था।

## लो0 ज0 पा0 प्रबुद्ध प्रकोष्ठ उ0प्र0 (मध्य) के प्रदेश अध्यक्ष बने अनिल कुमार त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व के. के.सी. छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अनिल कुमार त्रिपाठी को लोकजनशक्ति पार्टी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का उ0प्र0 (मध्य) का प्रदेश अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोनीत किया गया। इस मौके पर पार्टी के उ0 प्र0 (मध्य) के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द पासवान ने अनिल कुमार त्रिपाठी पर विश्वास जताते हुए कहा कि श्री त्रिपाठी लो. ज. पा. (रामविलास) की नीतियों के साथ समाज के हर वर्ग व समुदाय को पार्टी से जोड़ते हुए पार्टी को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। वहीं अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व व केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसके लिए पूरी निष्ठा से प्रयासरत रहूंगा और पार्टी की नीतियों के साथ जनता के बीच पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर आगे बढ़ूंगा। उन्होंने आगे कहाकि आगामी चुनाव में एनडीए की मजबूती के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के कंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव संघर्षरत रहूंगा। बताते चलें कि श्री त्रिपाठी का राजनैतिक सफर छात्र राजनीति से प्रारंभ होकर मुख्य धारा की राजनीति तक पहुंचा है। वहीं मिल्कीपुर के हालिया उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और भाजपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई।



# मथुरा के दलितकांड पर छलका 'बाबा' का दर्द

- कहा, जातिगत राजनीति होने तक होते रहेंगे दलितों पर अत्याचार
- समाजवाद की गलत परिभाषा गढ़ रही है समाजवादी पार्टी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा के दिग्गज नेता रहे बदलापुर के पूर्व विधायक ओम प्रकाश बाबा दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मथुरा में दलित बहनों की शादी में विघ्न डालने के लिए जातिगत राजनीति को जिम्मेदार माना। बाबा ने कहा कि जब तक जातिवाद की जड़े नहीं काटी जाएंगी ऐसे अत्याचार रुकने वाले नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि सपा इन दिनों समाजवाद की गलत परिभाषा गढ़ रही है।



### यूजर्स ने किए सकारात्मक कमेंट्स

ओम प्रकाश बाबा दुबे की पोस्ट पर सैकड़ों सोशल मीडिया यूजर्स ने अपने कमेंट्स किए हैं। जिसमें ज्यादातर यूजर्स ने बाबा की बात पर सहमति जताई है और जातिगत राजनीति पर करारा प्रहार किया है। हालांकि एक यूजर्स ने दलितों के भूमिहीने होने की बात कहते हुए बाबा से सवाल किया कि ब्राह्मणों पर 20 से 30 बीघा भूमि है। इस बात को लेकर भी बाबा से चिंता जाहिर करने को कहा है।

### सपा पर साधा निशाना

बाबा ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका मानना कि जातिगत राजनीति कभी भी देशहित में नहीं हो सकतीद्य देश की तरक़्क़ी में सबका योगदान है। वर्तमान समाजवादी पार्टी समाजवाद की ग़लत परिभाषा गढ़ रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि पं. चंद्रशेखर आजाद, डॉ. राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, नरेंद्र देव, मधु लिमये, पं. जनेश्वर मिश्र, अमर सिंह, पं. ब्रजभूषण तिवारी, माता प्रसाद पांडेय जैसे नेताओं ने किन दलित पिछड़ों पर अत्याचार किया। मगर समाजवाद की बात करने वाले आज अपने रास्ते से भटक गए हैं।

### 2024 में तोड़ा था सपा से नाता

पूर्वांचल के नेता ओम प्रकाश बाबा दुबे ने समाजवादी पार्टी से साल 2024 में नाता तोड़ लिया था। लोक सभा चुनाव के दौरान बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर से सपा ने इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बनाया था। जिसके बाद बाबा ने कहा था कि राजनीतिक सिद्धांतों और शुचिता के उल्लंघन के चलते उन्होंने सपा का साथ तोड़ा। उन्होंने कि साल 2009 में भी बसपा को भी इन्हीं कारणों के चलते छोड़ा था।

## यूपी में अब दलितों की बरात भी नहीं रही सुरक्षित, बढ़ गए हैं अत्याचार : सांसद चंद्रशेखर

जन एक्सप्रेस। बिजनौर

नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों की बरात अब सुरक्षित नहीं रही है। एक समाज विशेष द्वारा जानबूझकर दलितों के मान सम्मान पर हमला बोला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है। नगीना सांसद ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से वार्ता कर निदान कराने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार दलितों पर अत्याचार पर चुप्पी साधे बैठी है। मथुरा में दो बेटियों के अपमान पर योगी सरकार मात्र एक लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा करती है। पिछले कुछ दिनों में जितनी भी घटनाएं हुई हैं। उनसे वह बहुत दुखी हैं। भारत का संविधान हर व्यक्ति को आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। आज दलित, पीड़ितों को ही पीटा जा रहा है। न्याय के लिए कोई आवाज उठाता है तो उसकी आवाज बंद करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि चार मार्च को उड़ीसा के भुवनेश्वर और नौ मार्च को बिहार में रैली है।

# रेस्क्यू अभियान पूरा, लापता चारों श्रमिकों के शव मिले, आठ हुई मृतकों की संख्या

जन एक्सप्रेस। चमोली

चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ लिया गया है, जिसमें से 46 सुरक्षित हैं, जबकि आठ की मौत हो गई। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे। वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल श्रमिक शनिवार को रेफर किया गया था। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा रेस्क्यू अभियान भी समाप्त हो गया। बता दें कि माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसके चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया। दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई। अंतिम व्यक्ति का शव मिलने के साथ ही रेस्क्यू अभियान भी समाप्त कर दिया गया।

### मृतकों का विवरण

- अनिल कुमार (21) पुत्र ईश्वरी दत्त, ठाकुर नगर रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड।
- अशोक (28) पुत्र रामपाल, गंगहोल बेनाऊ फतेहपुर उत्तर प्रदेश।
- हरमेश (31) पुत्र ज्ञानचंद्र, कुठार ऊना हिमाचल प्रदेश।
- मोहिंदर पाल (42) पुत्र देशराज, हिमाचल।
- आलोक यादव, निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश।
- मंजीत यादव, पुत्र शंभू, निवासी सरवान उत्तर प्रदेश
- जितेंद्र सिंह, (26) पुत्र कुलवंत सिंह, बिलासपुर उत्तर प्रदेश।
- अरविंद कुमार सिंह (43), पुत्र देवेंद्र कुमार, निवासी गोकुल धाम भगत निवास, न्यू कालोनी क्लेमेंटाउन देहरादून।

"हिमस्खलन की चपेट में 54 लोग आए थे, 46 को सुरक्षित निकाल लिया गया। आईटीबीपी और सेना से मिली जानकारी के अनुसार जो अंतिम व्यक्ति लापता था उसका शव भी बरामद हो गया है। हादसे में कुल आठ लोगों की जान गई है। सात शव आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ पहुंच गए हैं, एक शव अभी माणा क्षेत्र में है, उसे भी हेलीकॉप्टर से लाने की कार्रवाई की जा रही है।

– संदीप तिवारी
जिलाधिकारी चमोली।

### ज्योतिर्मठ सेना अस्पताल में भर्ती हैं घायल

माणा से सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ज्योतिर्मठ स्थिति सेना के अस्पताल में लाया गया है। सबसे बाद में मिले शव को भी लाने का प्रयास किया जा रहा है। स रेस्क्यू अभियान में सेना के सात और एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। जिनसे श्रमिकों को माणा से ज्योतिर्मठ लाया गया।

# चित्रकूट में टायर फटने से पलटी टूरिस्ट बस, संगम जा रहे दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



चित्रकूट में मंदाकिनी स्नान कर प्रयागराज संगम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट बस का अगला टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी ने घायलों का हालचाल लिया है। घायल श्रद्धालुओं का इलाज कराया जा रहा है।

मंदाकिनी स्नान कर प्रयागराज संगम जा रहे श्रद्धालुओं की टूरिस्ट बस का अगला टायर फटने से झांसी-मीरजापुर हाईवे पर थाना रैपुरा के ओबरी बरेठी मोड़ के पास रविवार को दोपहर करीब 12 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मंच गई। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने सभी यात्रियों को किसी तरह बस से सुरक्षित निकाला। जिसमें दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हैं। 25 को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया गया है। हालांकि कुछ और श्रद्धालु को मामूली चोट आई है। बस में सवार सभी श्रद्धालु प्रांत झारखंड जिला देवघर थाना सारवां के हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेशचंद्र निगम और उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने यात्रियों का हालचाल लिया है। 70 वर्षीय निरंजन, 62 वर्षीय अरुणा देवी, 55 वर्षीय अरुण प्रसाद, 40 वर्षीय कांति देवी, 60 वर्षीय जानकी देवी, 55 वर्षीय रवी पोद्दार, 60 वर्षीय मंजू देवी, 60 वर्षीय विद्या देवी, 46 वर्षीय पुष्पा देवी, 50 वर्षीय लीला चौधरी, 50 वर्षीय तारा देवी, 55 वर्षीय बच्ची देवी, 58 वर्षीय सच्चिदानंद, 52 वर्षीय फूलमती, 43 वर्षीय कार्तिक मिश्रा, 50 वर्षीय कौशिल्या देवी, 50 वर्षीय पार्वती देवी, 56 वर्षीय सोनिया देवी, 46 वर्षीय मुन्नी देवी, 72 वर्षीय मोहन आनंद झा, 55 वर्षीय अनीता देवी, 58 वर्षीय पीरुचंद्र, 48 वर्षीय अरविंद कुमार, 55 वर्षीय शंभू प्रसाद, 46 वर्षीय रानी देवी और 48 वर्षीय प्रमिला देवी सहित 25 श्रद्धालुओं को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। सीएचसी प्रभारी डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि फ्रैक्चर की संभावना पर पांच श्रद्धालुओं का एक्सरे भी किया गया है। जिसमें दो के मामूली फ्रैक्चर पाया गया है। सभी का समुचित इलाज किया जा रहा है। जानकी देवी के जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# संगम जा रही पिकअप और बोलेरो में भिड़ंत, मां-बेटा समेत तीन की मौत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चित्रकूट में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। हादसा चित्रकूट स्टेट हाईवे पर हुआ जब एक बोलेरो और एक पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों में एक पति-पत्नी और बेटा शामिल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चित्रकूट में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। सीमा से सटे मध्य प्रदेश जिला सतना में चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बोलेरो और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग घायल हैं।

सभी लोग प्रयागराज संगम में गंगा स्नान के लिए गए थे। वहां से चित्रकूट दर्शन कर घर लौट रहे थे। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगंवा व जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच-पड़ताल की जा रही है। थाना मझगंवा क्षेत्र बड़े हनुमान जी मंदिर के पास शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे यह दर्दनाक हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, बोलेरो में सवार सभी यात्री दमोह के निवासी हैं, जो प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट होते हुए वापस लौट रहे थे। उनके बोलेरो की भिड़ंत पिकअप से हो गई।

पिकअप पलटने से सवार मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जिसको पुलिस ने जेसीबी की मदद से करीब दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

इस मामले में थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि मृतकों की पहचान 52 वर्षीय महेंद्र पटेल, 31 वर्षीय मनीषा पटेल और उसके बेटे 11 वर्षीय जितेंद्र पटेल के रूप में हुई है। टक्कर के बाद वाहनों के परखच्चे भी उड़ गए हैं।

पुलिस ने रात में ही जेसीबी बुलाकर रास्ता साफ कराया। पिकअप वाहन चालक जितेंद्र पटेल ने बताया कि वह परिवार लेकर जबलपुर से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। पिकअप में सब्जी भी लदी थी। अंधेरा होने के कारण कुछ दिखा नहीं और बोलेरो से भिड़ंत हो गई। बताया कि हादसे में बोलेरो में सवार 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि शनिवार देर रात एक हादसा फिरोजाबाद में भी हुआ था। थाना मक्खनपुर के गांव घुनपई के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया।बता दें कि शनिवार देर रात एक हादसा फिरोजाबाद में भी हुआ था।

थाना मक्खनपुर के गांव घुनपई के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया। बाइक सवार तीन दोस्तों की मृत्यु हो गई। मध्य प्रदेश के सिमरिया नरवर निवासी 22 वर्षीय सचिन, घाटीगांव बनवारी निवासी 21 वर्षीय भूपेंद्र और डबरा आरुषि गांव निवासी प्रमोद रावत रात 12:45 बजे बाइक से मथुरा से इटावा के जसवंत नगर जा रहे थे। इस दौरान गांव घुनपई के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोगों की मृत्यु हो गई। तीनों दोस्त जसवंत नगर स्थित कॉलेज में परीक्षा देने जा रहे थे।

# चोरी के माल के साथ पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर, एसपी ने किया खुलासा

जन एक्सप्रेस। उरई



कदौरा थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से नगदी के अलावा चोरी के वाहन बरामद किए गए।मामले का खुलासा एसपी ने किया।

एसपी डॉ.दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते हुए बताया कि 26 जनवरी को कदौरा कस्बा निवासी ब्रह्म कुमारी शिवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि चोरों ने आश्रम में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उन्होंने कदौरा पुलिस को खुलासे के लिए लगाया था। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शहादतपुर गांव से आगे पीली कोठी बंबा के पास से शातिर चोर कदौरा थाना क्षेत्र के छोटी भेड़ी गांव निवासी बैनी प्रसाद कुशवाहा को पकड़ लिया। उसके पास से एक चोरी की टीवीएस मोपेड, एक ट्रैक्टर व आश्रम से चोरी किए गए एक चांदी का ग्लास, दो कटोरी, एक चम्मच, दो जोड़ी पायल, बच्चों की हाय, कंगन, दो लाख 75 हजार पांच सौ रुपये बरामद किए। पूछताछ में उसने बताया कि सवा महीनें पहले कदौरा के कंजड़ डेरा के पीछे आश्रम से रुपये व बर्तन चोरी किए थे। चालीस दिन पहले भोगनीपुर से आगे एक भट्टे से उसने ट्रैक्टर चोरी किया था। जिसे वह हमीरपुर आदि स्थानों पर चलाता रहा। इसके बाद वह ट्रैक्टर शहादतपुर रोगी गांव के आगे मजार वाली रास्ता में खड़ा करके उसकी बैटरी निकालकर हमीरपुर भाग गया था। जहां उसने बैटरी बेंच दी थी। 27 फरवरी को प्रयागराज कुंभ मेले से मोपेड चोरी कर वह भाग आया था। उसे बेचने के लिए जा रहा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। फिलहाल पकड़े गए शातिर चोर के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया गया है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। जालौन

महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसका वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थी। उसके सामने ही औरेखी गांव निवासी पुष्पेंद्र उर्फ पप्पू रहता था। लगभग दो वर्ष पूर्व पुष्पेंद्र उसके घर में घस आया और कोल्डड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर न सिर्फ उसके साथ दुष्कर्म किया बल्कि उसका वीडियो भी बना लिया। कुछ दिनों बाद उसने रुपयों की मांग शुरू कर दी। रुपये न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। रविवार की सुबह कोतवाल अजीत सिंह को सूचना मिली कि आरोपी कहीं बाहर भागने की फिराक में छहपुला के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह समेत पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेजा गया।

# मुख्य बाजार के मार्ग में जगह-जगह बैरीकेट कर कराए जा रहे मरम्मत कार्य से लोगों का गुजरना हुआ दूभर

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर के मुख्य बाजार में मरम्मत का कार्य दिन में कराए जाने के कारण दिन भर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे लोगों को बड़ी परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

विदित हो कि एक वर्ष पहले मुख्य बाजार की सड़क फुलपावर चौराहे से अमलतास तिराहे तक पौने दो किमी. लंबी नई सीसी युक्त सड़क बनाई गई थी। लेकिन एक साल से पहले ही सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए। इसकी शिकायत उच्च स्तर पर पहुंची तो ठेकेदार कंपनी का भुगतान रुक गया। विभाग के निर्देश पर ठेकेदार कंपनी की तरफ से गड्ढे की भराई का काम फिर से शुरू किया गया है। विभाग के निर्देश पर ठेकेदार कंपनी की तरफ से गड्ढे की भराई का काम फिर से शुरू किया गया है।फुलपावर चौराहे आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सामने से लेकर डाकघर तक एक साइड की बैरीकेटिंग कर दी गई है। इसी जगह आर्य कन्या इंटर कॉलेज, दयानंद पब्लिक स्कूल, रोज वर्ल्ड पब्लिक स्कूल व डाकघर सहित कई शासकीय कार्यालय हैं। छुट्टी के समय यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है। जनहित में प्रशासन से अपेक्षा है कि बाजार में मरम्मतीकरण कार्य तथा गड्ढे भराई का कार्य रात में कराया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो सके।

## श्रद्धालुओं का नहीं थमा जनसैलाब, शहर में जाम ही जाम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** श्रद्धालुओं का तांता कम नहीं हो रहा है। महाकुंभ प्रयागराज से लौटने वाले श्रद्धालुओं की वजह से शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है। झांसी-मीरजापुर और कर्वी-राजापुर हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी जाम में फंस गए। हालांकि रविवार को अभी यातायात सामान्य है। प्रयागराज में भीड़ बढ़ने के कारण यहां जाम की स्थिति बनी हुई है।

झांसी-मीरजापुर हाईवे पर शनिवार की रात में लगा लंबा जाम। जागरण जागरण संवाददाता, चित्रकूट। महाकुंभ प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जनसैलाब कम नहीं हो रहा है जिसका सीधा असर तपोभूमि में है प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु लौटकर यहां आ रहे हैं। जिससे शाम से वाहनों की कतार लग जाती है। झांसी-मीरजापुर और कर्वी-राजापुर हाईवे पर वाहन रेंगने नजर आते हैं। शनिवार की रात में भी करीब दो बजे तक जिला मुख्यालय में लोगों को घंटों जाम से जूझते रहे। ऐसी ही स्थित राजापुर, मऊ और पहाड़ी कस्बों की है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी चित्रकूटधाम कर्वी नगर के मंदाकिनी पुल में रात में जाम में फंसे रहे। वहां से किसी तरह निकल कर धनुष चौराहा स्थित ट्रैफिक कंट्रोल रूम पहुंचे और नगर का यातायात सामान्य होने पर निगरानी करते रहे। हालांकि रविवार को अभी यातायात सामन्य है। फिर भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाई चुके हैं। यह विडियो भी देखें बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में जन सैलाब कम नहीं हो रहा है जिसका सीधा असर तपोभूमि में देखने को मिला। वहां से अच्छी खासी संख्या में श्रद्धालुओं की वापसी हो रही है तो जाने वाले भी कम नहीं है जिससे तपोभूमि में वाहनों की कतार झांसी-मीरजापुर हाईवे पर देखने को मिली है।

# बालरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति होने से बच्चों के उपचार व सीजर सुविधा पुन: बहाल

जन एक्सप्रेस। कालपी



पिछले ढाई साल से खाली चल रहे बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में नियुक्ति हो गई है। इस नियुक्ति से बच्चों के उपचार तथा महिलाओं के सीजर ऑपरेशन में सुविधा हासिल होने लगी है।

गौरतलब हो कि सीएचसी कालपी में ढाई साल पहले बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुंदर सिंह का स्थानांतरण ललितपुर हो जाने की वजह से कोई नियुक्ति नहीं हुई थी। यह महत्वपूर्ण पद खाली चल रहा था। परिणाम स्वरूप बच्चों के उपचार के लिए जनता को उरई, कानपुर आदि स्थानों में जाकर के इलाज करना पड़ता था। इससे समय तथा धन की बर्बादी होती रहती थी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के परिसर में स्थापित आधुनिक ऑपरेशन थिएटर का संचालन भी शुरू हो चुका है। जिसमें गर्भवती महिलाओं के सीजर ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगी है। सीजर ऑपरेशन करने के लिए महिला चिकित्सक डॉ. रूबी सिंह, एनसथीसिया विशेषज्ञ डॉ. विशाल सचान की पहले से तैनाती थी। लेकिन नवजात शिशुओं के इलाज के लिए कोई डॉ. नहीं था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा वॉल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार की सीएचसी में नियुक्त कर दी गई है। नवनियुक्त वाल रोग विशेषज्ञ ने पदभार ग्रहण करके चिकित्सीय कार्य शुरू कर दिया है। इस व्यवस्था से महिलाओं के सीजर ऑपरेशन में सुविधा हो गई है तथा बच्चों तथा नवजात शिशुओं के उपचार के लिए भी जनता को अब भटकना नहीं पड़ेगा। मालूम हो कि डॉ. अशोक कुमार इसके पहले सीएचसी कदौरा तथा माधौगढ़ में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं।

# सड़क में पड़े घायल को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। जालौन

सहाव गांव के नजदीक घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। पुलिस व्यक्ति के साथ हुई घटना का कारण जानने का प्रयास कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव के आगे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे निकला है। इसी एक्सप्रेस वे के नजदीक सड़क किनारे रविवार की सुबह एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जब वहां निकल रहे लोगों ने उसे सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा तो मामला एक्सीडेंट का प्रतीत हुआ और उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही कोतवाल अजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को गर्दन पर धारदार चीज के निशान मिले। जिससे गर्दन का कुछ भाग कट गया था। पूछतांछ में उसने बताया कि उसका नाम सुनील दोहरे (35) पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम सहाव का है। पुलिस ने घायल को तत्काल सीएचसी पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। वहीं, सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने घटना की जानकारी ली। नायब तहसीलदार गौरव कुमार व इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे ने सीएचसी पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। उधर, गांव के लोगों ने बताया कि सुनील मजदूरी कर भरण पोषण करता था। लगभग दो माह से सुनील घर पर अकेला रह रहा था। पत्नी पूनम करीब दो माह से अपने मायके में है। शनिवार की सुबह भी घर से निकला था। बाद में वह रक्त रंजित अवस्था में सड़क किनारे मिला। इस संदर्भ में कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला था। जिसे उच्च संस्थान रेफर किया गया है। गर्दन पर किसी धारदार चीज के कट का निशान है। हालांकि घटना को लेकर अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# 'तू उसके नाम की जिएगा या अपने...', योगी के मंत्री के भाई को फोन पर मिली धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल के भाई और रामनगर ब्लॉक के लौरी ग्राम प्रधान के पति अरुण पटेल उर्फ मुन्ना सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। तीन दिन पहले 18 फरवरी को शाम करीब छह बजे किसी ने उनको फोन कर धमकी दी है। हालांकि फोन करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया है। योगी सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल के भाई और रामनगर ब्लॉक के लौरी ग्राम प्रधान के पति अरुण पटेल उर्फ मुन्ना सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। तीन दिन पहले 18 फरवरी को शाम करीब छह बजे किसी ने उनको फोन कर धमकी दी है। हालांकि, फोन करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया है।

मुन्ना सिंह ने थाना रैपुरा में मोबाइल फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

यह फोन मुन्ना सिंह के पास उस समय आया था जब वह गांव से चित्रकूट धाम कर्वी एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। फोन करने वाला पश्चिम उत्तर प्रदेश की बोली बोल रहा है। करीब चार मिनट की काल में वह मुन्ना सिंह से कह रहा है कि तू बोलता है ए मंत्री वो मंत्री तेरा भइया मंत्री है तू क्या करेंगा।

**तू उसके नाम की जिएगा या अपने नाम की....।** जिसकी पार्टी से तेरा भाई मंत्री है वह कैसे मारा था और पिटा था तुझे कुछ मालूम भी है। ऐसे ही वह एक सांस में धमकी पर धमकी दे रहा है, जबकि मुन्ना सिंह बार-बार कह रहे हैं तुम बोल कौन रहे हो...।

लेकिन सामने वाला अपना नाम नहीं बताया है। सिर्फ धमकी पे धमकी दे रहा है। मुन्ना सिंह ने बताया कि उनके पास एक बिना सेफ मोबाइल नंबर से कॉल आई थी। यह कॉल लौरी प्रधान के मोबाइल नंबर 6388408226 पर आई थी। प्रतिनिधि होने के कारण उठा लिया था।

रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मोबाइल नंबर किसका है जांच की जा रही है। बता दें कि मुन्ना सिंह प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल के भाई है और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ है। वह अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।

## चित्रकूट जेल में कैदी ने की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला जेल में एक कैदी ने बैरक के दरवाजे पर गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 17 जनवरी से जेल में बंद था और तब से उससे कोई मिलने नहीं आया था। नाबालिग के अपहरण के मामले में उसे पांच साल की सजा हुई थी। जेल अधीक्षक का कहना है कि कैदी से कोई मिलने नहीं आया इसलिए वह तनाव में था। जिला जेल में शुक्रवार को एक कैदी ने बैरक के दरवाजे पर गमछे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वह 17 जनवरी से जेल में बंद था। तब से उससे कोई मिलने के लिए नहीं पहुंचा था। जिससे वह तनाव में था। बता दें कि नाबालिग के अपहरण के मामले में उसको पांच साल की सजा हुई थी। थाना मानिकपुर के केकरामार मजरा चूरहे केसरुआ निवासी 30 वर्षीय अरविंद कुमार ने एक नाबालिग का अपहरण कर शादी के लिए विवश किया था। इस मामले में न्यायालय ने 20 जनवरी को पांच साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले में वह जेल में बंद था। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने बताया कि अरविंद 17 जनवरी को जेल आया था।

# नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक ने चार्ज संभालकर गिनाई प्राथमिकताएं

जन एक्सप्रेस। कालपी



पुलिस प्रशासन में हुए फेर बदल के तहत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक के पद पर इंस्पेक्टर परमहंस तिवारी की नियुक्ति हुई है। रविवार को नवनियुक्ति कोतवाली इंचार्ज तिवारी ने पदभार ग्रहण करके क्षेत्र का भ्रमण किया है।

उल्लेखनीय हो कि वलिया जनपद के मूल निवासी 2001बैच में पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हुये थे।निरीक्षक परमहंस तिवारी आईजीआरएस शाखा उरई में प्रभारी के पद से स्थानांतरित होकर कालपी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुये है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के स्थानांतरण आदेश का अनुपालन कर कोतवाली कालपी में योगदान आख्या दी है। इससे पहले परमहंस तिवारी गौतम बुद्ध नगर नोएडा, गाजियाबाद, वाराणसी, जौनपुर, आगरा आदि जनपदों में तैनात रहकर कुशलतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वाह कर चुके हैं। एडीशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ नव नियुक्ति प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संक्षिप्त वार्ता में कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुरूप क्षेत्र में अमन, शांति एवं कानून व्यवस्था कायम करना तथा अपराधों पर नियंत्रण करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। गरीब तथा पीड़ित व्यक्ति की समस्या को सुनकर उसका गतिशीलता से समाधान करने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा।

# खेत में सो रहे युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, ट्यूबवेल के पास पड़ा मिला खून से सना शव

जन एक्सप्रेस। झांसी



झांसी के ककरबई थाना क्षेत्र के डुमरई गांव निवासी गंगाप्रसाद उर्फ बंटे अहिरवार शनिवार की हत्या कर दी गई। वह शनिवार दोपहर बाद घर से निजी ट्यूबवेल पर पानी लगाने निकले थे।

शनिवार देर-रात ककरबई के डुमरई गांव में एक शख्स की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव खेत में बने ट्यूबवेल के पास से बरामद हुआ। वह खेत में पानी लगाने के लिए घर से निकला था। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सीओ राजेश राय भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। परिजनों ने किसी रंजिश की बात से इनकार किया है। हत्यारों की तलाश में तीन टीम लगाई गई है।

डुमरई गांव निवासी गंगाप्रसाद अहिरवार (44) उर्फ बंटे शनिवार दोपहर घर से खेत में पानी लगाने की बात कहकर निकला था। घर में मां एवं भानजी लक्ष्मी मौजूद थी जबकि पत्नी की कई साल पहले मौत हो चुकी। देर-रात तक जब गंगा प्रसाद घर नहीं लौटा तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आधी रात को पड़ोसियों के साथ तलाशते हुए भानजी लक्ष्मी खेत में पहुंची। यहां गंगाप्रसाद का शव ट्यूबवेल के पास लहूलुहान हाल में पड़ा था। शरीर में कई जगह धारदार हथियार से मारने के निशान थे। खून से सनी लाश मिलने से गांव सनसनी फैल गई।

सूचना पर पुलिस पहुंच गई। फोरेंसिक टीम को बुला लिया गया। सीओ राजेश राय ने मौके पर पहुंच कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। परिजनों ने किसी रंजिश की बात से इन्कार किया है। सीओ राजेश राय के मुताबिक युवक के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। मामले की छानबीन के लिए तीन अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं।



**सौराष्ट्र में प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने...**

गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौराष्ट्र में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग– सोमनाथ महादेव के दर्शन–पूजन किए। प्रधानमंत्री इससे पहले गुजरात के कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने महादेव के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक...

शेष पेज 12 पर...

# एक्सप्रेस–वे पर नहीं बिक सकेगी शराब: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में शराब बिक्री रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। सीएम योगी ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।

## फूड प्लाजा की तरह एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ करें अस्पताल की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। न्होंने कहा कि एक्सप्रेस–वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। प्रदेश में एनएचएआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगें, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पर करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचएआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में यह देखने को मिलता है नाबालिक बच्चे ई रिक्शा चला रहे हैं। इस पर प्रभावी अंकुश लगाएं। साथ ही सभी ई रिक्शा ड्राइवर का वैरिफिकेशन अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि आरटीओ ऑफिस को बिचौलियों से पूर्णतः मुक्त रखें, इसके लिए समय–समय पर रैंडम चेकिंग अभियान चलाएं। सीएम योगी ने कहा कि सड़क जाम एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश में प्रयाप्त मैनपॉवर उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर सिविल पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड के जवानों को ट्रेनिंग देकर ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों एवं मुख्य बाजारों के बाहर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराएं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों– हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह मंडलों अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर एवं आगरा मंडल में पिछले वर्ष हुई सिर्फ एक ही बैठक हुई है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। बस्ती, लखनऊ, गोरखपुर और मिर्जापुर में हुई चार बैठकों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### इटौंजा हाईवे पर हुआ भीषण एक्सीडेंट बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल



जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाई–वे पर हुआ भीषण एक्सीडेंट जिसमें बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गया। बता दे कि लखनऊ की तरह से आ रही कार सवार यूपी 34 बीए 3855 सीतापुर की तरह जा रही थी तभी इटौंजा के हीरादेवी स्कूल के सामने निवासी खेमपुर गांव थाना अटरिया जिला सीतापुर का निवासी अपने साले इटौंजा थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी अखिलेश के साथ इटौंजा बाजार जा रहे थे कि हाईवे पार करते समय कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अनूप बुरी तरह घायल हो गये। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने घायल अनूप को नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटौंजा में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों द्वारा अनूप का इलाज किया जा रहा है। वहीं पुलिस कार सवार चालक को नहीं पकड़ सकीं और कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। पुलिस आगे की विधिक कार्यवाहीं कर रही है।

### सूचना आयुक्त ने किया पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त का स्वागत



जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने वैचारिक महाकुंभ में निवर्तमान केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुकर का स्वागत किया। उदय माहुकर ने श्री गुरु वशिष्ठ द्वारा आयोजित वैचारिक महाकुंभ में चरित्र निर्माण विषय पर विचार व्यक्त किए।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ संपन्न



जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र मवई चौराहा नारायणपुर रोड पर अहिंसा दल के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अहिंसा दल राजकुमार राजपूत ने बताया कि हमारे संगठन के द्वारा हर वर्ष सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है, संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर प्रचार करते हैं और लोगों को बताते हैं कि जो भी गरीब व्यक्ति अपनी बहन बेटी की शादी पैसों के अभाव में नहीं कर पाते हैं उन गरीब बहन बेटियों की शादी हमारे संगठन के द्वारा कराई जाती है, अब तक संगठन के द्वारा करीब 5000 से अधिक जोड़ों की शादियां कराई गई और आगे भी कराते रहेंगे ताकि कोई भी बहन बेटी व बेटा पैसों के अभाव में अविवाहित ना रह सके, कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक महंत तेजपाल दास जी महाराज, युवा प्रदेश अध्यक्ष रघुनंदन सिंह राजपूत, मनजीत सिंह, पंडित शैलेंद्र शास्त्री, मंजीत राजपूत, पिंटू राजपूत व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता का बड़ा योगदान है।

### शिकायत करने पर एजेंसी के कर्मचारियों ने दिया सिलेंडर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती धनेवा निवासी रामरती ने मलिहाबाद स्थित भारत गैस एजेंसी से एलपीजी गैस का कनेक्शन लिया था। शुक्रवार को बुकिंग का सिलेंडर लेने उनके बेटे संजय मौर्या मोहम्मदनगर,रहमतनगर में एजेंसी के लोडर अमित यादव के पास पहुंचे।आरोप है कि अमित यादव ने सिलेंडर के नौ सौ रुपए मांगे। जबकि सिलेंडर की कीमत 840 रुपए है। अतिरिक्त पैसे नही देने पर लोडर ने उपभोक्ता को सिलेंडर देने से मना कर दिया। शनिवार को दोबारा पहुँचे उपभोक्ता से फिर नौ सौ रुपए मांगे। लोडर अमित यादव की शिकायत करने पर एजेंसी से उन्हें सिलेंडर दिया गया।

## दस्तक के सहयोग से यूथ फेस्टिवल का किया गया आयोजन






जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ यह उत्सव 1 मार्च और 2 मार्च 2025 को किया गया आयोजित

वाटरेड स्वर्ग फाउंडेशन अपनी परियोजना ÷प्रोमोटिंग सर्कुलेटिंग एंड क्लाइमेट रेसिलियंस दुरूह इंप्रूव्ड वेस्टीवेटर मैनेजमेंट बख्शी का तालाब नगर पंचायत के अंतर्गत दस्तक के सहयोग से युथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 28 फरवरी से लेकर 1 मार्च और 2 मार्च 2025 को आयोजित किया गया। वहीं इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 40 से अधिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक छात्र एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। युवा प्रतिभागियों के बीच जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, जल संरक्षण, मासिक धर्म स्वच्छता और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना और उनके सृजनात्मक एवं नवाचार कौशल को बढ़ावा देना है। यह फेस्टिवल युवा पीढ़ी को एक सशक्त मंच प्रदान करता है, जहां वे समस्याओं के समाधान के लिए नए विचार प्रस्तुत कर सकते हैं और सामुदायिक परिवर्तन में योगदान दे सकते हैं।

## बीकेटी पुलिस व साइबर क्राइम ने गायब हुए मोबाइल से सिम निकालकर ऑनलाइन फाड करने वाले दो व्यक्ति को किया गिरफ़्तार

■ पुलिस ने नेक कम्पनी का 5 ग्राम व 1 ग्राम का सिक्का, विभिन्न कम्पनियों के पाँच स्मार्ट मोबाइल, व 20810 रूपया नगद किया बरामद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी पुलिस ने थाना बीकेटी पर आवेदक द्वारा उसका मोबाइल गायब होने के पश्चात उसके खाते से निकाले गये धनराशि के बारे में प्रार्थना पत्र दिया था,जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 47/2025 दर्ज हुआ। वहीं घटना की गम्भीरता को देखते हुए साइबर क्राइम टीम की सहायता से थाना बीकेटी, लखनऊ पुलिस द्वारा उक्त घटना कारित करने वाले रामस्वरूप मौर्या पुत्र रामलखन व सुभाष पुत्र संतोष रावत निवासीगण ग्राम परेवाजाल थाना अटरिया जनपद सीतापुर को गिरफ़्तार किया गया। वहीं अभियुक्तगणों द्वारा वादी मुकदमा के गायब हुए मोबाइल से सिम निकाल कर मोबाइल नम्बर से लिंक वादी के बैंक खाते से यूपीआई आईडी बनाकर वादी के खाते करीब 3 रूपये की आनलाइन शापिग व ट्रान्जेक्शन कर लेना। बीकेटी पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है।

## गृहे गृहे संस्कृतम् योजना: आवासीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण का उद्घाटन

■ गृहे गृहे संस्कृतम् योजना प्रशिक्षकों के अथक प्रयास से पुष्पित हो रही है: श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजनांतर्गत आवासीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण का उद्घाटन संस्थान के प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ जिसका वाचन प्रशिक्षु अमित पाण्डेय तथा प्रशिक्षिका आस्था शुक्ला ने किया। यह प्रशिक्षण दशदिवसीय है तथा इसमें जनपदों में 70 प्रशिक्षु सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। संस्थान संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि गृहे गृहे संस्कृतम् योजना प्रशिक्षकों के अथक प्रयास से पुष्पित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घर-घर तक संस्कृत को पहुंचाना है।उन्होने बताया कि अगर कोई व्यक्ति घर बैठे संस्कृत सीखना चाहता है तो संस्थान द्वारा ऑनलाइन सरल संस्कृत सम्भाषण योजना के माध्यम से संस्कृत भाषा को सरल रीति सीख सकता है, तथा संस्कृत के ग्रन्थों को ठीक से समझा सकता है। आवासीय प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक डॉ अनिल गौतम, राधा शर्मा तथा शिक्षक राजन दूबे, सत्यम मिश्र, महेन्द्र मिश्र, कृति यादव, आस्था शुक्ला हैं।

## समाज और राष्ट्र को एकजुट रखने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण: धर्मपाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ बीजेपी शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में महामंत्री संगठन ने दिए संगठनात्मक टिप्स

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की आज रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एमएलसी श्रीचन्द्र शर्मा ने की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षकों की समस्याओं को हल कराने और सरकार द्वारा शिक्षको, शिक्षाक्षेत्र व शिक्षाथियों के हित में किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। संगठन की संरचना को कॉलेज प्रमुख तक चुस्त-दुरूस्त बनाकर बैठको व सम्मेलनों की तैयारी करे। ग्रीष्मावकाश में जिला स्तर पर योजनापूर्वक शिक्षक सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी कहा। महामंत्री संगठन ने कहा कि पार्टी संगठन की संरचना में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जुड़ रहा है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष जाति और धर्म की राजनीति कर समाज में भेद पैदा करने की कोशिशें कर रहा है। ऐसे में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि समाज और राष्ट्र को एकजुट रखने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैठक में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीचन्द्र शर्मा सदस्य विधान परिषद ने आगामी कार्यक्रमों व शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की। शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षामित्रों,अनुदेशकों तदर्थ शिक्षकों विषय-विशेषज्ञों व वित्तविहीन शिक्षको के विषय पर मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे आग्रह पर केन्द्र की मोदी सरकार ने सीबीएससी स्कूल की मान्यता हेतु एनओसी के नियमों को सरल किया है और उन्हें अपनी शाखा खोलने के लिए अनुमति भी दी है। प्रदेश सरकार से भी मांग की है कि जो यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय यदि सीबीएससी से जुड़ना चाहते है तो उन्हें अनापत्ति दिया जाना सरल करें।उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के लिए अन्तरजनपदीय स्थानान्तरण की सुविधा दी और शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रसोईये आदि संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित करते हुए 5 लाख रूपये सालाना का इलाज मुफ्त कराने की सुविधा प्रदान की। इनके मानदेय की वृद्धि पर भी विचार चल रहा है। बैठक में ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदेश प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग ने भी अपना मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रदेश के सह संयोजक उमेश द्विवेदी एमएलसी, अनिल श्रीवास्तव, यादवेन्द्र सिंह, हरिशंकर गंगवार, बाबू लाल तिवारी एमएलसी मनोज शर्मा रमेश सिंह दिलीप द्विवेदी कमलेश झा प्रदेश व क्षेत्र के संयोजक व सहसयोजको ने भाग लिया।

## जीरो टॉलरेंस नीति पर काम का रही हैं योगी सरकार: निषाद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ तलब की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रिपोर्ट

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा आज दूसरे चरण के दूसरे दिन झाँसी पहुँची। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा की आज सुबह झाँसी के कलेक्ट्रेट एनआईसी से कानपुर देहात में हुए विगत दिन 01 मार्च को मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में लापरवाही की खबरें सामने आई थी, उस पर संज्ञान लेते हुए आज कानपुर देहात के आला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई। बैठक में मंत्री राकेश सचान व मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण भी वर्चुअल बैठक के माध्यम से जुड़े। श्री निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।कानपुर देहात उनका प्रभार जनपद होने के नाते उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी का संज्ञान लेते हुए आज शाम तक उक्त प्रकरण की रिपोर्ट संबंधित विभाग से तलब की गई है। मंत्री असीम अरुण ने जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि कानपुर देहात लापरवाही के प्रकरण पर सख़्ती बरती जाएगी और जाँच में दोषी अधिकारियों को सस्पेंड भी किया जाएगा। मंत्री राकेश सचान ने बैठक के दौरान कहा कि सरकार की छवि जीरो टॉलरेंस की है और इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो दोषी होंगे, कार्रवाई जरूर की जाएगी।

## एक शादी ने बसपा में खड़ा किया तूफान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी की सियासत में बीएसपी का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव बसपा का प्रदर्शन खराब रहा है। बसपा न केवल सियासत के मैदान अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही है बल्कि पार्टी के अंदर भी बवाल मचा है। पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है जो आज रविवार को खुलकर उस समय सामने आया, जब बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी में बड़े राजनीतिक बदलाव करने का ऐलान किया।मायावती ने भतीजे और उत्तराधिकारी आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाते हुए साफ कर दिया कि जब तक वह जिंदा हैं, उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। इस राजनीतिक फैसले के पीछे मायावती ने आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आकाश आनंद का राजनीतिक करियर बर्बाद करने के पीछे अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। मायावती ने पार्टी की बैठक के बाद राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को नया राष्ट्रीयसमन्वयक नियुक्त किया है और नई जिम्मेदारी सौंपी है। सियासी तूफान के पीछे की कहानी एक शादी से शुरू हुई थी। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद की शादी अपने करीबी अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा से कराई थी।

# जिला सहकारी बैंक की 95वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज सिंह व विधायक योगेश शुक्ला हुए शामिल थे

जिला सहकारी बैंक लि0 लखनऊ की बैंक की 95वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक रविवार को चौधरी चरण सिंह प्रेक्षा गृह (समागार) लखनऊ में संपन्न हुई। वहीं बैठक की अध्यक्षता मा0 सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 जे0पी0एस0 राठौर, सहकारिता मंत्री उत्तर प्रदेश शासन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी,जितेन्द्र बहादुर सिंह, सभापति, उ0प्र0 को आपरेटिव बैंक लि0 लखनऊ, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष, यूपीसीएलडीएफ, योगेश शुक्ला विधायक, बी0के0टी0, लखनऊ, अमरेश रावत विधायक, मोहनलालगंज लखनऊ, भिखारी सिंह, दिनेश तिवारी, नवलेश प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0 लखनऊ द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में बैंक के उप सभापति महेन्द्र कुमार, संचालक गण विनय प्रताप सिंह, राजेश बाबू मिश्रा, दिनेश प्रताप सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, जयप्रकाश पटेल, देशपाल सिंह, जयवीर सिंह चौहान, कनकलता सिंह,वरूण प्रताप सिंह, बृजेन्द्र कुमार वर्मा, सरोज देवी उपस्थित रहें। वहीं मा0 सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया कि जिला सहकारी बैंक लि0 लखनऊ अपनी 20 शाखाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवायें प्रदान कर रहा है। बैंक की विभिन्न शाखाओं से सम्बद्ध 82 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के माध्यम से कृषक सदस्यों को फसली ऋण तथा उर्वरक एवं कृषि निवेशों की आपूर्ति की जा रही है। इसके अतिरिक्त बैंक की शाखाओं से सम्बद्ध 8 वेतनभोगी समितियों हैं, जिनके माध्यम से वेतनभोगी व्यक्तियों को ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। लखनऊ जनपद के बढ़ते शहरीकरण एवं आधुनिक बैंकों की प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप बैंक की लाभदायकता बढ़ी है। फलतः बैंक वर्ष 2023-24 में मु0-41.26 लाख रू0 की लाभ पर रहा है। वहीं इस क्षेत्र को समृद्ध व मजबूत करने हेतु सहकारिता मंत्रालय ने 54 मुख्य पहल की योजनायें दी है, जो सहकारिता क्षेत्र के हितधारको/अंशधारक के लिये अतिलाभकारी सिद्ध हो रही है और इस वित्तीय वर्ष में सभी 50 जिला सहकारी बैंक लाभ की स्थिति में होगीं। वहीं वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जिला सहकारी बैंक लि0 लखनऊ ग्रामीण अंचल के अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुँचाने की मुहिम को पूरा करेगा। वहीं कृषकों के उत्थान में सहकारी बैंक की अहम भूमिका रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला सहकारी बैंक लि0 लखनऊ की सभी 20 शाखायें लाभ पर है. जो सराहनीय है। बैंक अपने लाभार्थियों व जरूरतमंद को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। बैंक भविष्य में भी इसी प्रकार से सहकारिता आंदोलन के उत्तरोत्तर विकास में अपना योगदान करता रहेगा जो संस्था एवं लाभार्थियों के लिए हितकारी होगा। वहीं जितेन्द्र बहादुर सिंह, सभापति, उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि0 लखनऊ द्वारा सामान्य निकाय की बैठक में आये हुए किसानों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।






खाता सीज होने से बची रकम

# ग्राम पंचायत खाते से साइबर फ्रॉड की नाकाम कोशिश

## ई-ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल की सुरक्षा पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के बाजार शुकुल विकास खंड की ग्राम पंचायत तेंदुआ के खाते में एक बार फिर साइबर फ्रॉड का प्रयास किया गया।हैकर्स ने खाते से 2 लाख 90 हजार रुपये निकालने की कोशिश की।लेकिन खाता सीज होने के कारण रकम सुरक्षित बच गई।पूर्व सचिव को पैसे कटने का संदेश मिला।ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव जितेंद्र सिंह को अट्ठाइस फरवरी को अपने मोबाइल पर खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला। तत्काल सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान दान बहादुर बैंक ऑफ बड़ौदा की बाजार शुकुल शाखा पहुंचे।जब उन्होंने मिनी स्टेटमेंट निकाला,तो पता चला कि यह रकम अमरेश गिरी के खाते में ट्रांसफर करने का प्रयास किया गया था। बताते चलें कि पहले भी




ऐसा फ्रॉड हो चुका है।खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज ने बताया कि इस खाते में पहले भी 18 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड की घटना हो चुकी है।इसीवजह से सावधानी बरतते हुए इसे पहले ही सीज कर दिया गया था।यही कारण रहा कि हैकर्स की कोशिश इस बार नाकाम रही।वहीं ई ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।इससे पहले हुए 18 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी।जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है।लगातार हो रही ऑन लाइन ठगी की घटनाओं से ई-ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ई-ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल की सुरक्षा को मजबूत किया जाए।ग्राम पंचायतों के खातों में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन लागू किया जाए।बैंकिंग सुरक्षा बढ़ाने के लिए ग्राम प्रधानों और अधिकारियों को साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।लोगों को कहना है कि साइबर क्राइम की जांच तेज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# 215 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 18 से 22 मार्च तक

- लघु अश्वमेध यज्ञ के तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न, चर्चा पूरे देश में: डॉ. त्रिवेणी सिंह

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है।18 से 22 मार्च तक चलने वाले इस महायज्ञ में 215 कुंडों के साथ लघु अश्वमेध यज्ञ संपन्न होगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को देव यज्ञ नगर दुर्गापुर रोड पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कई जिलों के कार्यकर्ता हुए शामिल हुए। इस बैठक में अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा देव पूजन के साथ हुई। उन्होंने बताया कि गांव- गांव तक यज्ञ का संदेश पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि अमेठी में होने वाले इस लघु अश्वमेध यज्ञ की चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के अनुसार यज्ञ उत्पादक होने चाहिए। इसलिए यह जरूरी है कि गांव-गांव तक उनके विचारों को पहुंचाया जाए। बैठक में सभी ब्लॉक समन्वयकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे अभियानों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इनमें प्रमुख रूप से मेरा गांव देव गांव अभियान मेरी माटी, मेरा कुंड, मेरा परिवार, देव परिवार व्यसन मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण अभियान दीपयज्ञ और मंडल गठन अभियान शामिल थे। यज्ञ स्थल पर जुट रही श्रमदान की टोली। युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने बताया कि हर सुबह बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रमदान कर रहे हैं। दिनभर गांव-गांव से लोग आकर तैयारियों में सहयोग कर रहे हैं।इस भव्य महायज्ञ से अमेठी सहित आसपास के जिलों में धार्मिक और सामाजिक जागरूकता को बल मिलेगा।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, नाले में मिला शव

जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी



तहसील क्षेत्र अंतर्गत मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजापुर बारकोट गांव के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है।मृतक की पहचान 32 वर्षीय संतोष के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि संतोष शाम को घर से निकला था,लेकिन कुछ देर बाद ग्रामीणों को उसका शव गांव के बाहर एक नाले में पड़ा मिला।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व परिजनों को दी द्यमौके पर मिली बाइक परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।घटनास्थल से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।संतोष के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।मृतक के भांजे ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।दावा करते हुए कहा कि संतोष को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थीं।मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पर्यावरण जीवन का आधार है

जन एक्सप्रेस । रायबरेली


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर रायबरेली की धनवंतरि शाखा बस्ती क्षेत्र अहियारायपुर द्वारा प्रातःकालीन सैकड़ों स्वयंसेवकों द्वारा घर घर जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। हर व्यक्ति को अपने जीवनकाल में ज्यादा से ज्यादा फलदार छायादार, आयुर्वेदिक पेड़ लगाना चाहिए। वैश्विक तापमान के कारण आज हमारी धरती का हर साल तापमान बढ़ता जा रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन आज संकट में है, शहर और द्वीप डूब रहे है। पानी के अभाव में सूखा ग्रस्त और जमीन बंजर हो रही है। उपरोक्त बाते अतुल सिंह शाखा कार्यवाह ने कहीं। केसी सोनकर ने कहा कि रासायनिक खाद के कारण किसानों की जमीन कम उपजाऊ हो गई है। पेस्टीसाइड के अत्यधिक उपयोग से आज सारे खाद पदार्थ जहरीले हो रहे है। जिसका प्रभाव आम जनमानस पशुओं पर गहरा संकट मडरा रहा है। रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद को डालने के लिए जागरूक किया गया। प्रदीप कुमार ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना है। प्लास्टिक का दुष्प्रभाव मनुष्यों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। इसके उपयोग से कैंसर तक की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। जानवरों को भी पालीथीन खाने से सैकड़ो जाने जा रही हैं उनका दूध विषैला हो रहा है। जल बचाओ जीवन बचाओ के प्रति भी अहियारायपुर की महिलाओं बच्चो युवाओं बुजुर्गों को जल के दुरुपयोग को लेकर जैसे खुली हुई नल की टोटी, घर की छतों पर रखी हुई पानी की टंकी का ओवरफ्लो करना, पॉलीथीन में चाय देर तक रखने से प्लास्टिक के सूक्ष्म कण चाय में घुल जाते है, प्लास्टिक की बोतल में गर्म पानी पीना आदि को लेकर जागरूक किया गया। उपरोक्त बाते पर्यावरण प्रमुख प्रमोद ने कहीं।




# युवती के लिये पिता की गरीबी बन गई अभिशाप

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में एक युवती के लिये पिता की गरीबी अभिशाप बन गई। बेटी की शादी में बीस लाख के दहेज की मांग पूरी नहीं कर सका तो बारात ही नहीं आई। युवती दुल्हन बनकर तैयार थी। घर में बारातियों के स्वागत को लेकर बज रही शहनाइयों ने उस समय दम तोड़ दिया जब वर पक्ष की तरफ से खबर आई कि वह बारात नहीं ला रहे हैं। बारात न लाने का कारण जानकर मजबूर बाप कुछ भी करने की स्थिती में नहीं था सिवा इसके कि कानून की मदद ले। पुलिस ने फिलहाल दूल्हा समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। मामला शिवगढ़ थाना इलाके के बैंती गांव का हैं। यहाँ के रहने वाले राजेंद्र जायसवाल ने अपनी बेटी शिवानी का रिश्ता सीतापुर के अंकित जायसवाल के साथ तय किया था।



कुछ दिन पहले धूमधाम के साथ तिलक भी चढ़ गया था। कल अंकित की बारात आनी थी। राजेंद्र जायसवाल ने अपनी हैसियत के मुताबिक बरातियों के स्वागत की भी तैयारी कर रखी थी। उधर दुल्हन भी सज धज कर तैयार थी। लेकिन बारात तय समय से काफी देर तक नहीं पहुंची तो वधु पक्ष के लोगों को चिंता हुई। उन लोगों ने दूल्हे अंकित के पिता को फोन किया तो उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई मांग पूरी नहीं हुई इसलिये वह बारात नहीं ले गया। इतना सुनते ही राजेंद्र जायसवाल सकते में आ गए। उधर दुल्हन को जब पूरी बात मालूम हुई तो उसने भी बिलख बिलख कर रोना शुरू कर दिया। मजबूरन राजेंद्र जायसवाल ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वर पक्ष के लोगों ने तिलक के बाद दूल्हे की नौकरी लगवाए जाने को लेकर बीस लाख नगद और चार पहिया गाडी की मांग रखी थी। शिवानी के पिता ने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए जब मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो उन लोगों अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। उसी का नतीजा रहा कि कल सारी तैयारियों के बाद भी बारात नहीं आई। पुलिस ने फिलहाल राजेंद्र जायसवाल की तहरीर पर वर पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

## आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ 15 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय शेषपुर समोधा बछरावां, मोहम्मदाबाद सलोन एवं बालिका विद्यालय रैन बछरावां में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों पर नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन (बालक) कक्षा 6 में 40 कक्षा 7 में 02, कक्षा-8 में 04 एवं कक्षा-9 में 02 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा बछरावां (बालक) कक्षा 6 में 70, कक्षा-7 में 26, कक्षा-8 में 16 एवं कक्षा-9 में 24 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय रैन, बछरावां में (बालिका) कक्षा 6 में 70, कक्षा 7 में 47, कक्षा-8 में 27 एवं कक्षा-9 में 17 पद रिक्त है। प्रवेश परीक्षा हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं/अभिभावक या संरक्षक आवेदन-पत्र वेवसाइट https://ats.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन भर सकते है, ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित है। आवेदन पत्र परीक्षणोंपरान्त पात्र छात्रों की सूची 20 मार्च 2025 को प्रकाशित की जाएगी, प्रवेश परीक्षा 27 मार्च 2025 को सम्बंधित विद्यालय में आयोजित की जायेगी। सफल छात्रों का परीक्षा परिणाम व प्रवेश प्रक्रिया 31 मार्च 2025 से प्रारम्भ होगी। प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित अन्य किसी जानकारी हेतु विद्यालय एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# रामनगरी में 1800 प्रतिमाओं को भगवान बनाने की प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

पहले दिन गर्भ कल्याणक का विधान संपन्न किया गया। पंच कल्याणक संस्कार के फलस्वरूप पाषाण की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए चिन्मय-चैतन्य हो उठेंगी। इन प्रतिमाओं के लिए जैन मंदिर के विशाल प्रांगण में तीन भव्य मंडप बनाए गए हैं।

एक साथ 1800 प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के दुर्लभ अवसर पर मंदिर के विशाल प्रांगण में पग-पग पर उत्साह दिखाई दे रहा है और देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों श्रद्धालु पूरे भाव से उत्सव में शामिल हो रहे हैं। उत्सव में सैकड़ों दंपती पौराणिक पटकथा के अनुसार इंद्र-इंद्राणी का स्वरूप ग्रहण कर भगवान ऋषभदेव के गर्भधारण की बेला में उत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।

रविवार को उत्सव सुबह छह बजे भगवान ऋषभदेव के उत्सव विग्रह के पंचामृत अभिषेक से प्रारंभ होता है। अभिषेक के बाद सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश के साथ उस मंडप में प्रवेश करती हैं, जिसे स्वर्ग की तरह सज्जित किया गया होता है।


कलश स्थापना और अखंड दीप के प्रज्वलन से यह संकल्प और घनीभूत होता है। दूसरी बेला में विभिन्न धार्मिक उपक्रमों एवं कर्मकांडों के माध्यम से भगवान का गर्भ कल्याणक संपन्न हुआ और दिगंबर जैन मंदिर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष रवींद्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि गर्भ कल्याणक जैसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान में सहभागी बनने का अवसर भगवान ऋषभदेव को आत्मस्थ करने का अवसर है। आज नहीं तो कल हमारे सत्कर्म उन ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं, जहां से हम भी भगवान ऋषभदेव की तरह मोक्षगामी हो सकें, किंतु अभी हम उन्हें आत्मस्थ कर उनके मूल्यों और आदर्शों के साथ जीवन जीने का गौरव तो हासिल ही कर सकते हैं।

अभिषेक के बाद जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता ने उद्बोधन में बताया कि भगवान तो अपने अपूर्व, अद्भुत, अलौकिक और अनंत तपश्चर्या से शाश्वत अभिषिक्त हैं। वस्तुतः यह अभिषेक उनके माध्यम से उनके जीवन, संस्कार और देशना के प्रसाद स्वरूप संपूर्ण मानवता का अभिषेक है। हम संकल्पित हों उनके बताए रास्ते पर बढ़ने के लिए स्वयं के मस्तिष्क-प्रज्ञा और विवेक को इसके लिए तैयार कर सकें। उन्होंने इस अवसर को विश्व शांति और अहिंसा की प्रतिष्ठा का भी बताया। 1800 प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा का महापर्व विश्व में अहिंसा और शांति की स्थापना के संकल्प का है।

# महिला की मौत के मामले में मृतक का भाई लगा रहा न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सलोन कोतवाली क्षेत्र के मृतक बहन को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मृतिका भाई महीने भर से काट रहा चक्कर। मामला सलोन थाना क्षेत्र के ग्राम चरमनिया चौधरी का है। जहां एक पीड़ित भाई मृत बहन को न्याय दिलाने के लिए व उसकी पोस्टमार्टम कराने को लेकर जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के महीने भर से चक्कर काट रहा है। पीड़ित भाई का कहना है कि उसकी बहन की शादी सलोन थाना क्षेत्र के ग्राम चरमनिया चौधरी थाना सलोन मे की थी शादी के कुछ ही दिनों बाद से उसकी बहन को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित



किया जा रहा था। मृत बहन ने अपने भाई से कई बार ये बात बताई थीं।

बीते 5 फरवरी को बहन की अचानक मौत हो जाने पर ससुराल पक्ष वालों ने आनन -फानन में उसे दफना दिया। जिससे भाई को शक हुआ तो थाने में शिकायत दर्ज कराने पंहुचा तो सलोन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया और डीएम से लाश खुदवाने को लेकर परमिशन की बात कही। वही एक महीने से मृत बहन की पोस्टमार्टम कराने को लेकर पीड़ित भाई जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के लगातार चक्कर काट रहा है पर ना तो एफआईआर दर्ज हुई ना ही पोस्टमार्टम कराया।

# योग के बिना मानव जीवन अधूरा है: संयोजक प्रदीप पांडेय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर प्रातः 6 बजे से 7–30 बजे तक राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में आयोजित होती हैं। योग वर्तमान युग में किसी चमत्कार से कम नहीं है। आज संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी 195 देशों में योग लागू हो चुका हैं।

योग की उत्पत्ति मूलतः भारत में ही हुई। देवों के देव महादेव ने समस्त ऋषियों को योग का ज्ञान दिया उसके बाद समस्त सृष्टि में योग का विस्तार हुआ। जनपद के समस्त नागरिकों को योग करने के लिए प्रेरित किया जाता है। विगत 2 वर्षों से संस्था लोगो के स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। अभी तक संस्था द्वारा योग शिविर नगर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में,कौशल विकास संस्थान, जिला



कारागार, इण्टर कॉलेज, पार्क, स्टेडियम, गांव कस्बों में किया जा चुका हैं। 21 जून विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम वृहद स्तर पर किया जाता है। जिसमें जनपद के वरिष्ठ संभ्रांत लोगों को आमंत्रित किया जाता है।उपरोक्त बाते संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कही। योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि जो लोग समाज के लिए, देश के लिए, राष्ट्र के लिए जीते हैं, उनके नाम के आगे महा या महान शब्द जुड़ जाया करता है।

वैसे देवताओं के नाम में सिर्फ देव लगा है लेकिन महादेव के नाम में महा शब्द जुड़ा है। इसीलिए 24 घंटे में थोड़ा समय दूसरों की सेवा के लिए अवश्य निकाले। योग शिविर में आने वाले साधकों को योग व्यायाम, सूर्य नमस्कार का अच्यास, विभिन्न आसनों का अच्यास, मुद्राएं, गुरु वंदना, ओम का उच्चारण,सांसों को साधने के लिए प्राणायाम जैसे भस्त्रिका, अनुलोम विलोम, भ्रामरी उद्गीत, त्रिबंध, शांभवी मुद्रा, उज्जयी, योगनिद्रा एवं मानसिक शान्ति के लिए पूर्णतया होकर मौन का सामूहिक संगीतबद्ध ध्यान और विश्व के मंगल के लिए शांति पाठ कराया जाता है। जो लोग समाज के लिए देश के लिए राष्ट्र के लिए जीते हैं उनके नाम के आगे महा या महान शब्द जुड़ जाया करता है। वैसे देवताओं के नाम में सिर्फ देव लगा है लेकिन महादेव के नाम में महा शब्द जुड़ा है। इसीलिए 24 घंटे में थोड़ा समय दूसरों की सेवा के लिए अवश्य निकाले।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 03 मार्च, 2025






**हजारा में एसओजी की टीम ने छापेमारी...**

हजारा। लकड़ी तस्करों ने प्रतिबंधित प्रजाति (शीशम) के पेड़ों का चोरी से कटान करने के बाद लकड़ी का स्टाक कर लिया। सूचना पर देर एसओजी की टीम ने वरिष्ठ... ▸ शेष पेज 10 पर...

# ज्यादा पैसा कमाने को लेकर महिला से ठगी, 17 हजार देकर ठगे 5.69 लाख



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में महिला को ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने पहले तो महिला के अकाउंट में 17 हजार रुपए भेजें और उसके बाद महिला के अकाउंट से 5.69 लाख रुपएतक लिए ठग लिए। महिला ने जब अपना पैसा वापस मंगा तो आरोपियों में उसका पेज क्रश कर बंद कर दिया। महिला ने साइबर थाने में तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक महिला को जो रकम खाते में गई है उसे होल्ड करने का प्रयास किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक फूल वाली काली अनवरगंज की रहने वाली दरफशां अंजुम मैं बताया कि 1 जनवरी 2025 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमें उन्हें घर के काम कर पैसे कमाने का ऑफर दिया गया। दरफशां के मुताबिक उन्हें टेलीग्राम के एक अकाउंट से जोड़ा गया और कुछ टास्क करने के लिए दिए गए। पीड़िता ने बताया कि टेलीग्राम में निहारिका नाम की लड़की उनसे जुड़ी हुई थी। इसमें उन्होंने रेटिंग करने के लिए बोला गया। जिसमें कुछ होटल और रेस्टोरेंट के बारे में जानकारी दी गई थी। 20 संस्थाओं की रेटिंग करने के बाद पीड़िता के खाते में 1047 ट्रांसफर किए गए। इसके बाद पीड़िता से बड़ा ताकत करने के लिए 10 हजार रुपए जमा कराए गए। टास्क पूरा करने के बाद 15601 रुपए वापस किए गए। इसके बाद पीड़िता साथियों के झांसे में आ गई। 7 जनवरी 2025 को और बड़े टास्क को करने के लिए पीड़िता से 50000 हजार रुपए, इसके बाद 80000 हजार, फिर 1.20 लाख, ऐसे करके कल 5.69 लाख रुपए जमा करा लिए। इसके बाद जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो शाकिरों ने उसका खाता क्रश कर बंद कर दिया।

### पीडिता बोली बहन से पैसा लेकर जमा कराया था

दरफशां के मुताबिक पैसे की कमी होने के चलते उन्होंने बहन से दो लाख रुपए लेकर खाते में जमा कर आए थे। रुपया डूब जाने के बाद अब वह अपनी बहन से भी कुछ नहीं कह पा रही है। इंस्पेक्टर साइबर थाना सुनील कुमार वर्मा के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है खातों की जानकारी के अलावा जो पैसा गया है उसे चीज करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अध्यक्ष निवेश करने के नाम पर 77500 रुपए ठगे

सिविल लाइंस के रहने वाले राहुल यादव के मुताबिक उन्हें व्हाट्सएप के जरिए एनबिट पी. स्टॉक ड्रामा ग्रुप से जोड़ा गया। जहां पर उन्हें शहर में पैसा लगाकर अत्यधिक धन लाभ होने का झांसा दिया गया। इस जहां से में लेकर छात्रों ने उनसे 77500 रुपए जमा कर लिए और इसके बाद फरार हो गए। कोतवाली इंस्पेक्टर जेपी पांडे के मुताबिक मामले में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### ज्यादा पैसा कमाने के नाम पर ठगे 66 हजार

साइबर ठगों ने ट्रैफिक पुलिस लाइन के रहने वाले विमल कुमार के बेटे को भी साइबर ठगी का शिकार बनाया। घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर उसे 66 हजार रुपए की ठगी की। विमल ने लिखा पड़ी करने के साथ ही जिन खातों में पैसा गया था उसमें से एक में 30 और दूसरे में ?20 हजार रुपए रुकवा दिए हैं। रेल बाजार इंस्पेक्टर के मुताबिक मामले में आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

# दो गुटों में हुई फायरिंग के बाद युवक की हुई निर्मल हत्या






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शिवराजपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। युवक बुद्धपुर
गांव के पास काकूपुर हर्बल गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। गोविंद पाल उम्र 26 वर्ष का व रक्त रंजित अवस्था में रोड पर पड़ा हुआ मिला। मृतक अपने परिवार का इकलौता सहारा था।



गोविंद शनिवार की शाम बिल्हौर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। वहां से उसे दोस्त आदि यादव का फोन आया। आदि यादव ने फोन पर उसे बताया कि जगतपुर गांव में विवाद हो गया है। फोन पर सूचना मिलते ही वह स्कूटी से वहां पर गया। रविवार सुबह उसका शव बुद्धपुर गांव के पास रोड के किनारे पड़ा हुआ मिला। मौके पर उसकी स्कूटी और एक अन्य बाइक भी पड़ी हुई मिली है। स्थानी लोगों ने बताया कि रात में दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। घटनास्थल पर फायरिंग भी हुई और वाहनों की आपस में टक्कर भी हुई थी। आप है कि एक कर से जान बूझकर गोविंद को टक्कर मारकर कुचल दिया गया। इस घटना में दो अनिल लोग भी घायल हुए जिन्हें कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पहले इस दुर्घटना माना लेकिन परिजनों ने हत्या के आशंका जताई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। गोविंद को बुलाने वाला दोस्त फरार है और उसका मोबाइल भी बंद है। घटना के बाद दूसरे दिन सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने शिवराजपुर थाने का घिराव किया। साथ ही साथ घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। बावल की सूचना मिलती ही आल्हा अधिकारी भी शिवराजपुर थाने पहुंचे और परिजनों को समझने का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर 12 लोगों के खिलाफ नाम जद रिपोर्ट दर्ज की गई है। अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है उच्च अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

# महाकुंभ को सरकार ने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया- अजय राय



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महाकुंभ को सरकार ने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। कानपुर में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे अजय राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में दलितों को परेशान किया जा रहा है। उनकी बहन बेटियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस सरकार में सर्व समाज को चोट पहुंचाई जा रही है। दलितों की बरातों पर भी हमले किए जा रहे हैं। प्रदेश में पूरा दलित समाज परेशान है। अजय राय ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कांग्रेस को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ अर्ध कुंभ हजारों सालों से हो रहा है। जहां अमृत वर्षा हुई वहां-वहां कुंभ लगता है।

इस सरकार ने कुंभ को अपने फायदे के लिए प्रयोग किया। सरकार ने इवेंट और मार्केटिंग की है। इस दुर्व्यवस्था पर लोगों की आस्था भारी पड़ रही है। कुंभ करने में सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है।

### ब्रज पर मुसलमानों की एंट्री के लिए बोले

ब्रज में मुसलमानों की एंट्री बैन करने की मांग पर अजय राय ने कहा कि यह देश राम रहीम बौद्ध क्रिश्चियन गुरु नानक देव महावीर सभी का है। सभी के खून पसीने से यह देश बना है। जो इस तरह की मांग कर रहा है वह गलत कह रहा है। सभी वर्ग के लोग इस देश के वासी हैं।

### कानपुर में उद्योग बंद व्यापारी हो रहे परेशान

अजय राय ने आगे बोलते हुए कहा कि कानपुर में उद्योग पूरी तरीके से बंद होते जा रहे हैं। कानपुर का व्यापारी पूरी तरीके से परेशान है। उद्योग बंद हो रहे हैं। वही अधिवक्ताओं के पक्ष में उनकी मांग उठने के लिए अजय राय को कानपुर में अधिवक्ताओं ने धन्यवाद ज्ञापन दिया है। कानपुर में उद्योग पूरी तरीके से खत्म हो चुका है। कानपुर अपनी अंतिम सांस ले रहा है।

## रोगियों के हित में खर्च होगा हैलट का यूजर चार्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में हैलट और संबद्ध अस्पतालों को रोगियों से मिलने वाला यूजर्स चार्ज अब रोगी हित और अस्पताल की बेहतरी के लिए खर्च किया जाएगा। शासन ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। इसे शनिवार से लागू कर दिया गया। हैलट और संबद्ध अस्पतालों में सालाना औसत चार करोड़ 80 लाख रुपये यूजर्स चार्ज आता है। कॉलेज प्रबंधन ने यूजर्स चार्ज के लिए रोगी कल्याण समिति का गठन कर दिया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि रोगियों के लिए इम्प्लांट, उपभोग्य सामग्री, कुछ महंगी दवाएं आदि खरीदने में आसानी होगी। रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष प्राचार्य, सदस्य संयोजक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक तथा सदस्यों में सीएमओ, सीएमएस, वित्त नियंत्रक और डीएम की ओर से नामित दो गैर सरकारी सदस्य होंगे। प्राचार्य डॉ. काला ने बताया कि समिति का एसबीआई में एक बैंक एकाउंट होगा।

# यूपीपीसीएल गंगा में बाहर सीवरेज जिम्मेदार मौन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महाकुंभ के दौरान भी गंगा में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन (यूपीपीसीएल) सीवेज बहाता रहा है। यही नहीं ऑफिस का पूरा सीवेज सीसा मऊ नाले में कनेक्ट कर बहाया जाता रहा। अप पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की जांच में मामला पकड़ा गया है। जल निगम के परियोजना प्रबंधक मोहित चक ने विद्युत उपकेंद्र उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन आरपीएच कानपुर के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर कहां है कि जीएम जलकर को सीसामऊ नाले में अशोधित सीवेज गिरने व नाले में गंगा नदी में सीवेज निस्तारित होने की शिकायत मिली थी।

### सीसा मऊ नाले के माध्यम से गंगा में जा रहा सीवेज

इस पर जल निगम के सहायक परियोजना अभियंता और आरपीएच के अवर अभियंता विजय वीर के साथ सीसा मऊ नल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इसमें पाया गया कि सीसा मऊ नल की टैपिंग के डाउन सरिता में विद्युत उपकेंद्र का परिसर स्थित है। परिसर का सीवेज वीआईपी रोड स्थित स्टॉर्म वॉटर ड्रेन मैं जोड़ा गया है।

### मेन होल में जोड़ने के लिए दिए गए निर्देश

स्टोर्म वॉटर ड्रेन सीसा मऊ नाले में टैपिंग स्थल के डाउन स्ट्रीम में जाता है। जिसके कारण परिसर का सीवेज सीधे सीसा मऊ नाले के माध्यम से गंगा नदी में जा रहा है। इससे गंगा नदी के जल के गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। यूपीपीसीएल के परिसर से निकलने वाले शोधित सीवेज को स्टॉर्म वॉटर ड्रेन मैं ना करते हुए वीआईपी रोड स्थित सीवर लाइन के मेन होल में जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो ट्रैकों की आमने-सामने हुई टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

घाटमपुर कानपुर सागर हाईवे पर कुष्मांडा देवी मंदिर के पास देर रात एक बड़ा हादसा हुआ। हादसे में दो ट्रैकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में हमीरपुर के रमना कमालपुर के रहने वाले दिलीप यादव उम्र 30 वर्ष और महाराजपुर के रहने वाले वृंदावन उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों चालक अपने-अपने ट्रक के केबिन में फंस गए थे। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों चालकों को केवल से बाहर निकाल लिया। घायलों को पहले घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया। प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद डॉक्टरों ने दोनों को हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रैकों को हाईवे से हटाकर किनारे कर दिया। इसके बाद हाईवे पर यातायात बहाल हो गया। घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर प्रीमियर लीग का आगाज आज, 200 से अधिक देशों में होगा लाइव प्रसारण



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) की शुरुआत दो मार्च को ग्रीनपार्क स्टेडियम में धमाकेदार अंदाज में होगी। उद्घाटन समारोह शाम 5:30 बजे से शुरू होगा। मैच से पहले बॉलीवुड के गायक अंकित तिवारी दर्शकों को झूमाएंगे। वहीं, मुंबई का पीएसएस बैंड और स्मिथ डांस ग्रुप भी दर्शकों का मनोरंजन करेगा। 7:30 बजे से केपीएल का पहला मैच आरएलएल गंगा बिठूर और सीसामऊ सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा।

200 से अधिक देशों में कई चैनलों के माध्यम से इसके लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने शनिवार को ग्रीनपार्क स्थित मीडिया सेंटर में हुई बैठक में बताया कि रविवार को ग्रीनपार्क में एक और नया अध्याय जुड़ जाएगा। टूर्नामेंट को दौरान क्रिकेट के अलावा फिल्मी सितारों और अन्य धमाकेदार प्रस्तुतियां दर्शकों को देखने को मिलेंगीं। उन्होंने बताया कि पहले केपीएल का स्लोगन 'खेलेगा कानपुर, देखेगा इंडिया' था।

अब इसे बदलकर खेलेगा 'कानपुर, देखेगी दुनिया' की दिया गया है। डीडी स्पोर्ट्स जहां देश में केपीएल का लाइव प्रसारण करेगा, वहीं, 200 से अधिक देशों में कई चैनल के जरिये लाइव प्रसारण करने का अनुबंध किया गया है। इसमें पाकिस्तान समेत एशिया, अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका महाद्वीप के देश शामिल हैं। टूर्नामेंट का शुभंकर कपिका पूरी दुनिया में इसकी चमक बिखेरेगा। इस मौके पर वेन्यू डायरेक्टर संजय तिवारी, मीडिया मैनेजर अहमद अली खान तालिब आदि मौजूद रहे।

### दोपहर 3:30 बजे से होगी दर्शकों की इंट्री

डॉ. कपूर ने बताया कि दर्शकों की स्टेडियम में इंट्री दोपहर 3:30 बजे से होने लगेगी। चार बजे से कार्यक्रम शुरू होंगे। इसमें धर्मपाल और अन्नू अवस्थी दर्शकों के बीच जाकर फोटो और सेल्फी लेंगे। अंकित तिवारी की प्रस्तुति समेत कई अन्य कार्यक्रम होंगे। सांसद रमेश अवस्थी और छह टीमों के विधानसभा के विधायक घंटा बजाकर केपीएल का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

### फाइनल में गायक युवराज हंस करेंगे दर्शकों का मनोरंजन

कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) में फाइनल में 11 मार्च को गायक युवराज हंस अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधेंगे। केपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि दो से 11 मार्च तक केपीएल के मुकाबले होंगे।

वहीं, दूसरी ओर रोजाना बॉलीवुड के कलाकार अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। प्रतिदिन शाम 6:15 से सात बजे तक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

फैन इंग्जेमेंट के लिए बॉलीवुड के कलाकारों के डुप्लीकेट दर्शकों के बीच रहेंगे और साथ में सेल्फी कराएंगे।

### आईडी दिखाकर ही मिलेगा स्टेडियम में प्रवेश

रविवार से शुरू होने वाली कानपुर प्रीमियर लीग का उत्साह क्रिकेट प्रेमियों में देखा जा रहा है।

### केपीएल में कार्यक्रमों का शेड्यूल

- दो मार्च को सिंगर अंकित तिवारी, पीएसएम बैंड मुंबई।
- तीन मार्च को एरियल एक्रोबेट्स।
- चार मार्च को ट्रिपल जेमर्स बैंड।
- पांच मार्च को इंडियन आइडल विजेता वैभव गुप्ता।
- छह मार्च को फायर शो।
- सात मार्च को मलखंभ की प्रस्तुति
- आठ मार्च को अंदाज बैंड सिंगर शिवम शर्मा, गुलशन ग्रोवर।
- नौ मार्च को इंडियास गॉट टैलेंट विनर प्रिंस डांस ग्रुप।
- 10 मार्च को ड्रोन शो।
- 11 मार्च को सिंगर युवराज हंस।

# भगवान शिव-मां पार्वती के प्रीति भोज का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में परमट स्थित बाबा आनंदेश्वर धाम रविवार को भगवान शिव-मां पार्वती के प्रीति भोज के लिए सजाया गया। बाबा का अलौकिक श्रृंगार देखते ही बन रहा था। पूरा शहर इस अद्भुत क्षण का गवाह बनने के लिए सुबह से ही मंदिर पहुंच गया था। कानपुर के काशी कहे जाने वाले श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर में प्रति भोज (महाभंडारा) का शुभारंभ अखंड रामायण के पाठ से हुआ।

इसमें 11 आचार्यों के मुखर बिंदु से रसपान करते रामचरितमानस के श्लोक पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान भक्तों को अपने जीवन में भगवान के आदर्शों को अपनाने का



संदेश भी दिया गया। सुबह मंगला आरती से भंडारे का महाप्रसादी का वितरण शुरू हुआ। रामायण के साथ मंगला आरती के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

### भक्तों की भीड़ लगी रही

पूजन सामग्री चढ़ाकर भोलेनाथ से मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। प्रसाद ग्रहण करने के लिए सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री हरि गिरि महाराज व नारायण गिरी महाराज इस आयोजन के लिए लगातार निर्देश देते रहे। इस आयोजन में जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय मंत्री दीपेश्वर गिरी महाराज, मीडिया प्रभारी अंश कुमार, आशुतोष कुमार, अजय पुजारी, संजय पुजारी, अमन, आदित्य, मनीष आदि का सहयोग रहा।

### लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ

जूना अखाड़ा के गुरुमूर्ति अरुण भारती महाराज, विवेक पुरी महाराज, अटरीवंत महाराज, अवधेशानंद महाराज ने भक्तों का स्वागत अभिनंदन करते हुए महाप्रसादी स्वयं वितरण किया। करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने शुद्ध देसी घी से निर्मित मटर-पनीर, राजमा, मिक्स वेज, छोले, चावल व हलुवा महाप्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। पूरे मंदिर परिसर व गंगा तट को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों व मंदिर जाने वाले मार्गों को 500-500 मीटर तक सजाया गया था। साथ ही मां पार्वती व भोलेनाथ की 3.50-3.50 फीट की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई। भंडारा के साथ ही गंगा तट पर देर शाम भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। भोले बाबा की है शादी, हम तो नाचेंगे, जय-जय भोले भंडारी, शिव की लीला शिव ही जाने जैसे भजनों पर बाबा के भक्त देर रात तक जयकारें लगाते हुए झूमते रहे।

## फ्लाईओवर से नोट उड़ाने वाले यू-ट्यूबर पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर के चकेरी थाने में दो दिन पहले फ्लाइओवर से नोट उड़ाने वाले यू-ट्यूबर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर 28 फरवरी को वीडियो वायरल हो रहा था। इसमें यू-ट्यूबर की ओर से जेके चौराहे के पास फ्लाइओवर से नोट उड़ाते हुए दिखाई दे रहा था। वीडियो में 200-200 के नोट दिखाई पड़ रहे थे। इसको लेने के लिए भीड़ एकत्रित हो गई थी। जाजमऊ चौकी के दरोगा रोहित कुमार ने वीडियो को देखकर रुपये उड़ाने वाले जाजमऊ निवासी जैद अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जुए के दौरान मची भगदड़ में युवक की मौत का मामला





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में महाराजपुर के ऐमा गांव में मृतक युवक के परिजनों और ग्रामीणों का हंगामा जारी है। पोस्टमॉर्टम कराने के लिए परिजन राजी नहीं हो रहे हैं। हंगामे की सूचना पर पूरे सर्किल का फोर्स मौजूद है। बता दें कि शनिवार को जुए की सूचना पर खेत में पहुंची पुलिस को देख लोगों में भगदड़ मच गई थी। इस दौरान एक युवक की नाले में गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस मृतक को लेकर कांशीराम अस्पताल पहुंची थी। इधर, परिजनों ने पुलिस पर दौड़ाने के दौरान हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। करीब छह घंटे तक लोग हंगाम करते रहे थे। मौके पर डीसीपी पूर्वी, तीन एसीपी व कई थानों के फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत किया था। महाराजपुर के ऐमा गांव निवासी नीरज पासवान (30) खेतीबाड़ी थे।

### पुलिस को देख मच गई थी भगदड़

नीरज की पत्नी आरती की करीब बीस दिन पहले घरेलू विवाद में जहर खाने से मौत हो चुकी है। परिजनों ने बताया था कि शनिवार शाम करीब तीन बजे नीरज पास के गांव रूमा के लालापुरवा में अपने दोस्तों के साथ खेत में जुआ खेल रहे थे। उसी दौरान किसी के सूचना देने पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देख मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई थी।

### दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग

नीरज खेत के पास से गुजर रहे नाले में औंधे मुंह जा गिरे थे। पुलिस नीरज को नाले से निकालकर कांशीराम अस्पताल लेकर गई थी। वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस पर नीरज की हत्या कर देने का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया था। परिजन अस्पताल के परिसर में शव रखकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग करने लगे थे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अरुणाचल पर चीन के दावे बेबुनियाद, विभिन्न पहलुओं को दरकिनार कर रहा ड्रैगन


**अब चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करके अपनी विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। चीन के झूठे दावों से यह सच्चाई नहीं बदलेगी। भारत में सभी राजनीतिक दल चीन के इस दावे का विरोध कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सभी सांसदों ने चीन की विस्तारवादी नीति की आलोचना की। सीमा पर भारत की कड़ी चौकसी है। भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश में पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।**

*भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने एक बार फिर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन उसके सारे दावे ऐतिहासिक, भौगोलिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर बेबुनियाद हैं। अरुणाचल सदियों से भारतीय संस्कृति से जुड़ा रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों देखा जाए तो अरुणाचल प्रदेश का भारत से संबंध हजारों साल पुराना है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख इसका उल्लेख मिलता है। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख महाभारत और रामायण में है। माना जाता है कि भगवान परशुराम ने यहां तपस्या की थी और यह स्थान भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। तवांग मठ का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। तवांग मठ, जो दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध मठों में से एक है, भारत से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से जुड़ा है। यह दलाई लामा के भारत आगमन से पहले ही बौद्ध धर्म के पवित्र केंद्रों में गिना जाता था। अहोम साम्राज्य और भारतीय प्रशासन भी एतिहासिक तथ्य के रूप में उभर कर आता है। मध्यकाल में अरुणाचल प्रदेश अहोम साम्राज्य के प्रभाव में था, जो भारत का प्रमुख शक्ति केंद्र था। अहोम शासकों ने इस क्षेत्र को कभी चीन के अधीन नहीं माना। ब्रिटिश शासन में दौरान भी यही वास्तविकता थी। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान अरुणाचल प्रदेश को भारत के पूर्वी क्षेत्र का हिस्सा माना गया। साल 1914 में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के बीच हुए शिमला समझौते में मैकमोहन रेखा को भारत और तिब्बत की सीमा के रूप में मान्यता दी गई थी। भौगोलिक तर्कों को अगर देखा जाय तो अरुणाचल, भारत की प्राकृतिक सीमा में आता है। 1914 में तय की गई मैकमोहन रेखा भारत और तिब्बत की सीमा को स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है। चीन कभी इस समझौते का हिस्सा नहीं था इसलिए उसका दावा पूरी तरह से बेबुनियाद है। अरुणाचल की प्राकृतिक स्थिति पर नजर डालने पर भी यही स्थिति सामने आती है। अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और भारत की भौगोलिक संरचना से जुड़ाव इसे भारत का अभिन्न हिस्सा साबित करते हैं। खास बात यह है कि चीन इस मुद्दे पर एक लंबे कालखंड तक चुप्पी साधे रहा। 1962 के भारत-चीन युद्ध से पहले चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश पर दावा नहीं किया। यह दिखाता है कि चीन का दावा पूरी तरह से राजनीतिक है, न कि ऐतिहासिक या भौगोलिक आधार पर सही। लिहाजा, चीन का दावा कानूनी तर्कों पर भी नहीं ठहरता। चीन का दावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। चीन का यह दावा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है। यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत राज्य है। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संसद द्वारा आधिकारिक रूप से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। यह दर्शाता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का संवैधानिक हिस्सा है। भारत अरुणाचल प्रदेश पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है, वहां लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है और वहां की जनता स्वयं को भारतीय मानती है। चीन की दोहरी नीति है।चीन, ताइवान और तिब्बत पर ऐतिहासिक आधार पर दावा करता है लेकिन जब भारत अपने ऐतिहासिक तर्क प्रस्तुत करता है, तो वह उन्हें नजरअंदाज करता है। चीन ने तिब्बत का जबरन विलय कराया। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया लेकिन भारत ने कभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को चुनौती नहीं दी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्स्की ने कहा था, करोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है। भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है। भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ से ज्यादा है। अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजरायल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिडाड, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं।**

# हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है



हृदयनारायण दीक्षित

**अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्स्की ने कहा था, करोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है। भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है। अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है। यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है? लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं। महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे। भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा



**सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों/सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। लेकिन हिन्दी राजभाषा के असली सिंहासन से दूर है।**

बनाने का प्रस्ताव रखा, ÷हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है। डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं। सेठ गोविंददास ने कहा हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है। इस परम्परा को रखने के लिए और इस बात का खण्डन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं। सभा की बहस रोमांचकारी है। पं. नेहरू ने कहा, हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते। पं. नेहरू अंग्रेजी सहन करने को तैयार नहीं थे। राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिन्दी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परन्तुक' जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिन्दी राजभाषा बनी, किन्तु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत (लैंगुएज, पृष्ठ 52) लिखा ÷यार्कशायर (इंग्लैंड) के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते। तो फिर अंग्रेजी विश्व भाषा क्यों है? प्रख्यात भाषाविद् चिंतक डॉ. रामबिलास शर्मा ने 'भाषा और समाज' (पृष्ठ 401) में लिखा ÷अंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हॉलीवुड की फिल्म दिखाइए, पूछिए, वे कितना समझे? इसके विपरीत हिन्दी की सुबोधता को हर किसी ने माना है। हिन्दी अपनी बोलियों के क्षेत्र में तो समझी ही जाती है गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में भी उसे समझने वाले करोड़ों है। यूरोप में जर्मन और फ्रांसीसी अंग्रेजी से ज्यादा सहायक है। जर्मनी और अस्ट्रिया की भाषा जर्मन है। स्विट्जरलैण्ड के 70 फीसदी लोगों की मातृभाषा भी जर्मन है। चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, युगोस्लाविया और पोलैण्ड के लोग जर्मन समझते हैं। हिन्दी भाषी बढ़े हैं। हिन्दी वाले ज्यादा हैं बावजूद इसके वह अपने ही देश में परिपूर्ण राष्ट्रभाषा भी नहीं है। भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। ब्रिटिश व्यापार और सत्ता के साथ अंग्रेजी लाये थे। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ पूंजी के साथ भाषा लाती है। भाषा के साथ संस्कृति आती है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्सकी ने कहा था, करोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है। भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है। भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ से ज्यादा है। अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजरायल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिडाड, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों/सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। लेकिन हिन्दी राजभाषा के असली सिंहासन से दूर है। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। अपनी सरलता और लोक आच्छादन की क्षमता के कारण। हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास भी जुड़ा हुआ है। स्टालिन पुनर्विचार करें। तमिल और हिन्दी साथ-साथ चलें। राष्ट्र भाषा को वास्तविक सम्मान मिलना ही चाहिए।





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 18:05 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 28:31 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | शुक्ला, 08:50 |
| सूर्योदयः | 06:47 |
| सूर्यास्तः | 18:18 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 08:13-09:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09-12:55 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों के लिए काले तिल के फायदे और उपयोग

**आज** के समय में बालों की समस्याएं बहुत आम हो गई हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे गलत खानपान, प्रदूषण, तनाव, केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स और अनियमित लाइफस्टाइल। लोग अपने बालों को खूबसूरत और मजबूत बनाने के लिए सैलून में हजारों रुपए खर्च कर देते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन समस्याओं का हल आपकी रसोई में ही मौजूद है? आयुर्वेद में काले तिल को बालों के लिए बेहतरीन माना गया है। यह बालों को पोषण देने के साथ-साथ उनकी मजबूती और ग्रोथ को भी बढ़ाने में मदद करता है। काले तिल में एंटीऑक्सीडेंट्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर और विटामिन श्व जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं और उन्हें समय से पहले सफेद होने से रोकते हैं।

**तिल और बालों का संबंधः** तिल को बालों के लिए एक अमूल्य उपहार माना जाता है। इसमें ज्यादा मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम, कॉपर और फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो बालों की जड़ को मजबूत बनाते हैं और बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। तिल में मेलनिन भी पाया जाता है, जो बालों के रंग को बनाए रखने में मदद करता है और बालों को सफेद होने से रोकने का काम करता है। इसके अलावा,



तिल में जिंक और विटामिन श्व भी होते हैं, जो बालों को पोषण प्रदान करते हैं और उन्हें हेल्दी बनाते हैं।

**बालों के झड़ने को रोकेः** तिल का नियमित सेवन बालों के झड़ने को रोकने में मदद करता है। तिल के बीज में जिंक और मैग्नीशियम होते हैं, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं और रक्त संचार को बढ़ाते हैं, जिससे बालों के झड़ने की समस्या कम होती है। तिल का तेल भी बालों की जड़ों में अच्छे से मसाज किया जाए तो यह बालों को मजबूती प्रदान करता है।

बाल सफेद होने की समस्या को रोके तिल में कॉपर पाया जाता है, जो बालों में मेलनिन के उत्पादन को बढ़ाता है। मेलनिन बालों के प्राकृतिक रंग को बनाए रखने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से बालों में सफेदी आने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है और बालों का रंग प्राकृतिक बना रहता है।

**बालों का विकास बढ़ाएः** तिल के बीज में विटामिन श्व और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। तिल के तेल का उपयोग बालों की देखभाल में करने से बालों का विकास तेज होता है और बाल मोटे और मजबूत होते हैं।

**बालों को पोषण देः** तिल में विटामिन क्क कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को पूरी तरह से पोषण प्रदान करते हैं। यह बालों को झड़ने से बचाता है और उन्हें हेल्दी रखता है।

**तिल का तेलः** तिल के तेल का उपयोग बालों की मसाज के लिए किया जाता है। यह बालों की जड़ों तक पहुंचकर उन्हें मजबूत बनाता है और बालों को पोषण देता है।

**तिल का सेवनः** आप तिल को 1-2 चम्मच रोजाना खा सकते हैं। यह इसे स्नैक के रूप में, सलाद में या सब्जियों के साथ भी खा सकते हैं। तिल का सेवन पाचन क्रिया को भी सुधारता है। जिन लोगों का पाचन कमजोर है, वे आधे चम्मच तिल का सेवन कर सकते हैं।

**तिल और नारियलः** आयुर्वेद के अनुसार, तिल को कच्चे नारियल या सौंफ के साथ मिलाकर खाया जा सकता है, खासकर जिन लोगों का पित्त अधिक होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह तिल की गर्मी को संतुलित करता है। तिल का सेवन अधिक मात्रा में नहीं करना चाहिए, खासकर यदि आपको पित्त दोष की समस्या है।

## एक्सप्रेस विशेष

# महाकुंभ : स्मरण और विस्मरण के पार जाती सभ्यता की खनक



गिरीश्वर मिश्र

**यह आयोजन भारत के गौरव को प्रतिष्ठित करने वाला सिद्ध हुआ। भारत की सांस्कृतिक जीवन यात्रा का यह विलक्षण पड़ाव था, जिसमें केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार दोनों की भागीदारी थी। आधे भारत की जनसंख्या को समेट सकने वाले इस आयोजन की चुनौतियाँ भी कम न थीं।**

**इस क्षण के लिए लोगों ने बहुत सारी मुश्किलों का सामना किया पर वे सबकी सब डुबकी लगाते ही झट से काफ़ूर हो गईं। लोगों को अपने अस्तित्व का मानों नया संस्करण मिल गया हो। साधु, संत, संन्यासी, गृहस्थ, भिखारी, धनाढ्य हर कोई एक ही साध के साथ गंगा के निकट और संगम क्षेत्र में जुटा था। गंगा स्नान के अवसर पर सभी एक ही भाव-धारा के अंश थे।**

**धरती** पर अमृत कलश छलकता रहा और उसके अनुभव को मन भर संजोने की साध के साथ जन समुदाय तत्पर और समर्पित रहा। महा-शिवरात्रि के पावन दिवस पर संगम पर आयोजित महाकुंभ के संपन्न होने के साथ हम सब विश्व के अद्भुत और अविश्वसनीय आयोजन के साक्षी बने। गंगा तट पर बालुका की सतह पर एक विशाल नगर को निर्मित कर लम्बे समय तक सभी जरूरी सुविधाएँ मुहैया करते रहना आसान न था। इतने बड़े जन समुदाय की एक स्थल पर अभूतपूर्व उपस्थिति के निश्चय ही भौतिक, सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक आशय और प्रभाव थे जो सिर्फ़ प्रयागराज तक कदापि सीमित न थे। उनका प्रभाव पूरे भारत पर था और देश के बाहर भी पड़ा। ये प्रभाव अल्पकाल ही नहीं दीर्घकाल तक प्रभावी बने रहेंगे। यह आयोजन भारत के गौरव को प्रतिष्ठित करने वाला सिद्ध हुआ। भारत की सांस्कृतिक जीवन यात्रा का यह विलक्षण पड़ाव था, जिसमें केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार दोनों की भागीदारी थी। आधे भारत की जनसंख्या को समेट सकने वाले इस आयोजन की चुनौतियाँ भी कम न थीं। इस दृष्टि से बहुत से प्रबंध हाईटेक के ज़िम्मे थे। परिवहन, भोजन, आवास और यातायात को लंबे समय तक नियंत्रित और व्यवस्थित बनाए रखना बड़ी चुनौती थी। ट्रेनों की अतिरिक्त व्यवस्था भी अपर्याप्त साबित हो रही थी। हवाई जहाज का किराया बहुत बढ़ गया था पर तिस पर उसकी उपलब्धता मुश्किल थी। समर्थ लोग ज़्यादातर अपने वाहन से संगम पहुँच रहे थे। मेला-क्षेत्र में नियंत्रण बनाए रखने के लिए कई ऐसे कदम भी उठाए गए जो आमजनों के लिए कष्टदायी थे। इसके चलते दूर-दूर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी और इसका लोगों ने नाजायज़ फ़ायदा भी उठाया। पार्किंग से मेला क्षेत्र और स्नान के लिए बाइक पर श्रद्धालुओं को ले जाना और वापस लाना खर्चीला था पर अशक्त तथा शीघ्रता से स्नान-विधि पूरा करने को व्यग्र लोगों के लिए यह खर्च करना ही होता था। इसी तरह पेयजल की बोतल खूब मंहगी बिकी। दैनिक प्रयोग की सामग्रियों को भी मंहगी दर पर बेच कर मुनाफ़ा कमाया गया। धर्म और आध्यात्म के कई चमकीले और भड़कीले रंग भी दिखे। नागा, अघोरी, शैव, वैष्णव और विभिन्न मत-मतांतरों का अनुसरण लेने वाले साधु-संत अंततः आत्मचिंतन और आत्मोन्नयन की ओर ही उन्मुख होने की अपील करते रहे। उसके लिए गायन-वादन के साथ आध्यात्मिक परिवेश भी बनाया जा रहा था। उपस्थित जनसमूह में भाषा-भेद भी थे पर सभी आस्था की भाषा से आलोकित हो रहे थे। अखाड़े और उनकी पेशवाई के अवसर लोगों के लिए कौतूहल के कारण बन रहे थे। हर वर्ग, जाति, क्षेत्र और आयु के लोगों के लिए एक विलक्षण अवसर था जब सभी अपनी निजी अस्मिता और अलग पहचान छोड़ एक साझा अनुभव का हिस्सा हो रहे थे। गंगा मैया में डुबकी लगाने की साध लिए बालक, युवा और वृद्ध सबमें अदम्य उत्साह देखने को मिला जिसकी बदौलत तमाम दुश्वारियों के बीच इतना बड़ा आयोजन हो सका। सरकारी अमले के उपर बड़ी जिम्मेदारी थी और उसने निभाई भी हालाँकि व्यवस्था की चूक भी कुछ अवसरों पर हुई जिसके चलते श्रद्धालुओं को कष्ट हुआ और दुखद प्राण-हानि की घटनाएँ भी हुईं। इनसे सीख कर भविष्य के लिए तैयारी जरूरी है जो सरल नहीं है। यह आयोजन प्रयागवासियों के धैर्य की भी परीक्षा थी जब डेढ़ महीने तक सामान्य जीवन पर अंकुश लगे थे और आमजन को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा। वीआईपी सबसे ऊपर रहे और उनकी देखभाल सब पर भारी थी। उसने बार-बार आमजनों को कष्ट दिया। संगम में जहां आम जनों का संगम हो रहा था वहीं राजनीतिक पार्टियों में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तनातनी भी उभर कर सामने आती रही। लोक मन की उदारता से जाने कब ये दल सीख सकेंगे और दर्प तथा अहंकार की बर्फ़ पिघल सकेगी। इतने बड़े मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करना सरल न था। इसके लिए लंबी तैयारी, संसाधन जुटाना और स्वास्थ्य, नागरिक सुविधा, यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखना बड़ी चुनौती थी। यह सब बड़े पैमाने पर हुआ और लोगों ने सहयोग किया। समूह मन कैसे कम करता है और किस तरह आमजन अपने-अपने सच को गढ़ते हैं, इसका अंदाज़ा संगम क्षेत्र से छन कर आ रही उन किस्से-कहानियों से झलकता है जिसमें गंगा स्नान से अपने को नया करने और अपनी आस्था और निष्ठा को जीवंत करने की चेष्टा थी। एक अदम्य, उत्कट जिजीविषा और संकल्प के साथ असंख्य लोग जिस रूप में उपस्थित थे वहाँ एक सच्यता शब्दों से अधिक भाव और कर्म में स्वयं को प्रमाणित करती दिख रही थी।

# वालीबॉल, कबड्डी तथा खोखो से हुआ सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ

- विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, सांसद व अन्य अतिथियों ने किया उत्साह वर्धन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



सांसद खेल प्रतियोगिता का दीप प्रचलित कर उद्घाटन करते सांसद आनंद गोंड

सांसद खेल महाकुंभ'' लोकसभा क्षेत्र-56 बहराइच के अन्तर्गत आज दिनांक 01 मार्च 2025 को महसी तहसील पर बड़नापुर ब्लाक मुख्यालय के सामने तेजवापुर में जिला स्तरीय बालक/बालिकाओं की एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल एवं खो-खो खेल का आयोजन भव्यतापूर्ण कराया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ आनन्द कुमार गोड़, सांसद, लोकसभा क्षेत्र-56, बहराइच द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि के रूप मे रमाकर पाण्डेय जी उपस्थित रहें। अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ खेल प्रतियोगिता में आयोजित विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में बलहा एवं महसी ब्लाक के लगभग 250 खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच में परिणाम निम्नलिखित रहाः-खो-खो बालक वर्ग में महसी बनाम तेजवापुर के मध्य हुआ जिसमें महसी टीम विजयी रही, खो-खो बालिका वर्ग में तेजवापुर बनाम महसी के मध्य हुआ जिसमें तेजवापुर टीम विजयी रही, कबड्डी बालक वर्ग में महसी बनाम तेजवापुर के मध्य हुआ जिसमे महसी विजयी रही, कबड्डी बालिका वर्ग में तेजवापुर बनाम महसी के मध्य किया गया जिसमें तेजवापुर विजयी रही, वालीबाल बालक वर्ग में तेजवापुर बनाम महसी के मध्य हुआ जिसमें तेजवापुर विजयी रही एवं वालीबाल बालिका वर्ग में तेजवापुर बनाम महसी के मध्य हुआ जिसमें महसी विजयी रही है। 100 मी0 में प्रथम रवि सिंह महसी द्वितीय फरमान अली तेजवापुर तृतीय खुशीराम महसी व बालिका वर्ग में प्रथम साक्षी तेजवापुर द्वितीय चॉदनी महसी तृतीय रोशनी तेजवापुर स्थान प्राप्त किया। 200 मी0 में बालक वर्ग में प्रथम मो0 दिलशान महसी द्वितीय फरमान अली तेजवापुर तृतीय मोनू महसी व बालिका वर्ग में प्रथम चाँदनी महसी द्वितीय मीना तेजवापुर तृतीय साक्षी तेजवापुर विजयी रही। 400 मी0 बालक वर्ग में प्रथम शिवा कश्यप द्वितीय लखविन्दर सिंह तृतीय ऋषि मिश्रा व बालिका वर्ग में प्रथम साक्षी पाल द्वितीय तरन्नुम बानो तृतीय कलावती स्थान प्राप्त कर विजयी रही है। 800 मी0 बालक वर्ग में प्रथम शिवा कश्यप महसी द्वितीय फरमान अली तेजवापुर तृतीय लखविन्दर सिंह महसी व बालिका वर्ग में प्रथम साक्षी पाल तेजवापुर द्वितीय तरन्नुम बानो महसी तृतीय कलावती तेजवापुर ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बीडीओ तेजवापुर, खेल शिक्षक जगदीश प्रसाद, श्री विनोद यादव अजय सरोज, श्री पंकज कुमार, राजकुमार, प्रमोद कुमार, राकेश पासवान, मो.आरिफ चन्दन कुमार, देवेन्द्र कुमार, प्रदीप, अवधेश कुमार आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहें। अन्त में क्रीड़ा अधिकारी बहराइच द्वारा आये हुये समस्त अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया।

## अरहर के खेत में मिले युवती के शव मामले का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** सीतापुर की निवासी एक 18 वर्षीय युवती को उसका सगा भाई मार कर बहराइच के हरदी थाना के एक खेत में फेंक कर फरार हो गया। इसकी लाश मिलने फर मामला लावारिश में दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने किया खुलासा। मृतका के छोटे भाई ने बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर दी है तहरीर। बीते शुक्रवार को जिले के हरदी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बाहरपुर स्थित एक अरहर के खेत में 18 वर्षीय युवती की लाश मिली थी। पुलिस ने मामला अज्ञात में दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका की पहचान सीतापुर जिले के थाना थानगांव गांव क्षेत्र के रन्डा गांव निवासी चंदा के रूप में हुई है। मृतका के मामा लखीमपुर खीरी के शारदा नगर निवासी विक्रम चौहान ने पुलिस को बताया कि सीतापुर जिले के थाना थानगांव अंतर्गत रन्डा गांव निवासी 18 वर्षीय चंदा के माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी ।उसके साथ तालमेल ठीक न होने के कालण वह बाराबंकी जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकईगंज में अपनी बुआ के यहां रहती थी। इस मामले में हरदी थाना प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के भाई आकाश ने अपने भाई चंदन पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ पूरी कराई है।

# नानपारा–रूपईडीहा होते हुए नेपालगंज पहुंच रहा मादक पदार्थ

### एक साल में 260 मादक द्रव्य तस्करों को बांके पुलिस ने पकड़ा

बांके के एसपी तुल बहादुर कार्की ने बताया कि जनवरी 2024 से 02 मार्च 2025 तक 260 युवा-युवातियों को बांके पुलिस ने पकड़ा है।

- 238 नेपाली पुरूष
- 16 नेपाली महिला
- 06 भारतीय पुरूष शामिल है।

### इन सबके पास से

- 1 किलो 901 ग्राम स्मैक
- 4 किलो 220 ग्राम चरस
- 3 किलो गांजा
- 1 लीटर से अधिक कोरेक्स
- 8465 नशीली टेबलेट बरामद

**ये सभी आरोपी नेपाल की जेल में बंद है।**



### पांच हजार नशीली टेबलेट सहित एक नेपाली व दो भारतीय गिरफ्तार

शनिवार की शाम रुपईडीहा से नेपालगंज बाइक द्वारा जाते तीन युवकों को क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय जैसपुर के जवानों ने पांच हजार ट्रामाडोल टेबलेट सहित गिरफ्तार किया है। भारतीय नम्बर की बाइक से तीन युवक नेपालगंज जा रहे थे। जांच के दौरान तीनों के पास उक्त टेबलेट बरामद हुई। पड़ोसी नेपाली जिला बांके के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि जांच के दौरान तीनों की जेब से पांच सौ पत्ते ट्रामाडोल टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि ये टेबलेट हम रुपईडीहा से लेकर आये हैं। डीएसपी ने यह भी बताया कि इस प्रकार की नशे में प्रयुक्त होने वाली टेबलेट नेपाल में प्रतिबंधित हैं। पकड़े गए युवकों की पहचान नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 10 ट्रैफिक चैक निवासी 24 वर्षीय नफीस अहमद कबड़िया व 18 वर्षीय सद्दाम सय्यद यहीं के 38 वर्षीय जियाउल शेख के रूप में हुई है। जियाउल शेख व सद्दाम सय्यद ने अपने बयान में कहा है कि वह कलकत्ता के रहने वाले है। अब ट्रैफिक चैक पर रहते है। तीनों को टेबलेट सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु नेपालगंज स्थित एसपी कार्यालय भेज दिया गया है।

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

रूपईडीहा। सीमावर्ती भारतीय क्षेत्रों से नेपाल को मादक द्रव्य की तस्करी हो रही है। यदा-कदा भारतीय सुरक्षा बल इन मादक द्रव्य तस्करों को पकड़ भी रहे है। परन्तु इन तस्करों के गैंग को तोड़ने में सुरक्षा बल नाकाम है। उधर पड़ोसी नेपाली जिला बांके की पुलिस ने मुखबिर व सादे पोशाक में अपने जवानों को सीमावर्ती नेपाली क्षेत्र में तैनात कर रखा है। जिससे बड़े बड़े मादक द्रव्य तस्कर पकड़े भी जा रहे है। नेपाल से आ रहा चरस अफीम व गांजा भारतीय सुरक्षा बल पकड़ रहे हैं। इसी प्रकार स्मैक, नशीली गोलियां व इंजेक्शन नेपाली सुरक्षा बल पकड़ रहे हैं। नेपाल का युवा रुपईडीहा आकर स्मैक, कोरेक्स, फेंसिड्रिल व नशीली गोलियों का प्रयोग कर रहा है। मुनाफे के लिए यही पदार्थ नेपाल ले जा रहा है। भारतीय क्षेत्र से मादक पदार्थों की तस्करी नेपाली जिला बांके, बर्दिया, कंचनपुर, कैलाली, दांग, दैलेख, जाजरकोट, रुकुम, रोल्पा व जुम्ला सहित काठमांडू तक हो रही है। यही हाल नेपाल से चरस, अफीम व गांजे की तस्करी भारतीय क्षेत्र में हो रही है। सिर्फ रुपईडीहा में ही इस जानलेवा नशे ने एक दर्जन युवा युवतियों को निगल लिया। कई नेपाली युवक नशे के कारण रुपईडीहा में मृत अवस्था मे पाए गए। दोनो ओर की सरकारों को इसके विरुद्ध कोई जमीनी कार्यवाही करनी पड़ेगी अन्यथा दोनो देशों का युवा वर्ग नशे की गर्त में धंस जाएगा। बीते 20 फरवरी को नानपारा निवासी विशाल अहमद को बांके पुलिस ने 3 सौ 51 ग्राम स्मैक से पकड़ा था। यह युवक रूपईडीहा होते हुए मोटर साइकिल से नेपालगंज पहुंचा था। बीते 25 फरवरी को बहराइच के काजीपुरा निवासी अल्बक्स खां को बांके पुलिस ने 7 सौ 22 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था। यह युवक भी रूपईडीहा होते हुए नेपालगंज मोटर साइकिल से पहुंचा था। यह बरामदगी अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है।

इसी दिन एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने 20 ग्राम स्मैक के साथ कस्बा निवासी सलीम को पकड़ा था।

# होटल रेस्टोरेंट की आड़ में परोसी जा रही शराब

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



सारे नियम कानून को ताक पर होटलों तथा कस्बे से लगे आसपास के ढावो में शराब जमकर परोसी जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस व आबकारी विभाग की मिलीभगत से होटल संचालक जमकर चांदी काट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर देर रात तक नियम विरुद्ध तरीके से शराब की दुकानों से खुलेआम शराब भी बेची जा रही है।यही कारण है कि शराब के नशे में आए दिन कस्बों में विवाद का माहौल बना रहता है जिस कारण से आसपास के निवासियों को इन शराबियों की हरकतों से हमेशा परेशान होना पड़ता है। पुलिस द्वारा इस पर लगाम लगाने की अपेक्षा पूर्णरूपेण संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।यही कारण है कि यह होटल और शराब दुकान देर रात तक नियम विरुद्ध तरीके से संचालित होती रहती हैं।हैरानी की बात है कि जिन कंधों पर इन अवैध व्यापार करने वालों पर सख्ती के साथ बंद कराने की जिम्मेदारी होती है। वही स्वयं अपना संरक्षण देकर अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। एक और जहां मुख्यमंत्री अवैध कार्य करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे हैं। वहीं पलिया सम्पूर्णानगर पुलिस ऐसे कृत्य करने वालों के लिए अपना संरक्षण प्रदान कर रही है। पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबार करने वालों को खुली छूट दी जा रही है जिससे लोगों का वैसे भी पूर्व से ही और अब तो भरोसा पूर्णरूपेण उठ गया है। क्योंकि आये दिन चाकू, चोरी, लूट, छेड़छाड़ की घटनाओं ने वैसे भी पुलिस पर से आम जनमानस का विश्वास खो दिया है। खुलेआम होटलों में शराबखोरी होने के चलते इनके आसपास ऐसे लोगों के जमावड़ा और विवाद को कभी भी देखा जा सकता है। पिछले माहिनो दुधवा रोड़ एकांत में बनें होटलों में मार-पीट चाकूबाजी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

थाना क्षेत्र मे कई ऐसे होटल व ढाबे हैं जिनमें ग्राहकों को लुभाने के लिए शराब का प्रबंध खुलेआम किया जाता है जिससे वह मोटा मुनाफा तो कमा ही रहे हैं बल्कि पुलिस भी इन से अच्छा खासा लाभ ले रही है। शाम होते ही होटलों में शराबियों का जमघट लगना प्रारंभ हो जाता है कई बार तो शराबी दिन के समय भी शराब के नशे में घूमते उत्पात मचाते हुए देखे जाते हैं जिस कारण से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो जाता है। इन जगहों पर पिलाई जा रही शराब दुधवा रोड़, बंसी नगर, सिगहिया, मंडी रोड़, फैक्ट्री रोड़, चौकी के आस पास, टेहरा तिराहा, सम्पूर्णानगर बसही रोड़,फैक्ट्री रोड, बमनगर, गदनिया, सुमेरनगर, सहित तमाम जगहों पर अड्डे बने हुए हैं जहां पर पीने पिलाने को लेकर मार-काट हो जाती है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ने सांसद को सौपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



अटेवा पेंशन बचाओ मंच लखीमपुर के बैनर तले जिला सयोजक विश्वनाथ मौर्य के नेतृत्व में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर को ज्ञापन सौपकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गयी द्य ज्ञापन लेने के बाद सांसद उत्कर्ष वर्मा ने बताया कि हमारी पार्टी पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में है। सांसद महोदय ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर शिक्षक कर्मचारियों, अधिकारियों तथा देश के पैरामिलिट्री के जवानों की इस समस्या से अवगत कराया जायेगा और आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाएंगे और पुरानी पेंशन बहाली के लिए संसद में प्राइवेट मेंबर बिल लाने का प्रयास करेंगे। अटेवा/NMOPS के प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला संरक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि NPS व यूनिफाइड पेंशन स्कीम (PS) शिक्षक कर्मचारियों के साथ धोखा हैं।कर्मचारियों को ये स्वीकार्य नहीं है।जिला संयोजक श्री विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि अटेवा/हस्र्क्क के आंदोलन का उद्देश्य नई पेंशन योजना (ह्रक्क) को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ह्रक्क) को बहाल करना है। अटेवा शिक्षक कर्मचारियों के हक़ को हर हाल में दिलाएगा, निजीकरण देश को खोखला कर रहा है। इसके खिलाफ सभी को लड़ना होगा। महामंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि क्क जैसी योजनाएं उनके भविष्य के साथ अन्याय करती हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए अटेवा/ हस्र्क्क के साथ हर कर्मचारी और शिक्षक एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि ह्रक्क और क्क के विरोध और ह्रक्क की बहाली के लिए अटेवा एन.एम.ओ.पी,एस. ने 1 मई को दिल्ली के जंतर मंतर पर हुंकार भरने का ऐलान कर दिया हैद्य अब अपने हक़ के लिए आर पार की लड़ाई होगी।

जिला कोषाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि अटेवा/ हस्र्क्क की इस पहल को लेकर प्रदेश के सभी विभागों में आक्रोश देखा गया और यह आंदोलन धीरे-धीरे एक राष्ट्रीय मुद्दा बनता जा रहा है।

इस अवसर पर मनोज वर्मा, राजेश पांडे, डॉ कमल मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, सतीश वर्मा, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, नीलम राज, आरती गुप्ता, प्रफुल्ल भारती, विनोद, रामानुज वर्मा, कमलेश यादव, अवधेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार, सीताराम मौर्य, पंकज वर्मा, राजेश कुमार, जावेद अख्तर, राम सजीवन विश्वकर्मा, राम यश प्रजापति, आनंद पाल, कैलाश शंकर, प्रशांत सिंह, आशु, मेराज आदि सैकड़ो शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरएन स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**जन एक्सप्रेस । तिकुनियां खीरी।** कस्बा स्थित आर एन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कालेज के बच्चों ने भक्ति गीत, देशभक्ति गीत, लोकगीत प्रस्तुत कर शिक्षा प्रद नाटकों का मंचन किया। रविवार को कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश व सरस्वती वंदना से हुई। स्वागत गीत के बाद गरबा, गिद्धा और भागड़ा नृत्य पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम में बेटी हमारी अनमोल, ओम साई राम, पापा मेरे पापा, तुझ में रब दिखता है, संदेशे आते है आदि गीत भी सराहे गए। मोबाइल बुरी बला है, शोसल मीडिया और वृद्धा आश्रम नाटकों के मंचन से लोगों को जागरूक किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज बेलरायां ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट, अध्यापकों और अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर रखने का निवेदन भी किया। इस अवसर पर शिवकुमार गर्ग, लखविंदर सिंह, नीरज मित्तल, प्रदीप गर्ग, अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पंकज मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र में एक सड़क हादसे में किसान घायल हो गया। यह हादसा कैमाहरा गांव के बाहर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। 2 मार्च को सुबह 7 बजे की घटना है। कैमाहरा निवासी रामू (पिता चंद्रिका) साइकिल से खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रामू साइकिल से गिर गए ।स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घायल रामू को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान अभी-अभी थोड़ी देर पहले मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इससे आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नशामुक्ति और शाकाहार का संदेश लेकर निकलीं जय गुरुदेव प्रचार यात्रा

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** बाबा जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था, उज्जैन के उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत जी महाराज के निर्देशन में लखीमपुर शहर में एक भव्य प्रचार यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य नशामुक्ति, शाकाहार, सदाचार, गौ रक्षा और सतयुग आगमन का संदेश प्रसारित करना था। संस्था के लखीमपुर जिला अध्यक्ष देशराज वर्मा के नेतृत्व में यह यात्रा कमलापुर स्थित जय गुरुदेव आश्रम से प्रारंभ हुई ।यात्रा का मार्ग संकटा देवी से होते हुए श्रीराम चौराहा पहुंचा ।फिर स्टेशन रोड और गोला रोड से होकर पुनः आश्रम पर समाप्त हुई ।यात्रा का विशेष जोर समाज को शाकाहारी जीवन अपनाने और नशामुक्ति की ओर प्रेरित करने पर था। साथ ही लोगों को चरित्रवान बनने के लिए जागरूक किया गया। पूरी यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### 100 पौधों का रोपण परिसर में किया गया

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रबंधक बालाजी एजुकेशन एकेडमी विकास वर्मा जी व सर्वेश वर्मा जी प्रधानाचार्य रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर व प्रधानाचार्य रिशु वर्मा प्रधानाचार्य बालाजी एजुकेशन एकेडमी जी वह विनोद जी प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल कॉलेज कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा परिसर में सुंदरीकरण 100 पौधों का रोपण परिसर में किया गया।

### डंपर ने साइकिल सवार को कुचलाकिशोर की हालत गंभीर, चालक डंपर समेत फरार

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दुर्गा पुरवा मोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किशोर की पहचान दुबहा गांव निवासी विशाल के रूप में हुई है। घटना के समय विशाल साइकिल से खेत जा रहा था। टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने डंपर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। स्थानीय लोगों ने घायल किशोर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया। डॉक्टरों ने विशाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मक्का मदीना उमरा करने के लिए जाते वक्त लतीफ खान को फूल माला पहनाकर रवाना किया

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** निघासन ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलरिया पत्थर शाह के ग्राम डांगा निवासी लतीफ खान उमरा करने के लिए मक्का मदीना जाते वक्त ग्रामवासियों ने फूल माला पहनाकर रवाना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत गुलरिया पत्थर शाह के ग्राम डांगा निवासी लतीफ खान जोकि ग्राम डांगा से उमरा करने के लिए मक्का मदीना जाते समय ग्रामवासियों ने लतीफ खान को बड़े प्यार और बड़े सम्मान के साथ फूल माला पहनाके मक्का मदीना उमरा करने के लिए रवाना किया। लतीफ खान ने बताया कि में बड़ा खुशनसीब हूं जो पहली बार उमरा करने के लिए मक्का मदीना जा रहा हूं जहा मक्का मदीना जाकर अपने क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण भारत के लिए अमन चैन की दुआएं करूंगा में बड़ा किस्मत वाला हूं जो जीवन में पहली बार ग्राम डांगा से मक्का मदीना उमरा करने के लिए जा रहा हूं। इस दौरान ग्राम पंचायत गुलरिया पत्थर शाह के प्रधान आशिक अली के साथ साथ भारी संख्या में ग्राम वासियों ने लतीफ खान को बड़े मान सम्मान के साथ मक्का मदीना उमरा करने के लिए रवाना किया।

### सरकारी व गैर-सरकारी भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

# बड़े बुजुर्ग तो रोजा रख ही रहे हैं, छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**

रविवार से रमाजन उल मुबारक का पवित्र महीना शुरू हो गया है।रमज़ान के पवित्र माह में इस्लाम धर्म मानने वाले लोग रोजा रख रहे हैं। बड़े बुजुर्ग तो रोजा रख ही रहे हैं, छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं हैं।नन्हेध्मुन्ने बच्चों ने भी तेज धुप व भीषण गर्मी में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे और पांचों वक्त के नमाज भी अदा किए।रविवार को जिन बच्चों ने बार रोजा रखा उनके परिवार वालों ने उनकी हौसलाअफजाई की। शाम को इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। अल्लाह की इबादत करने में बड़े तो बड़े नन्हेध्मुन्ने बच्चे भी पीछे नहीं रहे। बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया। बच्चों ने भी इस धुप व गर्मी में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगुल रहे।क़स्बे के मसरूर खान के 12 वर्षीय बेटे मो0 असद खान ने रोजा रखने के लिए अम्मी-अब्बू के साथ उठकर सेहरी की और रोजा रखने की नियत कर ली। दोपहर होते-होते भुख-प्यास लगी तो कुछ परेशानी तो महसूस हुई, लेकिन जैसे-जैसे दिन ढ़लने गया हिम्मत बढ़ती गई और शाम को इफ्तार कर अपना रोजा मुक़म्मल किया।

मोहम्मद हारून के बेटे आठ वर्षीय हमज़ा देखने में दुबले-पतले हैं। लेकिन इस रमज़ान में सभी रोजे रखने की नियत की हैं। उनकी शारीरिक दशा देख अम्मी-अब्बू मना कर रहे थे। फिर भी इरादा कर लिया की रोजा रखना है।

कस्बे के चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम के बेटे मो0 हसनैन ने बताया कि रमजान के पवित्र महीना में सभी मुसलमानों को रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। क्योंकि यह महीना सब्र का होता है। पवित्र माह रमजान के महीने में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करने से इंसान अपने आप को अल्लाह के करीब पाता है। मासूक खां की बेटी फ़ातिमा ने रोजा रखा।

उन्होंने बताया कि पहले अम्मी-अब्बू को रोजा रखते देखकर रोजा रखने का ख्याल आया। भुख-प्यास के फिक्र में हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। इस बार अब्बू-अम्मी के मना करने बाद भी रोजा रखी हूं।

## अखिल भारतीय पाल महासभा की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गई

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

बैठक में जिले की नवीन कार्यकारिणी के गठन के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की शताब्दी जयंती का आयोजन की योजना रचना पर चर्चा की गई साथ ही 23 मार्च को सरोजनी वाटिका में अपराह्न 11 बजे समाज का होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामनरेश पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई होलकर नारियों के साथ सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणा हैं आज की नई पीढ़ी को उनकी जीवनी, देश और समाज के प्रति समर्पण का ज्ञान अवश्य ही होना चाहिए और इसी उद्देश्य से सर्व समाज को संगठित कर त्रि शताब्दिक जयंती वृहद रूप से मनाई जाएगी जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोकमाता के त्याग बलिदान को आम जनमानस को बोध कराया जाएगा। बैठक में आनंद प्रकाश पाल, विश्वनाथ पाल, कमल पाल, श्रीराम पाल, विनोद पाल, शुभम पाल, धीरेन्द्र पाल, नीरज पाल, हरवंश पाल आदि ने महासभा के दायित्वों का निर्वहन व जयंती में तन, मन, धन और समय देकर सफल बनाने का संकल्प लिया।

# राजस्थान में फॉरेस्ट अधिकारी की हत्या के विरोध में वनकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध




**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

**रुपईडीहा।** शनिवार की शाम रुपईडीहा रेंज कार्यलय में वनाधिकारियों व कर्मचारियों ने राजस्थान के जोधपुर जिले में फारेस्ट ऑफिसर की ड्यूटी के दौरान खनन माफियाओ की ओर से की गई निर्मम हत्या के विरोध में रेंज कार्यालय पर शोक सभा की गई। वन अधिकारी और कर्मचारी पूरे दिन हाथ में काली पट्टी बांध कर घटना का विरोध किया।

इसके साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन कर प्रार्थना की गई।

रुपईडीहा वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि फारेस्ट ऑफिसर सख्त ड्यूटी कर रहे थे। अवैध खनन हो रहा था। खनन माफियाओं ने उनकी हत्या कर दी। इसी के विरोध में ये कैंडल मार्च निकाला गया है।

दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर उप वन क्षेत्राधिकारी विनय राणा, वन दरोगा अरशद खान, हरिओम गौतम व वन रक्षक ब्रम्ह देव, अमीन, सुमित, व अरविंद आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

## जनपद में बढ़ते सड़क हादसे पर जिम्मेदार बेपरवाह

**जन एक्सप्रे । लखीमपुर खीरी।** जनपद में ओवर हाइट गन्ना लदे वाहनों का संचालन नहीं रुक रहा है जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं उसके बाद भी संबंधित चीनी मिल एवं विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं आपको बता दें कि अभी कल दिनांक 1 मार्च 2025 को पड़ोसी जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र के अंतर्गत हरगांव चौराहे पर ओवर हाइट गन्ना भरा ट्रक पलट गया था जिसमें दो लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई थी और अन्य लोग घायल हो गए थे गन्ना भरा ट्रक उस समय पलटा था जब वह चीनी मिल को गन्ना लेकर हरगांव आ रहा था इसी बीच हरगाँव चौराहे पर अनियंत्रित होकर गन्ना भरा ट्रक एक ऑटो पर पलट गया था ।वहीं जनपद लखीमपुर खीरी में ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है और पुलिस परिवहन विभाग के अधिकारी हादसे को रोकने में फेल साबित हो रहे हैं जनपद की सड़कों पर लगातार ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों का संचालन लगातार जारी है इसके बाद बड़े हादसे होने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे गन्ना ढ़ोने वाले चालकों सहित ठेकेदारों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# गेंद घर मैदान में 08 से 10 मार्च तक आयोजित होगा बहराइच महोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिले में 08 से 10 मार्च 2025 तक गेंद घर मैदान में आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर दर्शकों के पास स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ उपहार जीतने का अवसर भी रहेगा। बहराइच महोत्सव को अधिकं आकर्षक व रूचिकर बनाने तथा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दर्शकों के लिए 02 श्रेणी में कूपन की व्यवस्था की जा रही है। प्रथम श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 500=00 तथा द्वितीय श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 200=00 निर्धारित किया गया है। प्रथम श्रेणी के कूपन विजेताओं को लकी ड्रा में जहां स्कूटी व टैबलेट आदि वस्तुएं उपहार में मिलेंगी वहीं द्वितीय श्रेणी कूपन विजेताओं को इलेक्ट्रानिक प्रेस, मोबाइल फोन व मिक्सीजूसर आदि वस्तुएं प्रदान की जायेंगी। बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन 10 मार्च 2025 को गेंद घर मैदान में दर्शकों की मौजूदगी में लकी ड्रा निकाला जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में कूपन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त खण्ड विकास अधिकारी व नगर निकायों, जिला स्तरीय कार्यालयों एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी के कार्यालय से इच्छुक व्यक्ति निर्धारित मूल्य पर कूपन प्राप्त कर सकेंगे। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि 08 मार्च से आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# गोरखपुर की वाटरबॉडी का होगा कायाकल्प, 5.63 करोड़ से होगा सुंदरीकरण, आकर्षण का बनेगा नया केंद्र

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित 42 एकड़ में फैली वाटरबाडी के कायाकल्प का काम शुरू करा दिया है। पहले चरण में छह एकड़ तक के वाटरबाडी का सुंदरीकरण होगा और बाकी हिस्से की सफाई होगी। इस परियोजना पर 5.63 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। 30 एकड़ की वाटरबाडी का प्राधिकरण फिलहाल सिर्फ सफाई कराएगा।

गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित 42 एकड़ में फैली वाटरबाडी के कायाकल्प का काम शुरू करा दिया है।

पहले चरण में प्राधिकरण अपनी आवासीय योजना वैशाली के सामने से लेकर रेल विहार कालोनी के पीछे तक छह एकड़ में वाटर बाडी की सफाई के साथ ही उसका सुंदरीकरण भी कराएगा। बारिश का मौसम शुरू होने तक वाटर बाडी का यह हिस्सा विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर उभरेगा और रामगढ़ताल व चिड़िया घर घूमने आने वाले पर्यटकों, स्थानीय लोगों को अपनी ओर लुभाएगा। वहीं नौकायन के सामने छह एकड़ की वाटर बाडी के सुंदरीकरण का कार्य प्राइवेट फर्म पहले से करा रही है। बाकी बचे 30 एकड़ की वाटरबाडी का प्राधिकरण फिलहाल सिर्फ सफाई कराएगा। दूसरे चरण में इसके भी सुंदरीकरण की योजना है।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक नौकायन से तारामंडल की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के नीचे से सांसद रवि किशन के आवास के पीछे से होते हुए रेल विहार कालोनी तक छह एकड़ में फैली वाटरबाडी का जीडीए सुंदरीकरण करा रहा है। साथ ही बाकी की वाटर बाडी की सफाई कराई जा रही है।

5.63 करोड़ रुपये की इस परियोजना का पिछले सप्ताह जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने निरीक्षण कर जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह के मुताबिक छह एकड़ में वाटरबाडी की सफाई के साथ ही गैबियन वाल (वाटरबाडी के किनारे मिट्टी की कटान रोकने को बोल्डर की दीवार) बनाने का काम चल रहा है। छह एकड़ में वाटर बाडी का सुंदरीकरण, जबकि 30 एकड़ क्षेत्रफल में फैली बाकी की वाटरबाडी की सफाई कराई जा रही है। तीन से चार माह में यह कार्य पूरा हो जाएगा। दूसरे चरण में बाकी की वाटर बाडी का भी सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके बाद पत्थर बिछाने के साथ ही वाटर बाडी के किनारे पाथवे, रेलिंग और आकर्षक सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। जगह-जगह बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। करीब तीन साल पहले भी जीडीए ने पीपीपी मोड पर पूरी वाटर बाडी के सुंदरीकरण की योजना बनाई थी लेकिन, वह बीच में ही लटक गई।

# कोका-कोला की बोतल के लिए गीडा में तैयार होगा प्लास्टिक दाना

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कोका-कोला की बोतलों के लिए प्लास्टिक दाना तैयार करने वाली कंपनी एसएलएमजी बेवरेजेज की स्थापना से न केवल 600 लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि प्लास्टिक पार्क की कंपनियों की जरूरतों को भी पूरा किया जा सकेगा। कंपनी हर साल 36 हजार टन प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल कर 24 हजार टन ग्रेनुअल (दाना) तैयार करेगी।

बेकार हो चुकीं प्लास्टिक की बोतलें गोरखपुर के उद्योगों के लिए भी काम आने वाली हैं। बेकार हो चुकीं बोतलों को रिसाइकिल कर कोका कोला कंपनी की बोतलों को बनाने के लिए प्लास्टिक का दाना (रेजिन) तैयार होगा। कोका कोला की पार्टनर कंपनी एसएलएमजी बेवरेजेज अगले साल से इसका उत्पादन शुरू कर देगी।

गीडा के प्लास्टिक पार्क में भूखंड के आवंटन के बाद कंपनी ने निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। नए साल की शुरुआत से ही कंपनी वेस्ट प्लास्टिक बोतल को रिसाइकिल कर इस दाने को तैयार करना शुरू कर देगी।इससे न सिर्फ 600 लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि प्लास्टिक पार्क की कंपनियों की जरूरतों को भी पूरा करेगा।

प्लास्टिक की बोतलें शहर की भी बहुत बड़ी समस्या हैं। ये न सिर्फ नालों आदि को चोक कर देतीं हैं बल्कि अन्य कई तरह से पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचाती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इनके निदान की कवायद शुरू की गई है। अपनी गोरक्षनगरी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। प्लास्टिक की बोतल वाले कचरे को रिसाइकिल कर फिर से काम का चीज बना दिया जाएगा। एसएलएमजी बेवरेजेज इसके लिए रिसाइकलिंग प्लांट लगाने जा रही है। कंपनी की योजना के अनुसार कोका कोला की पार्टनर कंपनी एसएलएमजी बेवरेजेज हरेक साल इस तरह के 36 हजार टन प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करेगी और करीब 24 हजार टन ग्रेनुअल (दाना) तैयार करेगी। बेकार हो चुके प्लास्टिक का फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाकर कंपनी न सिर्फ पर्यावरण को संरक्षण करने में मदद करेगा। साथ ही यह संयंत्र देश में प्लास्टिक कचरे को कम करने में मदद करेगा। यह पैकेजिंग के अलावा अन्य प्लास्टिक उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराने में भी मददगार साबित होगा।

कंपनी को हरेक साल करीब 36 हजार टन प्लास्टिक की बोतलों की आवश्यकता पड़ेगी। इस जरूरत को कंपनी आसपास के जिलों से पूरा करेगी। वहीं, अगर यहां की बेकार हो चुकी प्लास्टिक बोतलें कंपनी के मानक पर खरी उतरेंगी तो कंपनी यहां से इनकी खरीद करेंगी।

# एलायंस एयर की उड़ान रद: कई फ्लाइटें घंटों लेट, यात्री हुए परेशान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




गोरखपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को एलायंस एयर की दिल्ली जाने वाली उड़ान रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्पाइस जेट की फ्लाइट के लगातार देरी से आने की वजह से अन्य फ्लाइटों का शेड्यूल भी गड़बड़ा गया। कई फ्लाइटों को आउटर पर इंतजार करना पड़ा जिससे यात्रियों को अधिक समय तक एयरपोर्ट पर रुकना पड़ा।

एयरपोर्ट पर शनिवार को फ्लाइट संचालन पूरी तरह से अव्यवस्थित रहा। तकनीकी खराबी के कारण एलायंस एयर की दिल्ली जाने वाली उड़ान को रद कर दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, स्पाइस जेट की फ्लाइट के लगातार देरी से आने की वजह से अन्य फ्लाइटों का शेड्यूल भी गड़बड़ा गया। इसके कारण कई फ्लाइटों को आउटर पर इंतजार करना पड़ा, जिससे यात्रियों को अधिक समय तक एयरपोर्ट पर रुकना पड़ा।

शनिवार को इंडिगो की दिल्ली से आने वाली फ्लाइट 44 मिनट की देरी से एयरपोर्ट पहुंची। इसके चलते 12:25 पर दिल्ली जाने वाली उड़ान भी प्रभावित हुई और इसे 1ः17 बजे उड़ान भरनी पड़ी। वहीं, स्पाइस जेट की दिल्ली से दोपहर 12ः45 बजे आने वाली फ्लाइट पूरे 4 घंटे 32 मिनट की देरी से पहुंची और यहां से 6ः44 बजे दिल्ली रवाना हुई।

इसी तरह, इंडिगो की एक और दिल्ली फ्लाइट लगभग एक घंटे की देरी से पहुंची और 6:07 बजे रवाना हुई। इसके अलावा, इंडिगो की कोलकाता और बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइटें भी 30 मिनट की देरी से पहुंचीं, जिससे उनकी प्रस्थान उड़ानें भी देर से हुईं। एयरपोर्ट निदेशक आरके पाराशर ने बताया कि स्पाइस जेट के अधिकारियों को पत्र भेजकर इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में यात्रियों को इस तरह की परेशानी न हो।

गोरखपुर एयरपोर्ट का टर्मिनल 300 यात्रियों के बैठने की क्षमता रखता है, लेकिन उड़ानों में देरी के कारण टर्मिनल में 500 से अधिक यात्री एकत्र हो गए। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भीड़ के कारण न केवल बैठने की जगह कम पड़ गई, बल्कि भोजन और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी यात्रियों के लिए नाकाफी साबित हुईं।

# यूपी के शहर में आगे दुकान, पीछे मकान तो कमर्शियल माना जाएगा निर्माण

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में संपत्ति खरीदना अब और महंगा हो जाएगा। रजिस्ट्री विभाग जिले की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की सरकारी दरों और अतिरिक्त शुल्क में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। आगे दुकान और पीछे मकान वाली इमारतों को अब व्यावसायिक माना जाएगा और उस पर आवासीय नहीं बल्कि व्यावसायिक निर्माण की दर से स्टांप ड्यूटी देनी होगी।

एक ही परिसर की ऐसी इमारत जिसके आगे के हिस्से का इस्तेमाल दुकान या किसी अन्य व्यावसायिक गतिविधि के लिए किया जा रहा है और पीछे की तरफ आवासीय निर्माण है, साथ ही प्रवेश का मार्ग व्यावसायिक हिस्से से है तो इसे खरीदना अब और मंहगा हो जाएगा। बैनामे के समय इस तरह के मकान पर आवासीय नहीं बल्कि व्यावसायिक निर्माण की दर से स्टांप ड्यूटी देनी होगी।

रजिस्ट्री विभाग जिले की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की सरकारी दरों और अतिरिक्त शुल्क में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। विभाग ने सर्किल रेट तो नहीं बढ़ाया है लेकिन, सामान्य निर्देशों में बड़े पैमाने पर बदलाव किए जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव शहरी क्षेत्र में पड़ेगा।

फिलहाल प्रस्ताव पर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश की ओर से चार मार्च तक आपत्ति मांगी गई है। पांच को आपत्तियों के निस्तारण की तिथि तय की गई है। इसके बाद फाइनल प्रस्ताव पर जिलाधिकारी के दस्तखत होते ही नई दरें और अतिरिक्त शुल्क लागू हो जाएगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक होली के पहले ही नई दरें लागू करने की तैयारी है।

प्रस्ताव के मुताबिक वे भूखंड जिन पर चहारदीवारी बनी है तो बैनामे के समय संबंधित भूखंड पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। पहले चहारदीवारी के लिए कोई शुल्क नहीं लगता था। लेकिन, अब तीन फीट तक ऊंची चहारदीवारी के लिए पांच हजार रुपये प्रति रनिंग मीटर, पांच फीट तक के लिए छह हजार प्रति रनिंग मीटर और यदि चहारदीवारी की ऊंचाई पांच फीट से ऊंची है तो आठ हजार रुपये प्रति रनिंग मीटर के हिसाब से अतिरिक्त शुल्क देना होगा। कुछ अन्य प्रमुख बदलाव में व्यावसायिक गतिविधियों के आस-पास के आवासीय भूखंड भी शामिल हैं। किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के 50 मीटर के दायरे में यदि आवासीय भूखंड है तो संबंधित भूखंड की दर में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

माना जा रहा है कि इस बदलाव से भी बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे तो वहीं विभाग की आय बढ़ेगी। शहर के विभिन्न क्षेत्र में तमाम ऐसे भूखंड हैं जो दुकान, बाजार, शापिंग कांप्लेक्स समेत अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के आस-पास होते हुए भी उनपर सामान्य क्षेत्र के आवासीय भूखंड जितनी ही स्टांप ड्यूटी लगती है।

अब ऐसे भूखंड की दर में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हो जाने से स्टांप ड्यूटी भी ज्यादा जमा करनी पड़ेगी। विभाग का कहना है कि सर्किल रेट के मुताबिक भले ही ऐसे भूखंडों की कीमतों में आठ साल से कोई वृद्धि नहीं हो सकी लेकिन इनके बाजार दर में काफी बढ़ोतरी हो गई है। मकान या भूखंड के सामने यदि पार्क है तो अब दस की जगह 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इसी तरह कार्नर का भूखंड यानी दो तरफ से रास्ता है तो भी 20 प्रतिशत शुल्क देना होगा जो अभी दस प्रतिशत है। यदि कार्नर का प्लाट है और पार्क की भी सुविधा है तो 30 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इसी तरह 12 मीटर से अधिक चौड़े मार्ग के किनारे भूमि पर निर्धारित दर 20 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत की जा रही है।

अपार्टमेंट जितनी अधिक सुविधाएं होंगी, अब उसके फ्लैट उतने की मंहगे होंगे। किसी भी अपार्टमेंट में यदि स्वीमिंग पूल या जकूजी, जिम या फिटनेस सेंटर, क्लब हाउस, बच्चों का खेल क्षेत्र अथवा पार्क होगा तो सभी सुविधाओं के लिए फ्लैट के दर में अलग-अलग पांच प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। यदि किसी अपार्टमेंट में उपरोक्त में से दो सुविधा होगी तो दस प्रतिशत और यदि चार सुविधा होगी तो कीमत में

## गोरखपुर का विरासत गलियारा

# व्यापारियों ने सड़क चौड़ीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




व्यापारियों की मांग है कि 12.5 मीटर की प्रस्तावित चौड़ाई को कम किया जाए। उन्होंने डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग किया है कि विभाग दुकानों को तोड़ने के लिए समय का निर्धारित करे, जिससे व्यापारी अपना-अपना सामान खाली कर सकें।

धर्मशाला से पांडेयहाता तक विरासत गलियारा बनने के विरोध में रेती से घंटाघर तक के व्यापारियों ने शनिवार को सड़क चौड़ीकरण का विरोध किया। साथ ही पांडेयहाता चौकी के पास दुकानों को तोड़ने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंची टीम का भी व्यापारियों ने विरोध किया।


सड़क चौड़ीकरण के विरोध में रेती चौक से घंटाघर तक के व्यापारी सुबह से ही दुकानें बंद कर सड़क पर आ गए। काफी देर तक व्यापारियों ने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों की मांग है कि 12.5 मीटर की प्रस्तावित चौड़ाई को कम किया जाए।

उन्होंने डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग किया है कि विभाग दुकानों को तोड़ने के लिए समय का निर्धारित करे, जिससे व्यापारी अपना-अपना सामान खाली कर सकें। व्यापारियों की मांग की है कि जिनकी दुकान का आंशिक रूप से नुकसान हो रहा है सरकार उन व्यापारियों का सहयोग करे और व्यापारियों को जमीन का उचित मुआवजा मिले।

विरासत गलियारा के चौड़ीकरण को लेकर बुलडोजर लेकर पहुंची टीम का भी व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारी ललित का कहना था कि इससे हमारा नुकसान है। व्यापारियों को सामान हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस अवसर पर मोहित पटवा, रोहित पटवा, प्रदीप कुमार, महेश चौरसिया, सुनील कुमार गुप्ता, संजय कुमार, उदयभान आदि मौजूद रहे।

# कोचिंग से घर लौट रही थी छात्रा, शोहदे ने की छेड़खानी- सरेराह पकड़ लिया हाथ

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



शाहपुर इलाके की एक छात्रा असुरन स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ती हैं। बृहस्पतिवार शाम छह बजे वह कोचिंग से घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार एक युवक छात्रा को रोककर छेड़खानी करते हुए हाथ पकड़ लिया।

शाहपुर इलाके के असुरन स्थित एक कोचिंग सेंटर से बृहस्पतिवार शाम घर जा रही छात्रा से शोहदे ने छेड़खानी की। उसका हाथ पकड़ कर बाइक पर बिठाने की कोशिश की। छात्रा ने विरोध किया तो शोहदा अपना मोबाइल नंबर देकर भाग गया।

डरी सहमी छात्रा घर पहुंची और पूरी घटना अपनी बहन से बताई। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी सिद्धार्थ नगर निवासी संदीप पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।

शाहपुर इलाके की एक छात्रा असुरन स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ती हैं। बृहस्पतिवार शाम छह बजे वह कोचिंग से घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार एक युवक छात्रा को रोककर छेड़खानी करते हुए हाथ पकड़ लिया। इसके बाद बाइक पर बैठने की कोशिश करने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी अपना मोबाइल नंबर उसके पास फेंक कर भाग गया।

# असलहा लहराते हुए डांस करने का वीडियो वायरल, आरोपित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के सिन्दुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर गांव में एक मुंडन कार्यक्रम के दौरान मंच पर नर्तकियों के साथ एक युवक द्वारा असलहा लहराते हुए डांस करने का वीडियो इंटरनेट के सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो के बाद पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि जन एक्सप्रेस अखबार वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

मिली जानकारी के मुताबिक भगवानपुर गांव में एक व्यक्ति के घर आयोजित मुंडन संस्कार में मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा पार्टी बुलाई गई थी। इस दौरान नर्तकियां मंच पर फरमाइशी गीतों पर नृत्य कर रही थीं। माहौल गर्म होते ही एक युवक नर्तकियों के नृत्य पर मुग्ध होकर स्टेज पर चढ़ गया। न केवल उसने नर्तकियों के साथ ठुमके लगाए, बल्कि हाथ में तमंचा लहराते हुए डांस करने लगा। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर आरोपित को चिह्नित कर उसकी तलाश शुरू कर दी। बताया गया की इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी थी। ऐसे में कुछ लोगों ने इसे कानून-व्यवस्था के लिए खतरा करार दिया। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने तत्काल कदम उठाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, और उसके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में विधिक कार्रवाई में जुट गई। प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय चालान किया जाएगा।

किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस तरह की हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। ऐसे कृत्यों से न केवल माहौल खराब होता है, बल्कि यह अपराध की श्रेणी में आता है। लोगों से अपील की कि अगर वे किसी भी अवैध गतिविधि को देखें तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन कोदें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/देवरिया/बरियारपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के महुआनी चौराहे के पास शनिवार की शाम ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि पत्नी घायल हो गई। शव को अंत परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के रामपुर अवस्थी निवासी विपिन सिंह उर्फ अजय 55 दवा कराकर अपने गांव जा रहे थे। वह महुआनी चौराहा से पश्चिम तरफ चौराहा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने ठोकर मार दिया, जिससे बाइक सवार विपिन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और गाड़ी पर बैठी पत्नी मंजू सिंह भी घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गए, जहां डॉक्टरों ने विपिन सिंह को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

# बेटे की मौत के बाद अस्पताल पर परिजनों का हंगामा, सड़क जाम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कोतवाली क्षेत्र के एक किशोर की मौत के बाद परिजनों ने शहर के न्यू कॉलोनी चकियवा रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर पहुंचकर हंगामा किया। इससे पहले सड़क हादसे में घायल किशोर को परिजनों ने इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां ऑपरेशन से पहले उसकी हालत बिगड़ी तो डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन सावित्री नर्सिंग होम सहित कई अस्पताल में ले गए। जहां सभी डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद परिजन गोरखपुर एम्स में भर्ती कराकर उसका इलाज करा रहे थे। इसी बीच शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन उसका शव लेकर निजी अस्पताल के सामने पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान परिजनों के साथ भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने क्लिनिक में पहुंच कर तोड़फोड़ कर दी। डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना पर सीओ व कोतवाल मौके पर पहुंच गए। सदर एसडीएम भी मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब दो घंटे बाद आवागमन बहाल हुआ। परिजनों ने तहरीर दी है। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस को दी तहरीर में चंदन कुशवाहा पुत्र इंद्रजीत कुशवाहा ने कहा कि सदर कोतवाली क्षेत्र के भटवालिया स्थित हाइडील कॉलोनी का रहने वाला किशन कुमार (19) पुत्र इंद्रजीत प्रसाद इंटर का छात्र था। वह शहर के एक विद्यालय में पढ़ता था। 22 जनवरी को सड़क हादसे में छात्र का एक पैर फ्रैक्चर हो गया। हमलोगों ने एक डॉक्टर के पास ले जाकर कच्चा प्लास्टर करवा दिया। इसके बाद हमलोग लेकर घर गये। अगले दिन 23 जनवरी को शहर के न्यू कॉलोनी चकियवां रोड में एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां लेकर गए। किशन कुमार को केवल पैर छोड़कर कही गम्भीर चोट नहीं थी। डॉक्टर ने कहा कि एक छोटा ऑपरेशन होगा और रॉड डाला जाएगा, भर्ती करा दीजिए। इसके बाद ऑपरेशन के लिए ले गए और एनेस्थिसिया का इंजेक्शन लगा दिया। लापरवाही व अधिक डोज का इंजेक्शन लगाने के चलते किशन की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टरों ने आनन-फानन में प्राथमिक उपचार कर उसे रेफर कर दिया। इसके बाद हमलोग जिले के प्राइवेट अस्पताल के बाद मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन सावित्री नर्सिंग होम ले गए, जहां कोई रिस्पांस नहीं मिला तो लखनऊ पीजीआई में लेकर गए। वहां जगह नहीं मिलने के चलते पुनः गोरखपुर एम्स में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। परिजन शव लकर देवरिया पहुंचे और प्राइवेट चिकित्सालय में जमकर बवाल काटा। किशोर के बड़े भाई ने तहरीर में एनेस्थिसिया की ओवरडोज देने से भाई की मौत होने की बात कहते हुए डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने डॉक्टर व नर्स पर केस भी दर्ज कर लिया है।

सड़क जाम के दौरान बेटे के शव के पास मौजूद उसकी मां व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। वह बार-बार बेटे को देखना चाह रही थी। वह परिजनों से गुहार लगा रही थी उसका चेहरा दिखा तो परिजन उसे शांत करा रहे थे।

# डॉ. डीडी तिवारी की शोध छात्रा को मिली वनस्पति विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की शोध छात्रा ज़हीन हसन की शोध मौखिकी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2025 को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थ नगर के परिसर में प्रो दिव्य दर्शन तिवारी प्राचार्य-गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज, रिसिया बहराईच एवं पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के शोध निर्देशन में सम्पन्न हुई। शोध छात्रा को डॉक्ट्रेट की उपाधि मिलने पर शुभचिंतकों तथा गुरुजनों द्वारा शुभकामनाएं दी गई हैं । जानकारी के अनुसार ज़हीन हसन शोध निदेशक डॉ दिव्य दर्शन तिवारी की 19वीं शोध छात्रा हैं।

जहीन हसन ने पी-एचडी की डिग्री प्राप्त करके वनस्पति विज्ञान विभाग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस अवसर पर मौखिकी परीक्षा हेतु अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वनस्पति शास्त्री प्रो0 एन के दूबे (पूर्व विभागाध्यक्ष बीएचयू) द्वारा सम्पन्न हुई।

डॉ0 ज़हीन हसन ने अपने शोध कार्य, जिसका शीर्षक इन्वेस्टिगेशन आन कम्युनिटी डायनामिक एंड यूट्रॉफिक ग्रेडिएंट आफ लॉटिक वाटर बॉडी इन कुआनो फॉरेस्ट (Investigation on Community Dynamics and Eutrophic Gradients of Lotic Water Body In Kuwana Forest") है, पर कार्य करते हुए 15 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शोध-पत्र प्रकाशित कराया तथा लगभग 25 सेमिनार एवं संगोष्ठियों में प्रतिभाग कर मानवीय गतिविधियो से बलरामपुर की सीमा से सटे कुआना जंगल एवं कुआना नदी की ओर वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट कराया। जहीन हसन जाने माने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मायऐनाज, नाज़मे मुशायरा मरहूम उमर कुरैशी गोरखपुरी की नवासी (नतिनी) एवं राष्ट्रीय निर्णायक पूर्व प्रधानाचार्य फजल-ए-रहमानिया इण्टर कॉलेज पचपेड़वा मो0 हसन कुरैशी एवं अफसर हसन (प्रवक्ता बीएचके बाल भारती इण्टर कॉलेज) की सुपुत्री है।

शोधकार्य सम्पन्न कराने में एमएलकेपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 राजीव रंजन एवं डॉ0 जेपी तिवारी, डॉ0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह (पूर्व विभागाध्यक्ष), डॉ0 जेएस चौहान, डॉ मोइनुद्दीन अंसारी, डॉ शिव महेन्द्र सिंह का पूर्ण सहयोग एवं आशीर्वाद रहा। साथ ही पूर्व विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान विभाग डॉ0 केके अन्सारी, पूर्व प्राचार्य पूर्व डीन विज्ञान संकाय सिद्धार्थ विश्वविद्यालय डॉ0 आरके सिंह, डॉ0 पंकज कुमार गुप्ता, प्रो0 अशोक कुमार, डॉ0 सद्गुरू प्रकाश, डॉ0 वर्षा सिंह, डॉ0 आशुतोष वर्मा, डॉ0 किरन गुप्ता, तथा डॉ0 अब्दुल हफीज़ का विशेष योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र में स्थित शिवा ऑर्थो क्लिनिक में काम करने वाले 23 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के अरियौना गांव निवासी सूर्य प्रताप पुत्र राम सागर के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बसखारी थाने के प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को जिला के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया । मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआ बाजार में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार 2 मार्च को जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 1820 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 782 पुरुष, 621 महिलाएं तथा 417 बच्चे शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों एवम पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय, यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो।

अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग डॉक्टर शोएब अहमद, व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार के स्टाफ मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 120 मरीजों का किया परीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के युवा भाजपा नेता भानु प्रताप तिवारी द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराया गया । शिविर में दर्जनों ग्रामीणों के आंख का परीक्षण पर दवा उपलब्ध कराया गया तथा कई को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया । जानकारी के अनुसार युवा भाजपा नेता भानु प्रताप तिवारी के संयोजन मे मां पाटेश्वरी ग्रुप आफ इंस्टिट्यूट परसपुर कमदा, हाइवे के दक्षिण पर प्रातः दस बजे मंडल के प्रसिद्ध आंख अस्पताल देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय के कुशल चिकित्सकों की टीम ने डा के ए द्विवेदी के नेतृत्व मे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं नेत्र ऑपरेशन का आयोजन किया गया। निःशुल्क नेत्र कैम्प के आयोजक युवा नेता भानु प्रताप तिवारी ने बताया कि गुरुवार को आयोजित निःशुल्क शिविर मे 120 लोगो के नेत्र कि निःशुल्क जांच कि गयी। वहीं 21 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया गया। इस अवसर पर सहयोगी के रूप में डा देवेंद्र त्रिपाठी, अतुल श्रीवास्तव, हरीश मिश्र , वीरेंद्र मिश्र, दिलीप विश्वकर्मा, अनुपम मिश्र, सहज राम पासवान व प्रधाने यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चेयरमैन-ईओ के विवाद का परिणाम, तहसीलदार ने जेसीबी से कूड़े को हटवाया

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर। जनपद में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा कार्यालय के सामने उत्पन्न स्वच्छता संकट का समाधान किया गया ।तहसीलदार टांडा निखिलेश कुमार के निर्देश पर जेसीबी की मदद से कूड़े के ढेर को हटाया गया। इसके बाद पानी डालकर पूरी जगह की सफाई कराई गई ।यह समस्या नगर पंचायत के चेयरमैन ओमकार गुप्ता और ईओ के बीच चल रहे विवाद का परिणाम है। चार दिन पहले जिला अधिकारी के आदेश पर ईओ ने मैनपावर सप्लाई करने वाली मैसर्स जेके इंफ्रा फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इस फर्म की शिकायत जिला अधिकारी से की गई थी ।फर्म के ब्लैकलिस्ट होने के बाद शुक्रवार को चेयरमैन और ईओ के बीच विवाद खुलकर सामने आया। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए। शनिवार को स्थिति तब बिगड़ी जब कार्यालय के सामने कूड़े का ढेर लगा दिया गया। इससे आस-पास दुर्गंध फैल गई ।जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई की ।तहसीलदार की मौजूदगी में कूड़े को हटाया गया, जिससे नगरवासियों ने राहत की सांस ली।

# गहरी जुताई एवं भूमि-बीज शोधन से बढ़ेगी गन्ना उपजः अजय शर्मा

जन एक्सप्रेस। उतरौला बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के उतरौला तहसील क्षेत्र में स्थापित बजाज हिन्दुस्थान शुगर ग्रुप के एमडी अजय शर्मा ने चीनी मिल उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम महुआ इब्राहिम, महादेव हिंदू नगर, बिश्रामपुर, कोल्हुई बिनोहनी, संझवल प्रेमनगर, गनेशपुर कोडरी, सेखुईया भया, रामपुर बगनहा, चूल्हाभारी, किठूरा फूलपुर सहित अन्य कई ग्रामों में यूनिट हेड राकेश यादव, डॉ.आर पी शाही महाप्रबंधक गन्ना के साथ क्षेत्र भ्रमण किया।

जानकारी के अनुसार 2 मार्च को बजाज चीनी मिल ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गन्ना कृषक पवन कुमार सिंह महुआ इब्राहिम, शत्रोहन प्रसाद किठूरा फूलपुर, बछराज वर्मा रामपुर बगनहा के प्लाट पर चल रहे गन्ना बुवाई कार्य को नजदीक से देखा तथा अधिक उपज लेने के लिए किसानों को टिप्स दिए। उन्होंने अस्वीकृत गन्ना प्रजाति को.05191 की बुवाई नहीं करने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि उतरौला और बलरामपुर क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त किसान गन्ना बोने से पहले सही बीज का चयन करें, ताकि उन्हें जल भराव की स्थिति में भी अच्छा उत्पादन प्राप्त हो। श्री शर्मा ने बताया कि चीनी मिल गन्ना किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध कराएगी। उतरौला क्षेत्र में बाढ़ के कारण पिछले वर्ष गन्ना फसल को काफी नुकसान हुआ, जिससे लगभग 400 हेक्टर गन्ने की फसल नष्ट हुई । उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण किसानों के साथ चीनी मिल को भी काफी नुकसान हुआ और पर्याप्त मात्रा में गन्ना नहीं मिल पाया। इसके बाद चीनी मिल परिसर में आयोजित गन्ना पाठशाला में कामदार से लेकर सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि गन्ना बुआई से पूर्व गहरी जुताई करना अति आवश्यक है, क्योंकि जमीन की निचली परतें कड़ी हो चुकी है।ट्राईकोडर्मा से भूमि शोधन व दो आंख के टुकड़े कर बीज शोधन कर अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023, कोशा0 13235, को014201 तथा जल भराव वाले क्षेत्रो के लिए को0 98014 एवं कोलख.94184 का चयन कर ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करे । उन्होंने बताया कि गन्ने के ऊपरी एक-तिहाई हिस्से का जमाव अच्छा होता है, इस लिए ऊपरी एक-तिहाई हिस्से को बीज में प्रयोग करके बाकी हिस्से को मिल में ही आपूर्ति करें। प्रबंध निदेशक ने गन्ना विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पेड़ी गन्ना की अच्छी उपज के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाए। इससे किसानों के साथ चीनी मिल को भी फायदा मिलेगा । गन्ना कोऑर्डिनेटर अरशद शेख, क्वालिटी उत्पादन कोऑर्डिनेटर रजत सिंघल, मानव संसाधन कोऑर्डिनेटर नरेंद्र कुमार शुक्ला, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग से केपी सिंह, इंजीनियरिंग हेड कोमल सिंह, बृजेश मंडल, संतोष मिश्रा व विजय पांडे उपस्थित थे।

# AMU के पास 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



एएमयू में एक बार फिर गुटबाजी सामने आई। शनिवार को घर से बुलाकर 11वीं के छात्र की एबीके यूनियन स्कूल के बाहर हत्या कर दी गई। दोपहर तीन बजे के बाद जमालपुर टूटी बाउंड्री के पास हुए झगड़े के बाद भागते समय छात्र को पेट में गोली मारी गई।

उसे जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर एएमयू के छात्र नेता व अन्य छात्र भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। प्रॉक्टोरियल व पुलिस टीम ने पहुंचकर झगड़े व हत्या के कारणों पर जांच कर रही है।

कुछ दिन पहले का दोनों में विवाद बताया जा रहा है। आरोपित छात्र नहीं, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के बताए जा रहे हैं। सीसीटीवी में दोनों पक्ष मारपीट करते नजर आ रहे हैं। मृत छात्र के पिता की ओर से तहरीर में पांच को नामजद किया गया है।

क्वार्सी बाइपास स्थित धौर्रा अलीनगर के मो.नईम एएमयू में नलकूप ऑपरेटर हैं। उनके दो बेटे हैं। दोनों बेटे एएमयू में पढ़ रहे हैं। बड़ा बेटा 18 वर्षीय मो. कैफ एएमयू के सर सैयद अहमद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा में सेल्फ फाइनेंस कामर्स में छात्र था। स्कूल में एग्जाम भी चल रहे हैं।

वह शनिवार को स्कूल नहीं गया था। दोपहर तीन बजे तक वह घर पर ही था। इसी बीच किसी दोस्त का उसके पास फोन आया था। फोन करने वाला घर के बाहर पहुंचा और कैफ को बाइक पर लेकर चला गया।

साढ़े तीन बजे यह लोग तीन-चार अन्य दोस्तों के पास सिविल लाइंस क्षेत्र में जमालपुर टूटी बाउंड्री के पास एएमयू के सहारे खड़े हुए थे। वहां पर थोड़ी देर बाद दूसरे गुट के पांच युवक गए। कहासुनी के बाद पहले तो दोनों में मारपीट हुई। इसी दौरान एक युवक ने कैफ को चाकू मारकर घायल कर दिया। वह बचने के लिए भागा तो उन्हीं में से एक युवक ने गोली मार दी। गोली उसके पेट में लगी।

छात्र की अस्पताल में हो गई मौत

स्थानीय लोगों की मदद से छात्र को जेएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जानकारी मिलने पर थाना सिविल लाइंस पुलिस के अलावा सीओ तृतीय अभय पांडेय और प्राक्टोरियल टीम पहुंच गई। घटनास्थल का निरीक्षण के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जानकारी मिलने पर मृत छात्र के स्वजन पहुंच गए। छात्र के पिता मोहम्मद नईम ने तहरीर में कहा है कि सवा तीन बजे उनके बेटे को किसी ने फोन करके एबीके हाईस्कूल के पास बुलाया था। वहां पहले से शोएब, अयान उर्फ प्रिंस, मजहर फराज आदि घात लगाए बैठे थे। उन्होंने चार-पांच साथियों के साथ मिलकर एकराय होकर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## अलीगढ़ में आफत बनी बारिश... तेज हवा के साथ आई बरसात में झोपड़ी गिरी

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ जिले में शनिवार की सुबह तेज हवा व बरसात के चलते गिरी झोपड़ी गि पड़ी। झोपड़ी में लगे गर्डर सिर में लगने से महिला की मौत हो गई और बेटा-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। बरसात के चलते क्षेत्र के गांव नगला अचला निवासी 50 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी प्रेम सिंह झोपड़ी नुमा मकान में चाय बना रही थी। परिवार के अन्य लोग भी वहीं बैठे थे।

अचानक तेज हवा के साथ बरसात में झोंपड़ी भरभरा कर गिर गई। मलबा गिरने और चीख-पुकार की आवाज सुनकर आस-पास के लोग आ गए। कड़ी मेहनत के बाद मलवे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला गया। लोहे का गर्डर महिला के सिर में लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतका की बेटी सुमित्रा व बेटा अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल गंभीर रूप से घायल दोनों बहन-भाई को ग्रामीणों की मदद से छर्रा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एएमयू में सांसद चंद्रशेखर के कार्यक्रम में हंगामा, छात्रों को मिलने से रोका

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

सांसद चंद्रशेखर के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी दौरे पर विवाद खड़ा हो गया है। छात्रों को उनसे मिलने से रोक दिया गया जिससे तनाव और धक्का-मुक्की हुई। आजाद ने एएमयू को सर सैयद की जमीन बताया। उन्होंने भीम आर्मी की एक लाख से अधिक पाठशाला खोलने की घोषणा की। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. मोहम्मद मुहिबुल हक ने कहा कि आजाद मुसलमानों से कंधा मिलाकर नजर आते हैं।

शोधार्थी इंजमाम उल हक साथियों के साथ चंद्रशेखर से मिलकर सवाल करना चाहता थे। वहां सुरक्षाकर्मी ने उसे रोका। नहीं माना तो उसे खींच लिया। इस पर अन्य छात्र भी नाराज हो गए। गार्डों से कहासुनी व धक्का-मुक्की तक हुई। छात्र नेता ने कहा कि आजाद के एक पुराने बयान, जिसमें उन्होंने आस्था को संविधान से ऊपर होने की बात कही थी।

उसको लेकर समाजवादी पार्टी के छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव अदनान हमीद और एएमयू छात्र नेता-रिसर्च स्कॉलर इंजमाम उल हक ने उनसे इस ब्यान पर जब स्पष्टीकरण मांगा तो वह आग बबूला हो उठे। पूछे गए सवाल पर साफ़ बचते हुए नजर आए और वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने उन्हें सभागार से बाहर निकालने का प्रयास किया।

सपा नेता अदनान हमीद ने कहा कि आजाद दोहरी राजनीति करते हैं। उन्हें केवल मुसलमानों से वोट लेना है और जब बात मुसलमानों के मुद्दे की आती है तो वो किनारे हो जाते हैं। लोगों को पार्टी में नेतृत्व क्यों नहीं दिया जा रहा। छात्र नेता आरोप लगाया है कि आजाद के साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने उसकी शेरवानी पकड़ ली। जान से मारने की दी कि बाहर आकर देखेंगे।

अमुटा के पदाधकारियों से कहा कि एएमयू को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने देंगे। आजाद शुक्रवार को एएमयू टीचर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए थे।

एएमयू के साथ हर समय खड़ा रहूंगा

एएमयू में अमुटा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भाजपा निशाना साधा। साथ ही एएमयू को सर सैयद की जमीन बताते हुए तारीफ की। कहा कि मैं एएमयू के साथ हर समय खड़ा रहूंगा। भाजपा के लोग क्या कहते हैं, किस तरह मदद करते हैं। इस बात को समझना जरूरी है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत-बड़ेपुर, विकास खंड-जलालपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर

पत्रांक: मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 01.03.2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत बड़ेपुर, विकास खंड जलालपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 24-25 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 03-03-2025 से 05-03-2025 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक 05-03-2025 **को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं:-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में खड़ंजा से रामफल के घर होते हुए रामदेव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 3 लाख 50 हजार | मिट्टी, गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग व अन्य सामग्री |

**नियम व शर्तों का विवरण:-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3- फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**विनोद कुमार गुप्ता**
ग्राम प्रधान

**मंशाराम चौरसिया**
ग्राम पंचायत सचिव


## सॉरी मानव, मैंने बहुत झूठ बोले, डरती थी कि शादी टूट न जाए

जन एक्सप्रेस। आगरा

टीसीएस के रिक्रूटमेंट मैनेजर मानव शर्मा की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आया है। मानव की पत्नी निकिता का एक पुराना वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपनी गलती स्वीकार करते हुए अपने पुराने संबंधों की बात भी कह रही है। निकिता ने कहा है कि उसने झूठ बोला क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि उनकी शादी टूट जाए। टीसीएस के रिक्रूट मैनेजर मानव शर्मा की आत्महत्या मामले में शुक्रवार को पत्नी निकिता के वीडियो के बाद शनिवार को मानव की बहन आकांक्षा ने पलटवार किया। निकिता का एक पुराना वीडियो जारी किया।

वीडियो में निकिता अपनी गलती स्वीकारते हुए अपने पुराने संबंधों की बात भी कह रही है। इस वीडियो में निकिता ने कहा है मुझे पता है कि मैंने बहुत सारे झूठ बोले हैं, सिर्फ इसलिए कि कहीं हमारी शादी न टूट जाए। इतना होने के बाद भी मानव ने कभी हाथ नहीं उठाया, मैं उसे बहुत प्यार करती हूं।

# तीन सड़क हादसों में नव दंपति समेत 11 की मौत, कई परिवारों की छीन लीं खुशियां

जन एक्सप्रेस। आगरा

शनिवार को सड़कें हादसों से लाल हो गईं। सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में चार की मौत से दिन की शुरूआत हुई। दोपहर में फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में नव विवाहित दंपती की जान चली गई।इसके बाद रात में आगरा-कागारौल रोड पर बाइकों की टक्कर में पांच की मृत्यु हो गई।तीन हादसों में 11 लोगों की मृत्यु से कई परिवार गम में डूब गए।

पहला हादसा एक्सप्रेसवे पर हुआ, चार की मौत

पहला हादसा शनिवार सुबह 5.30 बजे फतेहाबाद क्षेत्र में लखनऊ एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 27 पर हुआ।महाकुंभ से स्नान और वाराणसी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की स्लीपर कोच बस सामने चल रहे ट्रक से टकरा गई। यहां हादसे में चार की मृत्यु हो गई। इनमें से एक-एक श्रद्धालु मीरजापुर और आगरा व दो श्रद्धालु जोधपुर के थे। वहीं 23 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने बस से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।सभी की हालत खतरे से बाहर है। फतेहपुर सीकरी कागरौल मार्ग पर दोपहर एक बजे दूसरा हादसा हुआ। राजस्थान के बयाना में खड़ली गरासिया गांव में रहने वाले नरेंद्र नवविवाहित पत्नी राधा को इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलाने बाइक से ले जा रहे थे। कागारौल रोड पर सामने से आ रही बाइक से टक्कर के बाद वे पत्नी के साथ रोड पर गिर पड़े। वे उठ पाते, उससे पहले ही पीछे से आई कार ने उन्हें रौंद दिया। नरेंद्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि पत्नी की अस्पताल में उचार के दौरान सांसें थम गईं।

दंपती की 18 फरवरी को ही शादी हुई थी। परिवार के लोग वहां पहुंच गए। हाल ही में परिवार में शादी के बाद खुशियां आई थीं। हादसे ने एक पल में खुशियां छीन लीं।

तीसरे हादसे में पांच युवकों की मौत

तीसरा हादसा रात 10.15 बजे कागारौल क्षेत्र में नगला मीरा के पास हुआ। यहां आमने-सामने से दो बाइक टकरा गईं। एक बाइक पर चार व दूसरी बाइक पर दो युवक थे। हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि छठवें को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों में चार सैंया क्षेत्र के रहने वाले थे और एक किरावली का रहने वाला था। जानकारी होते ही स्वजन देर रात एसएन इमरजेंसी पर पहुंच गए। रो-रोकर स्वजन का बुरा हाल हो गया।फतेहपुर सीकरी कागरौल मार्ग पर दोपहर एक बजे दूसरा हादसा हुआ। राजस्थान के बयाना में खड़ली गरासिया गांव में रहने वाले नरेंद्र नवविवाहित पत्नी राधा को इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलाने बाइक से ले जा रहे थे। कागारौल रोड पर सामने से आ रही बाइक से टक्कर के बाद वे पत्नी के साथ रोड पर गिर पड़े। वे उठ पाते, उससे पहले ही पीछे से आई कार ने उन्हें रौंद दिया। नरेंद्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि पत्नी की अस्पताल में उचार के दौरान सांसें थम गईं।

## दाल में छौंक लगाने के लिए जीरा नहीं लाया पति, पत्नी ने बुलाई पुलिस

जन एक्सप्रेस। आगरा

घर में जीरा खत्म था जीरा लाने को कहा तो वह तीन दिन तक बहाने बनाता रहा। गुस्से में पत्नी ने खाना नहीं बनाया। झगड़े शुरू होने लगे। पत्नी ने पुलिस से शिकायत कर दी और एक महीने से मायके में रह रही थी। काउंसलिंग में पति ने गलती मानी और राशन का सारा सामान खत्म होने से पहले लाने का वादा किया। इसके बाद दोनों में सुलह हो गई। पत्नी को जीरा और घी का छौंक लगी दाल पसंद थी पर घर में जीरा खत्म था। पति से जीरा लाने को कहा तो पति तीन दिन तक बहाने बनाता रहा। पत्नी ने गुस्से में खाना नहीं बनाया तो पति ने झगड़ा शुरू कर दिया। पत्नी ने पुलिस से शिकायत कर दी और एक माह से मायके चली गई। काउंसलिंग के दौरान पति ने माफी मांगी और राशन का सारा सामान खत्म होने से पहले लाने का वादा किया। इसके बाद दोनों में सुलह हो गई।

# हजारा में एसओजी की टीम ने छापेमारी कर पकड़ी 479 वोटा चोरी की लकड़ी





- स्थानीय पुलिस को अवैध लकड़ी के मामले की नहीं लगी भनक, पकड़े गए चारों आरोपितों को भेजा जेल
- पकड़े गए आरोपितों से स्कार्पियो, एक ट्रैक्टर ट्राली, सात लकड़ी कटर बरामद

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

**हजारा।** लकड़ी तस्करों ने प्रतिबंधित प्रजाति (शीशम) के पेड़ों का चोरी से कटान करने के बाद लकड़ी का स्टाक कर लिया। सूचना पर देर एसओजी की टीम ने वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार के साथ छापेमारी की। मौके से भारी मात्रा में शीशम की लकड़ी बरामद की गई। टीम ने चार आरोपितों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने छह आरोपितों के विरुद्ध चोरी और वन अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी लिखी है। पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपितों को जेल भेज दिया। फरार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में लकड़ी चोरी ओर तस्करी का गैंग लंबे समय से सक्रिय था। आरोपित पेड़ों को चोरी से काटने के बाद लकड़ी को स्टाक करते थे। इसके बाद लकड़ी को रात में ट्रक आदि बंद वाहनों में भरकर भेजा जा रहा था। थाना क्षेत्र में सक्रिय गैंग के मामले से हजारा पुलिस अंजान बनी रही। शनिवार देर रात एसओजी को सूचना मिली की शीशम के पेड़ों को चोरी से काटकर लकड़ी का स्टाक किया गया है। सूचना पर एसओजी की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह के साथ छापेमारी की। एसओजी ने मौके से 479 वोटा शीशम की लकड़ी, दो ट्राली जलौनी लकड़ी, एक ट्रैक्टर ट्राली, स्कार्पियो कार, सात कटर मशीन, एक ब्लेड, चार कुल्हाड़ी, एक रस्सा बरामद किया। टीम ने मौके से चार तस्करों को दबोच लिया। दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मौके से बरामद लकड़ी को पुलिस सुपुर्दगी में थाना लाया गया। कार्रवाई की जानकारी से जिम्मेदारों में खलबली मच गई। छापेमारी की भी जिम्मेदार अधिकारी को भनक नहीं लगी।हल्का इंचार्ज भी मामले से बेखबर रहे। पुलिस ने पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली और कार को सीज कर दिया। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में अपना नाम सिराज अली निवासी मुहल्ला घुसियाना, सानू शाह निवासी मुहल्ला हिदायत नगर, मुनीस उर्फ मोनिश गांव बेहड थाना फूल बेहड जनपद लखीमपुर खीरी, मोहम्मद इकराम गांव शेरपुर कला कोतवाली पूरनपुर का निवासी बताया। मौके से फरार दो आरोपितों का नाम सज्जाद निवासी नहरोसा, जुबैर निवासी पूरनपुर बताया। पुलिस ने छह आरोपितों के विरुद्ध चोरी और वन अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी लिखी। पकड़े गए चारों आरोपितों को जेल भेज दिया। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

> शीशम की 479 वोटा लकड़ी बरामद की गई है। छह आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।पकड़े गए चार आरोपितों को जेल भेजा गया है। लकड़ी कहा से काटी गई थी इसकी जांच की जा रही है। फरार आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> **प्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक हजारा।**

> श्रीनगर निवासी ग्रामीण प्रेमचंद ने पेड़ों को काटने के लिए परमिट डाला था। पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने से पहले ही किसान ने ठेकेदार के साथ मिलकर अवैध रूप से शीशम के दस पेड़ों को काट दिया था। 28 फरवरी को ठेकेदार और पेड़ स्वामी के विरुद्ध केस काटा गया था।लकड़ी बरामद नहीं हो सकी थी।
> **अनिल कुमार, रेंजर सम्पूर्णानगर।**

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, भिकारीपुर की नई कार्यकारिणी घोषित

- रशीद अंसारी बने नगर अध्यक्ष, सुरेश कुमार महामंत्री, पदाधिकारीयों ने दी बधाई





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

भिकारीपुर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने प्रमुख व्यापारी और समाजसेवी अब्दुल रशीद अंसारी को नगर अध्यक्ष एवं ज्वैलर्स सुरेश कुमार को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष एम.ए.जिलानी ने नव-मनोनित नगर अध्यक्ष और महामंत्री को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की कि वे व्यापारियों के हितों के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखता है और समाधान के लिए प्रयासरत रहता है। इसी के चलते जिले की हर तहसील, कस्बे और बाजार में संगठन की कार्यकारिणी मौजूद है।

जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष रशीद अंसारी को निर्देश दिया कि 10 दिनों के भीतर अपनी पूर्ण कार्यकारिणी का गठन करें और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करें।

### व्यापारी हितों के लिए कार्य करने का संकल्प

नगर अध्यक्ष रशीद अंसारी ने दायित्व सौंपे जाने पर जिला नेतृत्व का आभार प्रकट किया और आश्वस्त किया कि वे निष्ठा और समर्पण के साथ व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, जिला संरक्षक प्रकाश वीर, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, विक्रांत मिश्रा, अनुज खंडेलवाल, रणवीर पाठक, सुधीर पाल सिंह, शेर सिंह, शैली शर्मा, आशीष लोधी, प्रदीप शुक्ला, रवि जैसवाल, परवेज खान, सलमान खान, अखिलेश शर्मा, संजय गुप्ता, गौरव गुप्ता, इमरान खान, वीरेंद्र सिंह, रिजवान सिद्दीकी सहित भिकारीपुर नगर के तमाम व्यापारियों ने बधाई दी। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।

# मेरे रोग हरो मेरे कष्ट हरो अब दया करो बजरंगबली बाबा राम राम राम



- दिल्ली में श्री बालाजी महाराज का सजा भव्य दरबार, श्रद्धालुओं ने की अपार भक्ति

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

पीलीभीत। श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव कर संकीर्तन दरबार की ओर से शनिवार देर शाम राजधानी दिल्ली में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार आयोजित किया गया, जो देर रात तक श्रद्धा और भक्ति के माहौल में चलता रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने इस दिव्य आयोजन में भाग लिया और श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया।

इस दरबार का आयोजन सभासद महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में किया गया, जो इससे पहले भी चंडीगढ़, नेपाल, शाहजहांपुर, बरेली सहित कई बड़े जिलों में ऐसे ही दिव्य दरबार आयोजित कर चुके हैं। हर बार की तरह, इस बार भी श्रद्धालुओं का अपार सैलाब उमड़ा और भक्ति संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### प्रत्येक मंगलवार को काशीराम कॉलोनी में लगता है भक्ति दरबार

भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए, ईदगाह काशीराम कॉलोनी में प्रत्येक मंगलवार दोपहर 2:00 बजे से श्री बालाजी महाराज का भक्ति दरबार आयोजित किया जाता है। यहां भक्तजनों को आध्यात्मिक शांति और श्री बालाजी महाराज की कृपा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। महंत सेवक विशाल ने बताया कि श्री बालाजी महाराज के प्रति लोगों की अपार श्रद्धा देखने को मिल रही है। दरबार में संकीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर नृत्य और आराधना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और दिव्य वातावरण ने यह सिद्ध कर दिया कि श्री बालाजी महाराज की कृपा से हर भक्त को अपार सुख, समृद्धि और आशीर्वाद प्राप्त होता है। भक्तों ने इस पावन आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और श्री बालाजी महाराज से अपने जीवन में कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

बताते चले कि राजधानी में श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने महंत सेवक विशाल के भजनों पर भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य किया और श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। देर शाम आयोजित इस संकीर्तन दरबार में श्री बालाजी महाराज की विशेष आराधना की गई। महंत सेवक विशाल ने अपने सुमधुर भजनों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उनके द्वारा गाए गए बालाजी तेरी जय-जयकार और नीम करोली बाबा को कोटि-कोटि प्रणाम तेरे हाथों की कठपुतली मैं जैसे भजनों पर भक्त झूमने लगे।



# मां बेटा सड़क दुघर्टना में घायल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमलवा पुलिया ष के समीप रविवार की दोपहर बाइक की आमने सामने हुए जोरदार टक्कर में मां बेटा घायल हो गए। समीपस्थ जनपद आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के माहुल गांव निवासी 20 वर्षीय इंद्र प्रकाश का 20 वर्षीय बेटे अंकित अपनी माता 55 वर्षीय आशा देवी को बाइक पर बिठाकर दवा लेने शाहगंज आया था। दवा लेकर घर जाते समय आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमलवा पुलिया समीप पहुचे सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# नेपाल से आए जंगली हाथियों का उत्पात जारी, किसानों की फसलें रौंदी



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

नेपाल से आए जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार देर रात पीलीभीत रेंज के मरौरी सेक्शन के गांव मरौरी में हाथियों ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल रौंदने के साथ झोपड़ी और मचान को तहस-नहस कर दिया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में नेपाल से आए दो जंगली हाथी डेरा डाले हुए हैं। दिन में वे जंगल में रहते हैं, लेकिन रात होते ही आबादी वाले इलाकों में पहुंचकर तबाही मचाते हैं। इससे पहले ये हाथी सिरसा सरदहा, महुआ और गोयल कॉलोनी में भी इसी तरह का उत्पात मचा चुके हैं। वन विभाग की टीम ने इन्हें जंगल की ओर खदेड़ा था, लेकिन अब फिर से ये गांवों की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना मिलने पर रविवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फसल व अन्य नुकसान का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने किसानों से सतर्क रहने और हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखने की अपील की है।

वन विभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा, फ्टीम मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले चुकी है। किसानों से सतर्क रहने की अपील की गई है और हाथियों की निगरानी जारी है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों को जंगल में रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि फसलों और जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बरखेड़ा थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा।** होली और रमजान के मद्देनजर थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई ने उपस्थित लोगों से सामंजस्य और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं कोई अप्रिय घटना की संभावना हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि दोनों त्योहार आपसी भाईचारे और मेल-जोल का संदेश देते हैं, इसलिए सभी को मिल-जुलकर इन्हें शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। थाना प्रभारी ने होली के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने और जाम की स्थिति न बनने देने की अपील की। साथ ही, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं को बाधित न होने देने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक गंगवार, चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल, राजेंद्र पाठक, श्रीपाल, नवीन यादव, प्रधान गुलशेर अंसारी, शौकत अली, कमरुल हसन, शांति स्वरूप प्रधान सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# रमजान पाक का महीना शुरू, बाजार में खरीदारों की उमड़ी भीड़, सज गई दुकान



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

रमजान पाक का महीना आज रविवार से शुरू हो गया है। बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। रोजेदारों की खिदमत के लिए दुकाने पूरी तरह से सज गई हैं। शहर के सभी प्रमुख मुस्लिम बाहुल्य इलाकों, इबादतगाहों में खासी चहल-पहल बढ़ गई। सोमवार को दूसरा रोजा है।

भोर में सेहरी और शाम को इफ्तार करने वाले लोग एक दिन पहले ही शहर के प्रमुख बाजारों में फल फ्रूट, किराना, मेवा, खजूर, दूध फेनी, मिठाई समेत अन्य सामानों की खरीद में जुट गए हैं।

इबादत का यह पवित्र महीना रमजान काफी पाक महीना माना जाता है। पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं और खुदा की इबादत की जाती है। चांद दिखने के साथ ही रमजान का महीना शुरू हो जाता है। रमजान में हर दिन सेहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सूर्योदय से पहले ही लोगों ने अपने अपने घरों में सेहरी करने के बाद रोज़ा रखने की नीयत किया। अज़ान के बाद फज्र की नमाज़ अदा किया। मौसम खुशगवार होने की वजह से रोज़ेदारों का पहला दिन काफी अच्छा रहा।

रमज़ान के पहले दिन रविवार होने से शहर और ग्रामीण अंचल की सभी प्रमुख मस्जिदों में नमाज़ अदा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही।

मगरिब से पहले मस्जिदों में रोज़ा इफ्तार का इंतेज़ाम करते हुए लोग दिखाई दिये। अज़ान की आवाज़ सुनते ही लोगों ने पहला रोजा खोला और नमाज़ अदाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। माह-ए-रमज़ान के महीने में बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी रोज़ा रखने में पीछे नहीं हट रहे हैं। नन्हें रोज़ेदार भूखे प्यासे रहकर पहला रोज़ा मुकम्मल किया। बड़ो के साथ बच्चे अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रोज़ा रखने के साथ पांचो वक्त की नमाज़ और कुरआन-ए- पाक की तिलावत कर रहे हैं। ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की भीड़ जुटने लगी। शहर के शाही अटाला मस्जिद, शाही बड़ी मस्जिद, लाल मस्जिद में सैकड़ों की संख्या में लोग तरावीह पढ़ते हुए नज़र आये। जिले के शाहगंज, खेतासराय कस्बा, मुंगराबादशाहपुर, गौराबादशाहपुर, केराकत, मडियाहू इलाके में भी रमजान महीने के शुरू होने से चहल-पहल बढ़ गई है।

### रमजान में पांच वक्त की नमाज का विशेष महत्व

जौनपुर। रमजान का पवित्र महीना आरंभ हो रहा है। इस्लाम धर्म में रमजान के महीने को बहुत ही पवित्र और खास माना जाता। रमजान के पूरे महीने में मुस्लिम धर्म के लोग खुदा की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान साल का नौवां महीना होता है। रमजान के दिनों में लोग हर दिन रोजा रखते हैं और आखिरी दिन खुदा का शुक्रिया करते हुई ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है।

## गाड़ी का कर रही थीं इंतजार, रोडवेज बस ने कुचला

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में सड़क हादसे में हुई सास-बहू की मौत से पूरे सिंगार गांव में मातम पसरा हुआ है। बहू इरफाना की एक चार साल की बेटी आलिया है। जिससे अब मां का प्यार हमेशा के लिए छिन गया है। करीब पांच साल पहले इरफाना की शादी मुस्तकीम के साथ पूरे रीति रिवाज के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ हुई थी। इससे पहले एक साल के बेटे की मौत हो गई थी। इरफाना मुस्तकीम की मामा की लड़की थी। ससुर मजीद का कहना हैं कि पुत्रवधु इरफाना की तबीयत खराब थी, जिसकी दवाई दिलाने के लिए पत्नी अमरूदी के साथ बड़कली जा रहे थे। खानपुर घाटी गांव के समीप सवारी के इंतजार में खड़े थे। तभी तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने टक्कर मार दी।

# अटेवा के पदाधिकारियो ने संसद प्रिया सरोज को दिया ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

अटैवा पेंशन बचाओ मंच के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज से उनके आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली को लेकर उन्हें ज्ञापन सौपा । सांसद ने उनका हर संभव मदद के साथ सदन में उठाने का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

बता दें कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा मंडल वाराणसी के उपाध्यक्ष व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ महामंत्री रमेश यादव, जिला अध्यक्ष चंदन सिंह, महामंत्री इंदु प्रकाश के नेतृत्व में सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज से मिले। शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की और इस संबंध में संसद को ज्ञापन दिया। सांसद प्रिया सरोज ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को वह सदन में उठाएगी। शिक्षकों और कर्मचारियों को उनका हक दिलाने का काम करेंगी । मंडल उपाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि एनपीएस व यूपीएस दोनों पेंशन स्कीम शेयर बाजार पर आधारित है। जिसमें शिक्षक कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों व कर्मचारी के भविष्य सुरक्षित है। जिला अध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे। महामंत्री इंदु प्रकाश ने कहा की जरूरत पड़ी गई तो सड़क पर उतर कर संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष नंदलाल पुष्पक, केडर प्रभारी टीएन यादव, जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश उपाध्याय, लालचंद चौरसिया, संगठन मंत्री सुभाष सरोज, अरविंद यादव, संयुक्त मंत्री ब्रह्माशील, आशीष लोहिया जिला कैड प्रभारी प्रदीप चौहान, नवीन शर्मा, संजय कनौजिया अशोक यादव, आनंद स्वरूप मौजूद रहे।

# जौनपुर महोत्सव की शुरू हुई तैयारी



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने रविवार को अपने विभागीय अधिकारियों के साथ शाही किले का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किला की साफ सफाई , रंग रोगन करने के साथ ही आने वाले लोगों के बैठने, कलाकारों के मंच के संबंध में विस्तार से चर्चा कर व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र के साथ महोत्सव की तैयारी में स्टाल लगाए जाने तथा सामूहिक विवाह के आयोजन, मंच आदि हेतु चिन्हित स्थानों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि तैयारियां पहले से कर ली जाए। महोत्सव के दौरान साफ सफाई के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर लें। महोत्सव में शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु सभी विभागों को निर्देशित कर दिया जाए। सामूहिक विवाह के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए।

इसी महीने में 10, 11 और 12 मार्च को जौनपुर महोत्सव की तिथि प्रस्तावित है।

इस मौके पर सीडीओ साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक के के पांडे, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा, मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेंट्रल मार्केट के व्यापारी की हार्ट अटैक से मौत

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** सेंट्रल मार्केट में शनिवार को एक व्यापारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके निधन से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि आवास एवं विकास परिषद के ध्वस्तीकरण का नोटिस भेजने के कारण व्यापारी कुछ दिन से अवसाद में थे। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं।

# विद्युत उपकेन्द्र गुड़बड़ी पर ट्रासंफार्मर से तेल चोरी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**सुइथाकला।** विकास खण्ड सुइथाकलां के अंतर्गत गुड़बड़ी में लगे विद्युत उपकेंद्र 8 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर से 1000 लीटर ट्रांसफार्मर तेल चोरी होने का मामला सामने आया है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीते दिन अचानक ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बंद हो गई। उपकेन्द्र पर तैनात कर्मचारियों ने इसकी सूचना अवर अभियंता राजकुमार सिंह को दी। श्री सिंह मौके पर पहुंचे और सप्लाई बहाल करने का प्रयास किया लेकिन ट्रांसफार्मर दोबारा ट्रिप कर गया। इसके बाद जब उन्होंने ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया तो जमीन पर बिखरा तेल देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। उधर सप्लाई बन्द पड़ी थी और इधर तेल गायब हुआ देख सबके होश उड़ गये। घटना वाले दिन एस एस ओ सत्येन्द्र यादव और उसके पूर्व देवेन्द्र तिवारी की ड्यूटी होना बताया जा रहा है।मामले की जानकरी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। उधर रात भर बिजली सप्लाई ठप होने से लोगों में आक्रोश फैल गया। नाराज उपभोक्ता अनूप जायसवाल ने शिकायत को ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही मंत्री ने वाराणसी विद्युत विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। शनिवार को मुख्य अभियंता राकेश कुमार भी गुड़बड़ी उपकेन्द्र पहुंचे और मातहतों को ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर जल्द विद्युत बहाल करने का निर्देश दिया। जिसके बाद रविवार सुबह ट्रांसफार्मर में तेल डालने और मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया गया। बिजली सप्लाई ना मिलने से स्थानीय जनता में भारी नाराजगी है। बहरहाल पुलिस मामले में छानबीन में जुट गई है।

# बनकटी में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ शुभारंभ





**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

रविवार को बस्ती जिले के बनकटी ब्लाक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ। सांसद जगदंबिका पाल ने शिविर का उद्घाटन किया। सूर्य बक्श पाल इंटर कालेज, बनकटी में स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि और सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सामाजिक बदलाव के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है, राष्ट्र निर्माण में इनका योगदान अहम है। ऐसे अवसर कम ही देखने को मिलते हैं कि जब देश के प्रतिष्ठित मेदांता, एम्स, आर्मी जैसे अस्पतालों के डाक्टर्स ग्रामीण क्षेत्रों में आकर सेवाएं देते हैं और उस से भी अहम बात यह? कि बस्ती वासियों ने इस अवसर का बढ़ चढ़ कर लाभ भी उठाया है।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, हमें इसकी भी उतनी ही रक्षा करना चाहिए जितना हम अपनी सम्पत्ति की करते हैं।

माटी और एनएचपीसी द्वारा बस्ती जिले में पांच स्थानों पर तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आज अंतिम दिन था। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने बनकटी में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया जबकि हरैया में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक अजय सिंह शामिल हुए।

माटी संयोजक आसिफ़ आज़मी ने माटी की जन स्वास्थ्य और, युवा रोजगार एवं उद्यमिता विकास जैसे उद्देश्यों का परिचय कराया। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य शिविर में बस्ती सदर में 410, रुधौली में 508, भानपुर में 400, बनकटी 494 और हरैया में 492 लोगों ने अपना उपचार कराया। बनकटी स्थित शिविर में सूर्य बक्श पाल इंटर कॉलेज बनकटी में मधुमेह विशेषज्ञ जितेन्द्र नागर (चेयरमैन, डाइबीटीज़ स्कूल, अहमदाबाद), चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अहमद मिन्हाज उद्दीन (डायरेक्टर अल शिफ़ा हास्पिटल, दिल्ली), हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित सतसंगी (एम्स दिल्ली), नेत्र रोग के लिए राज आई हास्पिटल की टीम उपस्थित रही। वही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट हरैया में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष सिंह (मेदांता, गुड़गांव) सामान्य रोग विशेषज्ञ ले0 कर्नल आशतुोष चतुर्वेदी (आर्मी कमांड हास्पिटल, लखनऊ) कैंसर विशेषज्ञ डा डीएन सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष कुमार गुप्ता (एम्स, ऋषिकेश), सांस संबंधी बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर विजय शर्मा (मेदांता, गुड़गांव) नेत्र रोग के लिए रेमेडियो टीम व अन्य दिल्ली लखनऊ के बड़े विशेषज्ञ और चिकित्सक शामिल हुए। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट हरैया में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे विधायक अजय सिंह ने कहा कि जब तक ग्रामीण भारत स्वस्थ नहीं होगा तब तक स्वस्थ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती, माटी और एनएचपीसी का यह प्रयास सराहनीय है।

# घर में लगी आग



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**सिरौलीगौसपुर।** रात में अचानक एक घर धूं धूं कर जलने लगा। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की मदद से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के शहरी गांव में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से शिवा पुत्र नौमी के घर में आग लग गई। जिसमें घर में रखी हजारों की नगदी के साथ ही घरेलू सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया।

आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। इसमें घरेलू सामान के साथ नगदी भी शामिल है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# अटेवा-पेंशन बचाओ मंच के सदस्यों ने कांग्रेस सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा-पेंशन बचाओ मंच के सदस्यों ने रविवार को सांसद तनुज पुनिया से मुलाक़ात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। मंच के प्रतिनिधियों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) कर्मचारियों के भविष्य के लिए घातक साबित हो रही है। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने इस अवसर पर बताया कि नई पेंशन योजना के चलते लाखों कर्मचारियों और शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली लाखों सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के हित में आवश्यक है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की। सांसद तनुज पुनिया ने अटेवा के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संसद में पूरी मज़बूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनयापन में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं आनी चाहिए और इसके लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान अटेवा पेंशन बचाओं मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के साथ सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन प्रस्तुत करने वालों में से मुख्य रूप से जिला संयोजक अमित कुमार, महामंत्री अरूण कुमार वर्मा, आशुतोष वर्मा, अशोक सिंह, अभिषेक नाग, दिनेश वर्मा, विपिन वर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में सरकारी कर्मचारी और अटेवा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर ष्पुरानी पेंशन हमारा अधिकार हैष् के नारे लगाए और सरकार से जल्द से जल्द इस पर निर्णय लेने की मांग की। उपस्थित सदस्यों ने ज़ोर देकर कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किए बिना कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल सकता। अटेवा मंच ने स्पष्ट कर दिया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है, तो वे राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मंच ने सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर इस संघर्ष को और अधिक मज़बूती देने की अपील की। अटेवा के इस ज्ञापन सौंपने के बाद सरकार पर दबाव बढ़ने की उम्मीद है और कर्मचारियों को अब संसद में इस मुद्दे के उठने का इंतज़ार है।

# रांची एक्सप्रेस ट्रेन में हुए हंगामे के कारण यात्री परेशान

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रांची एक्सप्रेस ट्रेन में हुए हंगामे के कारण यात्री परेशान हो गए। इस दौरान चार नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी रासीसागर एक्सप्रेस, जो तमिलनाडु से बरौनी कोर्ट जा रही थी, भी आधे घंटे से अधिक रुकी रही। यात्रियों को लंबी देरी के कारण असुविधा का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही ट्रेनों की देरी से यात्री नाराज नजर आए। रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार को अफरा-तफरी मच गई जब लोकमान्य तिलक टर्मिनल-रांची एक्सप्रेस (18610) को आगे का सिग्नल नहीं मिला और ट्रेन घंटों खड़ी रह गई। पहले ही दो दिन से भूखे-प्यासे यात्री परेशान थे, ऐसे में जब ट्रेन बिना किसी सूचना के बाराबंकी में रोक दी गई, तो गुस्सा फूट पड़ा। यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर जमकर हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया। ट्रेन को इटारसी से किया था डायवर्ट किया, बाराबंकी में सिंगनल नहीं मुंबई से रांची जाने वाली यह ट्रेन आमतौर पर इटारसी से बनारस होकर रांची जाती है, लेकिन रविवार को रेलवे ने इसे अचानक लखनऊ और बाराबंकी रूट पर डायवर्ट कर दिया। लखनऊ से यह ट्रेन बाराबंकी पहुंची, लेकिन उत्तर पूर्व रेलवे ने इसे आगे सिग्नल ही नहीं दिया। इससे ट्रेन स्टेशन पर फंसी रह गई और यात्री बेहाल हो गए। भूख-प्यास से तड़प रहे यात्री, ट्रैक पर प्रदर्शन ट्रेन में न तो खाने-पीने की सुविधा थी, न ही कोई अन्य इंतजाम। छोटे बच्चे भूख से बिलखने लगे, महिलाएं परेशान रहीं, आखिरकार यात्री गाड़ी से नीचे उतर आए और रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। यात्री नरेंद्र सिंह ने बताया, ष्दो दिन से ट्रेन में सफर कर रहे हैं, लेकिन रेलवे ने कोई इंतजाम नहीं किया। बाराबंकी में घंटों रोक दिया गया, बच्चे भूख से तड़प रहे थे। रेलवे को यात्रियों की कोई परवाह नहीं है।

बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर हंगामा, रेलवे अधिकारी भी घबराए बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर बढ़ते हंगामे को देखकर रेलवे प्रशासन और सुरक्षा बलों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और यात्रियों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन नाराज यात्रियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

काफी मशक्कत के बाद ट्रेन रवाना हुई। आरपीएफ के इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि यात्री भोजन पानी न होने और लेट लतीफे को लेकर हंगामा कर रहे थे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल महिला की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने नाजुक हालत के चलते घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहली घटना में अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी रवि 20 पुत्र प्रकाश, उसका छोटा भाई राज 12 वर्ष व गांव निवासी गुड्डू 35 पुत्र शंकर रविवार दोपहर बाइक से नवाबगंज की साप्ताहिक बाजार आये थे। सब्जी बाजार से वापस जाने के दौरान राजमार्ग स्थित पक्षी विहार के सामने पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने रवि की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गये। जिसमें टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से बाइक लेकर चला गया। वहीं मौके पर पहुंचे रवि के परिजनों ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ईलाज के बाद हालत में सुधार के चलते घायलों को घर भेज दिया। दूसरी घटना में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव महनौरा निवासी अमित कुमार 45 पुत्र फूलचंद के साथ उसकी 35 वर्षीय पत्नी सविता रविवार को उन्नाव में जिला अस्पताल से अन्नपूर्णा देवी धाम स्थित खाटू श्याम मंदिर तक निकाली गयी शोभायात्रा में शामिल होने गये थे। जहां से शाम को घर वापस लौटने के दौरान बाइक सवार दंपति को राजमार्ग पर अजगैन बाजार मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। साथियों ने घायल दंपति को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सविता को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डाई सांचा कबाड़ी की दुकान से बरामद

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**मसौली।** पांच दिन पूर्व सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगंज स्थित भाग्य लक्ष्मी पाइप इंडस्ट्रीज मे कम्पनी के कर्मचारी द्वारा ही चोरी किये गये डाई सांचे को पुलिस ने चंदवारा स्थित एक कबाड़ी की दुकान से बरामद किया। बताते चले कि ग्राम प्रतापगंज मे अनुपम मौर्य की भाग्य लक्ष्मी पाईप इंडस्ट्रीज नाम की फैक्ट्री चल रही है जिसमे प्लास्टिक के पाईप बनाये हाते है 5 दिन पूर्व फैक्ट्री से कई डाई सांचे गायब हो गये जिसकी जानकारी फैक्ट्री के मैनेजर विनोद कुमार गुप्ता को होने पर अपने कर्मचारियों पर नजर रखने लगे फैक्ट्री मे काम करने वाले चंदवारा निवासी पंकज संदेह के घेरे मे आने पर जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सांचे की. चोरी की बात को स्वीकार करते हुए बताया कि उक्त सांचो को झब्बू लोध से मिलकर चंदवारा के एक कबाड़ी के यहां बेंच दिया है फैक्ट्री मालिक अनुपम मौर्य की सूचना पर सफदरगंज पुलिस ने कबाड़ी की दुकान से सांचे बरामद किया।

# प्रतिबंधित पेड़ों की कटान रुकने का नाम नहीं ले रही

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



**टिकैतनगर।** वन रेंज रामनगर विकास खण्ड दरियाबाद के ग्राम पंचायत इटोरा में प्रतिबंधित हरे आम के 4 पेड़ व महुवा के 2 पेड़ों पर चलाया गया आरा जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान जबकि इन दिनों आम के पेड़ में बौर भी आ चुके हैं फिर भी फलदार पेड़ों की कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है सोचने की बात यह है कि आखिर वन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद कैसे दिखाई पड़ रहे हैं जबकि वन विभाग के उच्च अधिकारीयों के द्वारा पेड़ों की कटान खास कर आम के पेड़ों का परमिशन नहीं दे रहे है क्योंकि आमों में इन दिनों फूल (बौर) आ चुके हैं और कुछ दिनों बाद आम के पेड़ों में लगे फुल फल देने की कगार पर हैं फिर भी क्षेत्रीय वन दरोगा की मिली भगत से वन माफिया हरे पेड़ों की कटान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं देखने की बात यह है कि ऐसे लकड़ कट्टों पर विभागीय कार्यवाही होती है या नहीं जहां एक और योगी सरकार वृक्षों के संरक्षण हेतु पौधारोपण करवा रही हैं जिससे कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके परंतु जिम्मेदार लकड़कट्टो की हाथ की पुतली बनकर रह गए हैं और उच्च अधिकारियों जब ऐसी खबरों पर ध्यान देकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यवाही के लिए आदेशित करते है तो क्षेत्रीय वन अधिकारी अपनी कलम बचाने के लिए एक दो पेड़ों पर कार्यवाही कर पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि धरातल पर बात करें तो मौके पर अधिक संख्याओं में पेड़ के ठूठ उपलब्ध रहने के बावजूद भी कार्यवाही एक दो पर ही हो पाती है। आखिर ऐसे फलदार वृक्षों की कटान को वन कर्मचारी कब रोक पाएंगे।

# गुमशुदा की सकुशल वापसी के लिए क्षेत्रीय लोगों ने किया हवन

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



कोतवाली अजगैन अंतर्गत ग्राम भिखारी खेड़ा निवासी धरमपाल का 29 वर्षीय पुत्र गंगाराम पाल विगत 23 फ़रवरी की रात को अपनी सगी बहन पूजा की ननद निवासी राजेपुर आवास विकास उन्नाव के विवाह समारोह में शामिल होने आया ग्राम भिखारी खेड़ा से आया था जो 24 फ़रवरी की सुबह 6 बजे अपने गाँव भिखारी खेड़ा के लिए पैदल राजेपुर से रवाना हुआजो आज तक अपने गाँव नहीं पहुँचा काफ़ी खोजबीन के बाद कोतवाली दही में गंगाराम के पिता धरमपाल ने एक प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी हैं उक्त जानकारी देते हुए धरमपाल के चचेरे भाई व ग्राम प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ साथ ग्राम भिखारी खेड़ा के ग्रामीणों ने बरम देव बाबा मंदिर करसेमऊ में गायत्री मंत्र की आहुतियाँ डालकर गंगाराम के शीघ्र घर वापसी की सामूहिक प्रार्थना की हैं उन्होंने अपील की हैं कि गंगाराम की सूचना मोबाइल नंबर 8400574615 पर दे सकते हैं यज्ञ का संचालन जहां राधेश्याम तिवारी ने किया वही यज्ञ में ग्राम प्रधान तारावती पाल प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सुनील पाल सूरज आशू कलावती बिंदा आरती मधुराना बिटोला दीपक धरमपाल राहुल रामसागर पाल श्रीराम पाल पिंटू लोधी प्रमोद गुप्ता उमेश सीमा श्याम दुलारी प्रिया रामश्री काजल सगुन और संतोष सहित आधा सैकड़ा लोगो ने सामूहिक यज्ञ कर प्रार्थना की है

# उपहार पाकर खिलखिला उठे नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

ब्लाक रामनगर के कस्बा त्रिलोकपुर में इंग्लिश मीडियम से चल रहे मदरसा हाफ़िज़ूल उलूम में वार्षिक परीक्षा के बाद रिजल्ट का वितरण किया गया। इस मौके पर अपने क्लास फस्ट सेकेंड और थर्ड आने वाले 18 बच्चो और स्कूल टॉप करने वाले प्रथम द्वितीय और तृतीय बच्चो समेत कुल 21 बच्चो के अलावा 23 गारजेंन को धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कपड़ो में टीशर्ट शर्ट पेंट शर्बत सेट टिफिन के साथ खूबसूरत फूलो का गुच्छ देकर नन्हे मुंन्हे बच्चो को प्रोत्साहित किया गया। रमजान माह में इबादत करने के लिए 23 कुरआन भी उपलब्ध करायी गयी। स्कूल टॉप करने वाले क्लाश 5 के मो. सैफ पुत्र मो. अतीक अंसारी सेकेंड स्थान पर आयी नाज़िया बानो पुत्री मो. इरफान राईन थर्ड अल्फिसा बानो पुत्री उस्मान राईन को विशेष रूप से सम्मान प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर बच्चो को प्रधान बाबूलाल ने अपने हाथों से बच्चो का मनोबल बढ़ाकर शुभकामनाये दी।

# खराब वाहन को धक्का दे रहे लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला



**जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद**

बरेली बाईपास पर कल्याणपुर के नजदीक रविवार सुबह खराब ट्रक को धक्का मार रहे मजदूरों को एक अन्य ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। दुर्घटना के चलते बाईपास पर वाहनों की कतारें लग गई।

इस बीच ट्रक चालक मौके भाग निकले। घटना के शिकार मजदूर गुड़गांव से मजदूरी कर लखीमपुर खीरी स्थित अपने घर लौट रहे थे। लखीमपुर खीरी जिले के मजदूरी करने वाले 20 पुरुष और महिलाएं गुड़गांव के सेक्टर 57 से शनिवार की रात घर जाने के लिए निकले थे।

मजदूरों ने एक ट्रक पर सामान लादकर युवक संदीप कुमार को बैठा दिया। दूसरे ट्रक पर अन्य मजदूर सवार हो गए। सुबह चार बजे कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के नजदीक खराब ट्रक में धक्का मारने के लिए मजदूर उतर गए। इस बीच सब्जी से भरे दूसरे ट्रक ने टक्कर माररने के बाद पटल गया।

इस दौरान तीन मजदूरों की कुचलने से मौत हो गई और आठ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकले। कटघर पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर चौरा गांव निवासी शंभू दयाल (45), गांव बेती सहदेव निवासी अशोक (30), मिथौली गांव निवासी लवकुश (29) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना में घायल रमेश, मोहित, चेतराम, रामलखन, शांति देवी पत्नी शंभू, संदीप पुत्र शंभू. विनोद पुत्र जसकरन निवासी चौरा थाना ईसानगर लखीमपुर खीरी व देवी, फूलपुर गुइया थाना तंबौर सीतापुर के रहने वाले हैं। घायलों में चार लोगों को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। कटघर पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनको परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि ट्रक चालकों की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई है।

## पुलिस ने ट्रकों को क्रेन से हटाया

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एक खड़े ट्रक में दूसरे ट्रक के टक्कर मारने की वजह से दुर्घटना हुई है। मौके पर जाम लगने पर पुलिस ने ट्रकों को क्रेन के माध्यम से ट्रक के किनारे कर यातायात को सामान्य कर दिया है। इस मामले में पुलिस ट्रक चालकों की तलाश कर रही है।

## फैक्टरी में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

फैक्टरी में काम करते समय घायल हुए कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो गई। संभल जनपद के असमोली थाना क्षेत्र के होली चौक निवासी विक्की कुमार (21 ) फैक्टरी में काम करता था। बृहस्पतिवार को वह फैक्टरी में काम करते समय मशीन के पट्टे की चपेट में आकर घायल हो गया था। उसे मझोला क्षेत्र में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग दंपती घायल

कांठ रोड पर शेरुआ चौराहे के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांठ थानाक्षेत्र के उमरीकला निवासी शफीकुर्रहमान अपनी पत्नी नफीसा के साथ शेरुआ चौराहे पर स्थित अस्पताल से आंखों की दवा लेने आए थे। दवा लेने के बाद दंपती घर लौट रहे थे। अस्पताल के सामने ही वह सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन निकाली जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



जैदपुर। सहयोगी आरबीपीजी कालेज खुशहालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत शिविरार्थीयो ने योगाच्यास एवं ध्वजारोहण कर किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता कुमारी व रजत बहादुर वर्मा के नेतृत्व में शिविरार्थियो द्वारा चयनित ग्राम रहीमाबाद व सतावां में पर्यावरण सरंक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कोमल, अनामिका, कार्तिके, गुलशन, विवेक, खुशबू, निधि, सौम्या, प्रियांशी, महक, आंशिका, अंजू, सोनाली, सलोनी, विनीता आदि शामिल थी। बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि विनीत कुमार सिंह अपर सांख्यिकी अधिकारी कृषि विभाग कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ ने कहा कि रासेयो हमारे जीवन को सुव्यवस्थित ढंग से जीना सिखाती है। प्रकृति का कर्ज हम प्रकृति को सजा संवार कर उतार सकते है। बौद्धिक सत्र का संचालक कोमल वर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकार डॉ. अनीता वर्मा, डॉ. विनोद कुमार गौतम आदि उपस्थित थे।

## 24 घंटे के अंदर ही अपने बयान से मुकरे, दिया माफीनामा

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। मसौली।** फर्जी लूट की तहरीर देकर मसौली पुलिस की किरकिरी कराने वाले ने 24 घंटे के अंदर ही अपने बयान से मुकरते हुए मसौली पुलिस को माफ़ीनामा दिया है। बताते चले कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी उमेश वर्मा पुत्र रामचंद्र ने थाना मसौली मे तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि हम अपने चचेरे भाई राकेश वर्मा के साथ बाराबंकी से घर लौट रहे थे गाँव से थोड़ी दूर पहले सड़क पर बिछाये गये



कांटो के दौरान अज्ञात तीन नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर एडवांस मे लिये गये 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गये लूट की घटना की तहरीर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह ने टीम के साथ जांच मे जुट गयी। उमेश वर्मा द्वारा बताया गया था कि 50 हजार रुपये एडवांस मे लिये गये है पुलिस ने डा. गिरीश चंद्र से बात की तो उन्होंने किसी भी तरह का एडवांस न दिये जाने की बात बताई। इसी बींच थाने पहुंचे उमेश वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक को माफीनामा देते हुए बताया कि 50 हजार की लूट घटना किसी के बहकावे मे आकर दिया था तथा मेरे साथ किसी भी तरह की घटना नही हुई है।

# सड़क हादसे में वृद्ध महिला घायल

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



सिरौलीगौसपुर। शौंच के लिए जा रही एक वृद्ध महिला को गांव के ही युवक ने मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया है। बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी शांति देवी शनिवार को खेतों पर शौंच के लिए जा रही थी। रास्ते में उसी गांव के संदीप ने मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। घटना में घायल शांति देवी को तुरन्त परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के बेटे मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी मां शौंच के लिए जा रही थीं। इसी दौरान संदीप ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। मुकेश कुमार ने थाना बदोसराय को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सौराष्ट्र में प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे प्रधानमंत्री, गुजरात में कई कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौराष्ट्र में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग- सोमनाथ महादेव के दर्शन-पूजन किए। प्रधानमंत्री इससे पहले गुजरात के कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने महादेव के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक भी किया। खबरों के मुताबिक पीएम मोदी सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में जारी सूचना के मुताबिक वे गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

### पीएम गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी पर भी जाएंगे

सोमनाथ महादेव के दर्शन से पहले प्रधानमंत्री ने रविवार को रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा भी किया। 3 मार्च को प्रधानमंत्री गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरुआत करेंगे। जंगल सफारी से लौटने के बाद पीएम मोदी वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।



### वन्यजीवों के मुद्दे पर बैठक करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं।

### सोमनाथ और पीएम मोदी की आस्था

पीएम मोदी के गृह राज्य में होने के अलावा भी आस्था का बड़ा केंद्र सोमनाथ देश के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहला माना जाता है। इस तीर्थ से प्रधानमंत्री की आस्था का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक 163 से अधिक गणेश प्रतिमाएं सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट को सौंप चुके हैं। ये सभी गणेश प्रतिमाएं ट्रस्ट के अधीन चलने वाले श्री राम मंदिर में रखी हुई हैं। ये गणेश प्रतिमाएं उन्हें देश-विदेश की यात्रा के दौरान लोगों के द्वारा उन्हें दी जाती हैं। समय-समय पर प्रधानमंत्री इन मूर्तियों को सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट को सौंप देते हैं।

### महादेव के भक्तों के बीच सौराष्ट्र के ज्योतिर्लिंग के प्रति आस्था

सोमनाथ सनातन आस्था का बड़ा केंद्र इसलिए भी है क्योंकि महादेव के अलावा यहां से श्रीकृष्ण की लीलाएं भी जुड़ी हैं। यही कारण है कि सोमनाथ को एक आध्यात्मिक तीर्थ की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। सोमनाथ पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों के लिए उन मंदिरों का दर्शन भी सुलभ हो जाता है जहां भगवान कृष्ण ने अपनी इहलीला का अंत किया था और उनके बैकुंठ लोक जाने के बाद उनके बड़े भाई बलराम ने एक गुफा के रास्ते से पाताल लोक गमन किया था। ये सभी पुण्य स्थल सोमनाथ के आसपास ही हैं और कोई भी तीर्थयात्री आसानी से इनके दर्शन कर सकता है।

# भाजपा सांसद अतुल गर्ग की गोवा उड़ान के निकाले जा रहे कई अर्थ

- हिंडन से शुरू हुई गोवा बैंगलौर की सीधी उड़ान, जनता खुश

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के वर्तमान सांसद अतुल गर्ग की के केंद्रीय संगठन में लगातार भूमिका दमदार होती जा रही है। दिल्ली चुनावी में जिस प्रकार से संगठन ने उन्हें जिम्मेदारी दिया और भाजपा ने 27 साल बाद पुनः एक बार सत्ता में वापसी किया उससे उनके कद को भी बढ़ा दिया है। इसके साथ ही गाजियाबाद के क्षेत्रीय जनता को गोवा और बंगलौर की विमान सेवा चालू करवाकर बड़ी सौगात दिया है। केवल गाजियाबाद ही नहीं आसपास जनपदों की जनता भी इससे लाभान्वित होगी। ज्ञात हो कि भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अपने सघन प्रयास से हिंडन एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ान शुरू कराने में।बड़ी भूमिका निभाई । जिसके कारण गोवा बैंगलुरु की उड़ान आरम्भ हुई और अयोध्या और वाराणसी की सेवा का लाभ जल्द मिलने की संभावना बनी है। गाजियाबाद की राजनीति में बड़े बड़े धुरंधरों को पटखनी देकर पूर्व केंदीय मंत्री और 2 बार के सांसद होने के बाद भी जिस प्रकार से जनरल वी के सिंह का टिकट कटा और अतुल गर्ग पर संगठन ने भरोसा जताया उससे उनकी सांगठनिक पकड़ समझी जा सकती है। फिर दूसरी बार अपनी विधायकी सीट से अपने हृदय प्रिय महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के टिकट दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राजनीतिक सफ़र को आसान किया वह हर कोई संगठन का छोटा बड़ा सब जानता है।




### गोवा यात्रा संगठन के अंदर चर्चा का विषय

सांसद अतुल गर्ग के गोवा उड़ान यात्रा के कई निहतार्थ निकाले जा रहे है । महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों की घोषणा के पूर्व सांसद अतुल गर्ग की उड़ान उनके राजनीतिक विरोधियों की नींद गायब कर रखी है। जिस प्रकार से विधायकों और जिले के वरिष्ठ नेताओं की टीम को गोवा भ्रमण पर अतुल गर्ग लेकर गए हैं , उसे भी जिले की राजनीति में उनके प्रभावी होने की संभावना पुष्ट कर दिया है। विधायक संजीव शर्मा, नन्द किशोर गुर्जर, अजीत पाल त्यागी समेत दिग्गज नेताओं और व्यापारियों को लेकर अतुल गर्ग जब से उड़े हैं , कुछ महानगर अध्यक्ष पर प्रत्याशी की आशाओंपर भी पानी फिरता दिख रहा है। आने वाला समय कही गोवा से हिंडन की धरती पर महानगर अध्यक्ष बनवाकर ही ना लैंड करवा दे उसकी भी संभावनाएं अंदर खाने शुरू हो गई हैं।

# पुलिस बोली, पॉस्को कानून के तहत केस दर्ज
## सीएम फडणवीस बोले, एक दल के नेताओं का कृत्य



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र से महिलाओं के खिलाफ अपराध का एक हाईप्रोफाइल मामला सामने आया है। केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने जलगांव में उनकी बेटी को परेशान किए जाने का आरोप लगाया है। जलगांव पुलिस ने इस संबंध में पॉक्सो कानून के तहत छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज की है। इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी सख्ती दिखाई है। उन्होंने कहा है कि इस शर्मनाक करतूत में एक पार्टी के पदाधिकारी संलिप्त हैं। फडणवीस ने आश्वस्त किया है कि पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री बोले, उत्पीड़न अस्वीकार्य, दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

सीएम फडणवीस ने रायगड में एक सवाल के जवाब में कहा, एक पार्टी के कुछ पदाधिकारी हैं, जिन्होंने ऐसा काम किया है। यह घटिया हरकत है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इस तहत का उत्पीड़न अस्वीकार्य है। मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा, महिला उत्पीड़न के इन दोषियों को माफ नहीं किया जा सकता। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जब उन्होंने यह टिप्पणी की तो सीएम फडणवीस के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटी के नेता और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे।

### शोहदों ने तीन-चार लड़कियों का पीछा कर छेड़खानी की

जलगांव के मुक्ताईनगर में पुलिस अधिकारी- एसडीपीओ कृष्णगत पिंगले ने कहा, 28 फरवरी को मुक्ताईनगर तालुका के कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी शहर में रहने वाले अनिकेत घुई और उसके छह दोस्त भी इस यात्रा में शामिल थे। यात्रा के दौरान अनिकेत और उसके दोस्तों ने तीन-चार लड़कियों का पीछा कर उनके साथ छेड़खानी की।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया

पिंगले ने पुलिस की कार्रवाई के बारे में बताया कि पीड़िता नाबालिग है। इसलिए पुलिस ने छेड़छाड़ करने के आरोप में पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो के अलावा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया है।

### क्या है पूरा मामला, खुद केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने बताया

केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने बताया है कि घटना 26 फरवरी के दिन महाशिवरात्रि के मौके पर संत मुक्ताई यात्रा के दौरान घटी। रविवार को केंद्रीय युवा मामलों की राज्य मंत्री खड़से ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। मुक्ताईनगर में पत्रकारों से बात करते हुए खड़से ने कहा, हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर उनके इलाके में संत मुक्ताई यात्रा निकलती है। दो दिन पहले उनकी बेटी यात्रा में शामिल होने गई। वहां कुछ युवकों ने उसे परेशान किया, जिनके खिलाफ जलगांव पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं बढ़ी

यह मामला इसलिए भी हाईप्रोफाइल है क्योंकि पीड़िता केंद्रीय मंत्री के अलावा महाराष्ट्र में पूर्व मंत्री रहे एकनाथ खड़से की नातिन भी है। इस पूरे घटनाक्रम पर एकनाथ खड़से ने कहा, पुलिस को पहले भी मनचले युवकों के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। लड़के शातिर और आपराधिक मानसिकता के हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस से बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लड़कियां शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा पातीं। माता-पिता बदनामी के डर से बेटियों के नाम का खुलासा नहीं करते। तमाम पहलुओं के बावजूद उनके पास पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था।

### पूर्व मंत्री का आरोप, अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण हासिल है

एकनाथ खड़से ने कहा, उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से खुद बात की है। उन्होंने कहा कि जलगांव पुलिस के पास शिकायत के लिए जब वे थाने गए तो उन्हें दो घंटे तक बिठा कर रखा गया। पुलिस ने लड़कियों से जुड़े मामले का हवाला देकर शिकायत दर्ज कराने के इरादे पर दोबारा विचार करने की नसीहत दी। बकौल खड़से, युवकों ने पुलिस के साथ मारपीट भी की है। ऐसे में कल्पना करना आसान है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण आपराधिक मानसिकता के ये लोग किस हद तक जा सकते हैं। बता दें कि एकनाथ खड़से ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छोड़कर करीब 10 महीने पहले भाजपा का दामन थाम लिया था।

# एसएलबीसी सुरंग में फंसे लोगों का नौ दिन बाद भी पता नहीं, सीएम रेड्डी बोले, तेज होगा बचाव अभियान




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि एसएलबीसी परियोजना की सुरंग में फंसे आठ श्रमिकों के स्थान का अभी ठीक से पता नहीं है। सरकार बचाव अभियान को तेज करने का प्रयास कर रही है। रेड्डी ने नगरकुर्नूल जिले में हादसा स्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात की और कहा कि मिट्टी और गाद को निकालने वाली बेल्ट की मरम्मद के बाद बचाव अभियान में तेजी आएगी।

### सुरंग के अंदर रोबोट का उपयोग करने की सलाह

रेड्डी ने कहा कि बचाव कर्मी अभी तक यह पूरी तरह से नहीं समझ पा रहे हैं कि लोग और मशीन कहां फसे हैं। उन्होंने शुरुआती अनुमान है लेकिन पूरी जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों को सलाह दी है कि अगर जरूरी हो तो सुरंग के अंदर रोबोट का उपयोग करें ताकि बचाव कर्मियों को किसी भी खतरे से बचाया जा सके।

### खुदाई में किसी आदमी की मौजूदगी का पता नहीं चला

उन्होंने कहा कि सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ संकल्पित है और हादसे के कारण पीड़ित परिवारों के समर्थन के लिए भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय भूभौतिक अनुसंसाधन संस्थान (एनजीआरआई) द्वारा पहचाने गए संभावित स्थानों पर खुदाई की गई, लेकिन किसी भी आदमी की मौजूदगी का पता नहीं चला। सुरंग के अंदर कीचड़ और पानी बचाव अभियान में बाधा डाल रहे हैं। मरम्मत के बाद कन्वेयर बेल्ट गाद हाटने में उपयोग होगी।

**शेयर बाजार धोखाधड़ीः विशेष एसीबी अदालत के फैसले पर सेबी ने दी प्रतिक्रिया, कहा**

# उचित कानूनी कदम उठाएंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह विशेष एसीबी अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए कानूनी कदम उठाएगा। सेबी ने यह भी कहा कि वह सभी मामलों में उचित विनियामक अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। अदालत ने वर्ली और मुंबई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को निर्देश दिया है कि वे एक कंपनी के स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध होने के आरोपों की जांच करें और भारतीय दंड सहिंता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के तहत प्राथिमिकी दर्ज करें। विशेष न्यायाधीश एस.ई. बांगर ने यह निर्देश ठाणे के पत्रकार सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया। इस मामले में सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच और सेबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आरोपी हैं।

### याचिकाकर्ता आदतन मुकदमे करने वाला- सेबी

अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए सेबी ने एक बयान में कहा, सेबी की पूर्व प्रमुख, तीन मौजूदा पूर्णकालिक सदस्यों और बीएसई के दो अधिकारियों के खिलाफ मुंबई की एसीबी अदालत के खिलाफ एक आवेदन दायर किया गया था। हालांकि, ये अधिकारी प्रासंगिक समय पर अपने पदों पर नहीं थे, फिर भी अदालत ने बिना कोई नोटिस जारी किए या सेबी के तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने के लिए कोई अवसर दिए दिए बिना आवेदन को मंजूरी दी। सेबी ने कहा कि आवेदक को एक आदतन मुकदमा करने वाले के रूप में जाना जाता है, जिसके पिछले आवेदनों को अदालत ने खारिज कर दिया था और कुछ मामलों में जुर्माना भी लगाया था।

### याचिकाकर्ता ने क्या आरोप लगाया था

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि सेबी के अधिकारियों ने एक ऐसी कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर शेयर बाजार में हेराफेरी और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी को सक्षम किया, जो तय मानदंडों को पूरा नहीं करती थी। याचिकाकर्ता का दावा है कि सेबी की विफलता के कारण वित्तीय धोखाधड़ी, अंदरूनी व्यापार और सार्वजनिक धन की हेराफेरी हुई। इसके अलावा, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर आरोप लगाया गया है। शिकायत में कई हाई-प्रोफाइल लोगों के नाम शामिल हैं, जिनमें सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच, पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं। इसके अलावा, बीएसई के प्रमुख प्रमोद अग्रवाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररमण राममूर्ति को भी आरोपियों में शामिल किया गया है।

### कौन हैं माधबी पुरी बुच

2 मार्च 2022 को माधबी पुरी बुच ने सेबी की चेयरपर्सन पद की जिम्मेदारी संभाली थी और इस साल 28 फरवरी को इस पद से सेवानिवृत्त हुईं। इससे पहले वह सेबी की पूर्णकालिक सदस्य रहीं थी और बाजार नियमन, निवेश प्रबंधन और आईटी संबंधी विभागों का कामकाज देखतीं थी।

# बांग्लादेश के हश्र से भारत के नोबेल विजेता अर्थशास्त्री व्यथित, कहा, यूनुस को लंबा सफर तय करना है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पश्चिम बंगाल**

भारत के नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने पड़ोसी देश बांग्लादेश की दुर्दशा पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति उन्हें काफी विचलित और परेशान करती है। सेन पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में रहते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति ठीक करने और राजनीतिक-सामाजिक गतिरोध दूर करने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अभी लंबा रास्ता तय करना है। जुलाई-अगस्त, 2024 के बाद बांग्लादेश में उपजे हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए नोबेल पुरस्कार



विजेता अमर्त्य सेन ने कहा, उन्हें इस बात की चिंता है कि देश चुनौतियों से कैसे निपटेगा। बकौल सेन, उनके मित्र और पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं, लेकिन गतिरोध दूर करने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना है। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में शांतिनिकेतन स्थित अपने घर पर विशेष साक्षात्कार के दौरान सेन ने कहा, बांग्लादेश की स्थिति ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश ने जमात जैसी सांप्रदायिक ताकतों को काफी हद तक काबू में रखा है। देश को धर्मनिरपेक्षता के प्रति सराहनीय प्रतिबद्धता बरकरार रखनी चाहिए।

### बांग्लादेश अपनी मौजूदा चुनौतियों से कैसे निपटेगा?

उन्होंने कहा, बांग्लादेश की स्थिति से विचलित होने का कारण है, क्योंकि मेरी पहचान बंगाली होने की मजबूत भावना से जुड़ी है। सेन ने कहा, मैंने ढाका में बहुत समय बिताया है और वहीं से अपनी स्कूली शिक्षा शुरू की है। ढाका के अलावा, मैं अक्सर मानिकगंज में अपने पैतृक घर जाता था। मां की जड़ों से जुड़े बिक्रमपुर, विशेष रूप से सोनारंग नियमित रूप से जाता था। इन स्थानों का मेरे लिए गहरा व्यक्तिगत महत्व है। कई अन्य लोगों की तरह, मैं इस बात को लेकर चिंतित हूं कि बांग्लादेश अपनी मौजूदा चुनौतियों से कैसे निपटेगा। गौरतलब है कि सेन के बचपन का अधिकांश हिस्सा ढाका में बीता है। उन्होंने अपनी औपचारिक शिक्षा सेंट ग्रेगरी स्कूल से शुरू की।

### सरकार विरोधी रुख अपनाने के बावजूद समाचार पत्र अपेक्षाकृत स्वतंत्र

बांग्लादेश ने बड़े आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए सेन ने कहा, महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने में, सरकारी और ब्रैक जैसे गैर-सरकारी संगठनों और ग्रामीण बैंक ने उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। बदलाव का एक अहम पहलू यह भी है कि बांग्लादेश में समाचार पत्र अपेक्षाकृत स्वतंत्र बने हुए हैं, जिनमें से कई सरकार विरोधी रुख अपनाने के बावजूद फल-फूल रहे हैं।

# विधानसभा सत्र की पूर्व संध्या पर चाय पार्टी का बहिष्कार करेगा विपक्ष, अंबादास दानवे के घर पर बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने रविवार को कहा कि वह विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर होने वाली पारंपरिक चाय पार्टी का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने दावा किया कि सरकार कई जरूरी मुद्दों को हल करने में विफल रही है। उन्होने %दागी% मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल करने, महिलाओं पर बढ़ते हमलों और विपक्षी नेताओं के क्षेत्रों में धन जारी न करने के बारे में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की टिप्पणियों पर चिंता जताई। राज्य में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) राज्य में प्रमुख विपक्षी दलों का गठबंधन है, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा, शिवसेना और राकांपा का महायुति गठबंधन है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में कटौती करने के सरकार के कदम की आलोचना की और कहा कि यह योजना सोयाबीन और कपास उत्पादकों का समर्थन करने में विफल रही है। दानवे ने अपने आवास पर एमवीए के नेताओं की बैठक बुलाई, ताकि विधानसभा सत्र से पहले रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि वह बीड़ के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या, कृषि विभाग के कथित घोटाले, किसान कर्जमाफी और भाजपा नेता प्रशांत कोरटकर से जुड़े कथित अनियमितताओं जैसे मुद्दों पर फोकस करेंगे।


### सरकार ने स्वीकार नहीं किए हमारे सुझाव

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) विधायक अंबादास दानवे ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार को कई सुझाव दिए हैं। लेकिन उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया गया और न ही किसी पर चर्चा की गई। दानवे ने कहा, चाहे वह धारावी झुग्गी पुनर्विकास के लिए अदाणी समूह को दी गई कथित अतिरिक्त जमीन हो या फ्रांसीसी कंपनी सिस्टोरा इंडिया की ओर से मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) पर गंभीर उत्पीड़न का आरोप हो, सरकार लोगों की समस्याओं पर कम चिंतित दिखती है।

# ट्रक ड्राइवर की लापरवाही पड़ी भारी, टक्कर में युवक की गई जान

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

खराब ट्रैफिक व्यवस्था और बिल्डिंग मैटेरियल स्टॉक में लगे भारी वाहनों के चालक की लापरवाही से एक युवक जान चली गई । ट्रैफिक पुलिस प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। एकल सड़क पर भारी वाहनों का लगातार आना जाना और उसी सड़क पर ऑटो संचालकों द्वारा अवैध रूप से स्टैंड बनाना परेशानी का सबब बन रहा है। जबकि यहां ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों की तैनाती रहती है। कनावनी पुश्ता जिसके अधिकांश हिस्से में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के कारण अवैध रूप से रोड़ी , डस्ट और बिल्डिंग मैटेरियल के सामनों का स्टॉक बना दिया गया है , जिनमें संचालित होने वाले भारी वाहन नागरिकों के जान पर भारी पड़ रहे हैं। इसके साथ ही टेंपों और ई रिक्शा स्टैंड एकल रोड पर खड़ा करके आवागमन को भी प्रभावित कर रहे हैं। जबकि ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों तैनाती इस स्थल पर होती है। अवैध ई रिक्शा और ऑटो के संचालन को कैसे संरक्षण मिला है यह भी सोचनीय है। रविवार सुबह 9 बजे के आस पास एक बाइक सवार युवक गरिमा गार्डन पसौंडा निवासी अविनाश पुत्र विद्यानंद कनावनी पुश्ता से राष्ट्रीय राज्य मार्ग 9 की तरफ जा रहा था । तभी राष्ट्रीय राज्यमार्ग 9 से कनवानी पुश्ता की तरफ मुड़ी और बाइक सवार को अपने चपेट ले लिया । प्रथम दृष्ट्या ट्रक ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों ने घायलावस्था में बाइक सवार को छिजारसी स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



### ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही और टेंपो संचालकों की मनमानी आम आदमी की जान पर पड़ रही भारी

ज्ञात हो कि पुश्ता किनारे अवैध रूप से आधा दर्जन से ज्यादा बिल्डिंग मैटीरियल की दुकानें और स्रस्टॉक संचालित हो रहा है। राष्ट्रीय राज्यमार्ग के समीप होने और पुलिस और जीडीए के अधिकारियों की उदासीनता के कारण यहां बड़ी बड़ी गाड़ियों का आवागमन बराबर बना रहता है। इंदिरापुरम और वसुंधरा सहित गाजियाबाद का शॉर्ट कट रास्ता होने के कारण यह रोड अत्यधिक व्यस्त रहती है। जहां पर अवैध टेम्पो और ई रिक्शा स्टैंड भी एकल सड़क पर संचालित होता है। जिससे आवागमन की समस्या बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बाद भी स्टैंड कैसे संचालित हो रहा और स्टॉक किसके संरक्षण चल रहा यह प्रशासनिक अधिकारी ही बता सकते हैं। लेकिन ट्रैफिक पुलिस प्रशासन की उदासीनता से आज एक घर का चिराग बुझ गया ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)